धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शनिवार

28.12.2024

* नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

पौष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 167



06 आर्थिक विकास के अद्वितीय शिल्पकार थे डॉ मनमोहन सिंह

## न्यूज डायरी

### छह अधिकारी बनेंगे आइएएस, इंटरव्यू जारी

**रांची।** झारखंड के नॉन एससीएस (गैर राज्य सिविल सेवा ) के 2020-21 व 2021-22 के बैकलॉग सहित कुल छह पदों पर प्रोन्नति देने के लिए यूपीएससी में शुक्रवार को साक्षात्कार हुआ। कुल 21 अधिकारियों से इंटरव्यू लिया गया है, इनमें से छह का सलेक्शन आइएएस के पद के लिए किया जायेगा। जिन अफसरों का इंटरव्यू हुआ उनमें राजेश प्रसाद, विजय कुमार सिन्हा, धनंजय कुमार सिंह, अलका जायसवाल, शिवेंद्र कुमार, सच्चिदानंद देवेंदु तिग्गा, आनंद कंचन सिंह, प्रीति रानी, सीता पुष्पा, सत्या ठाकुर, स्नेह कश्यप, शिप्रा सिन्हा, विकास कुमार, सुमंत कुमार तिवारी, विश्वजीत कुमार सिन्हा, कैप्टन एसपी सिन्हा, दीपक सहाय, समीर कुमार लकड़ा व विनय कुमार सिन्हा शामिल हैं।

### दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** नवी मुंबई के कामोठे इलाके में स्थित खंडा कालोनी में छापा मारकर पुलिस ने दो बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों से गहन पूछताछ चल रही है। पुलिस ने बताया कि खंडा कालोनी के सेक्टर 17 में बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध रूप से रहने की जानकारी मिली थी। उनके नाम इमरान कद्दूस उल्लाह (45) और मिनी इमरान मुल्ला (35) हैं।

### नाले में गिरी बस आठ लोगों की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के बटिंडा में एक निजी बस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गयी। 35 से अधिक यात्री घायल हो गये हैं। यात्री बस तलवंडी साबो से बठिंडा जा रही थी। तेज बारिश में सरदूलगढ़ से बस बठिंडा जा रही थी। अचानक बस एक नाले में गिर गयी।

### रफ्तार का कहर, पांच लोगों की गयी जान

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मार्ग में खंडी नदी के पास तेज रफ्तार एक स्कॉर्पियो ने दो मोटरसाइकिल सवार पांच लोगों को रौंद दिया। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतकों में तीन युवक और दो युवती शामिल हैं।

### नीति आयोग ने कर्रा प्रखंड को किया पुरस्कृत

खूंटी। नीति आयोग के जरिये आयोजित केंद्र स्तरीय समीक्षा बैठक में खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड ने शानदार प्रदर्शन करने साथ ही ईस्टर्न जोन में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान हासिल करने पर कर्रा प्रखंड को 1.5 करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गयी। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि एवं सामाजिक विकास जैसे छह प्रमुख प्रक्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 91000 रु./प्रति किलो |




## केंद्रीय कैबिनेट ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि, देश-विदेश में शोक की लहर

# आज पूर्व पीएम को देश देगा अंतिम विदाई

- सभी सरकारी कार्यालय आधे दिन तक बंद
- पार्टी मुख्यालय से 9.30 शुरू होगी अंतिम यात्रा
- सात दिनों राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को यहां किया जायेगा। इससे पहले उनका पार्थिव शरीर सुबह अंतिम दर्शन के लिए कांग्रेस मुख्यालय में रखा जायेगा। डॉ.सिंह का पार्थिव शरीर सुबह साढ़े नौ बजे अंतिम यात्रा पर रवाना होगा। सूत्रों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार राजघाट के निकट किया जायेगा। डॉ.सिंह के अंतिम संस्कार के दिन सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों और केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में आधे दिन की छुट्टी घोषित की गयी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति में दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी कैबिनेट बैठक में शोक प्रस्ताव पास किया गया। उसके बाद पूरी कैबिनेट ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, सोनिया-राहुल गांधी, एम खड़गे, राजनाथ सिंह, अमित शाह समेत तमाम नेताओं ने मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



**आज पार्टी दफ्तर में 9.30 तक श्रद्धांजलि :** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को एक पोस्ट में कहा, पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह जी का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास 3, मोतीलाल नेहरू रोड, न्नयी दिल्ली में रखा गया है। शनिवार को सुबह आठ बजे, उनके पार्थिव शरीर को एआईसीसी मुख्यालय ले जाया जायेगा। पार्टी दफ्तर में आम जनता और कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह 8.30 से 9.30 बजे के बीच उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। डॉ. सिंह की अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 9.30 बजे एआईसीसी मुख्यालय से श्मशान घाट तक शुरू होगी।

**कांग्रेस कार्य समिति में शोक प्रस्ताव :** कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुक्रवार को कहा कि आर्थिक विकास के उन्होंने जो प्रतिमान स्थापित किये हैं पार्टी उन्हें आगे बढ़ाने के लिए काम करेगी। कार्य समिति ने पूर्व प्रधानमंत्री के आर्थिक विकास के कार्यों को आगे बढ़ने का संकल्प लेते हुए कहा कि डॉ सिंह का नेतृत्व और आर्थिक क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और आर्थिक प्रगति तथा समृद्धि के लिए उनका योगदान हमेशा प्रेरक बना रहेगा। डॉ सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव कैसी वेणुगोपाल सहित पार्टी के कई प्रमुख नेता मौजूद थे। पार्टी ने शोक प्रस्ताव पारित करते हुए कहा डॉ सिंह के जीवन और कार्यों ने भारत के भविष्य को दिशा दिखायी। वह भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक विशाल व्यक्तित्व थे। उनके द्वारा किए गए विनियमन, निजीकरण और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने वाले नीतिगत कदमों ने भारत के तेजी से विकास की नींव रखी। उनके नेतृत्व में, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया, जो उनकी प्रतिभा और दृष्टिकोण का प्रमाण है।

### कांग्रेस ने स्मारक के लिए मांगी जगह

कांग्रेस ने दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के दाह संस्कार और स्मारक बनाने के लिए केंद्र सरकार से जगह की मांग की है। इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार सुबह पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से टेलीफोन पर बात की और इस आशय का पत्र भी लिखा है। पत्र में कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि देश के सपूत डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार और स्मारक स्थापित करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने यह पत्र मीडिया के साथ भी साझा किया। मनमोहन सिंह के अंतिम विश्राम स्थल पर करने का अनुरोध किया, जो भारत के महान सपूत की स्मृति के लिए एक पवित्र स्थल होगा। यह राजनेताओं और पूर्व प्रधानमंत्रियों के स्मारक उनके अंतिम संस्कार स्थल पर ही होने की परंपरा के अनुरूप है।

### 1.45 बजे निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि

दिवंगत पीएम मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उनके सम्मान में सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया है। इस अवधि देश भर में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा।

## झारखंड में एक जनवरी तक कोई राजकीय समारोह नहीं

# आज का मंईयां सम्मान कार्यक्रम भी टला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड सरकार ने भी सात दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। ऐसे में 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। साथ ही, राज्य के सभी भवनों, जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वो आधे झुके रहेंगे। इस संबंध में हेमंत सरकार के संयुक्त सचिव ने पत्र जारी किया है। राजकीय शोक घोषित होने के कारण नामकुम के कुटियाती चौक स्थित आर्मी मैदान में 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान कार्यक्रम का आयोजन टल गया है। कार्यक्रम की अगली तिथि जल्द जारी की जायेगी। इस बात की जानकारी रांची डीसी ने दी है। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर घोषित सात दिनों के राजकीय मंईयां सम्मान कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। राजकीय शोक के बाद कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। अब नए साल में इसका आयोजन किया जायेगा। 28 दिसंबर को मंईयां सम्मान योजना के तहत 2,500 रुपये की किस्त जारी होनी थी, जिसकी सभी तैयारी कर ली गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

### डा सिंह के आदर्श हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे : हेमंत



पूर्व पीएम डा मनमोहन सिंह के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन ने लिखा कि विकासशील राजनीति और गवर्नेंस के पुरोधा मनमोहन सिंह जी ने निस्वार्थ भाव के साथ देश और देशवासियों की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया था। आज मनमोहन सिंह जी हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनके आदर्श और विचार हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार समेत देशवासियों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे।

## राज्य में बारिश और कोहरे के साथ बढ़ेगी ठंड



**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के कई इलाकों में 28 और 29 दिसंबर को बारिश की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश होगी। साथ ही 29 को बारिश के बाद से कोहरा छाया रहेगा। बादल के हटते ही राज्य में कनकनी बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 28 को गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, गिरिडीह, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, गुमला, रांची, सिमडेगा और खूंटी जिलों में हल्के दर्जे की बारिश संभव है। वहीं 29 को रांची, गुमला, खूंटी, पूर्वी-पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है। राजधानी रांची सहित राज्य में शुक्रवार को सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाए रहे। एक और दो जनवरी को राज्य में कोहरा छाया रहेगा।

## स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का मंत्री ने दिया निर्देश

# रिम्स के दस साल पुराने सभी उपकरण बदलेंगे

### रिम्स की बदहाली पर भड़के इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने रिम्स की बदहाली पर प्रबंधन को फटकार लगायी। साथ ही अविलंब व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया। शुक्रवार को स्वास्थ्य्य मंत्री रिम्स के औचक निरीक्षण पर पहुंचे थे। मंत्री ने अस्पताल में कई कमरे बंद और मशीनें बेकार पड़ी देखी। उन्होंने इन कमरों को खोलने और मशीनों का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के सभी विभागों का जायजा लिया और अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने घोषणा की कि रिम्स के 10 साल से पुराने सभी चिकित्सा उपकरण बदले जायेंगे।

इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिये जो रोडमैप तैयार किया गया है, उसका सख्ती से पालन किया जायेगा। मुख्यमंत्री का सपना है कि झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई पर ले जाया जायें। मैं इसे पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। कल ही मुख्यमंत्री जी से लंबी वार्ता हुई थी। इसमें उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्हीं निदेर्शों के तहत आज रिम्स का निरीक्षण किया गया।

**पुराने सभी उपकरण बदले जायेंगे**

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री कई अहम घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि 10 साल से पुराने सभी चिकित्सा उपकरण बदले जायेंगे। जल्द ही सेंट्रल लैब की शुरूआत की जायेगी। आईसीयू और इमरजेंसी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 100 नये बेड्स चालू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। संबंधित विभाग ने इसे दो महीने के भीतर पूरा करने का आश्वासन दिया। मरीजों की स्थिति नियंत्रण में होने पर उन्हें संबंधित जिलों में स्थानांतरित किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि रिम्स 2 परियोजना, जिसकी लागत 1078 करोड़ रुपये है। इसको स्वीकृति मिल गयी है। यह झारखंड के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार झारखंड की जनता को रिम्स 2 दे रही है। इससे मरीजों को अत्याधुनिक और बेहतर इलाज मिलेगा। साथ ही रिम्स पर भार कम होगा। उन्होंने कहा कि रिम्स परिसर में निमार्णाधीन क्षेत्रीय नेत्र संस्थान फरवरी 2025 तक शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के ओपीडी और जांच की सुविधा एक ही भवन में उपलब्ध होगी।

अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाये जायेंगे। जरूरत के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी की जायेगी। मौके पर विधायक सुरेश बैठा, स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, रिम्स डायरेक्टर, रिम्स सुपरीटेंडेंट सहित विभाग के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ. सिंह का जीवन युवाओं को प्रेरणा देता रहेगा : मोदी

## विभाजन में सबकुछ खोने के बाद डा सिंह ने हर क्षेत्र में परचम लहराया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का जीवन आने वाली पीढ़ियों को विपरीत परिस्थितियों से ऊपर उठकर महान ऊंचाइयों को हासिल करने की प्रेरणा देता है। डॉ. सिंह का गुरुवार रात यहां एम्स में निधन हो गया था। पीएमओ ने यहां बताया कि श्री मोदी ने एक वीडियो संदेश में डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह का निधन देश के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा, जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल करना कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है। विभाजन के दौरान भारत आने के बाद बहुत कुछ खोने के बावजूद डॉ. सिंह बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्ति थे। डॉ सिंह का जीवन आने वाली पीढ़ियों को सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों से कैसे ऊपर उठकर महान ऊंचाइयों को हासिल किया जाये।



**वित्तीय संकट से देश को उबारा :** श्री मोदी ने कहा कि नरसिंह राव सरकार के दौरान एक वित्त मंत्री के रूप में डॉ सिंह ने देश को वित्तीय संकट से निकालकर नये आर्थिक रास्ते पर चलाया। (शेष पेज 11 पर)

### ...जब शरीफ को मोदी ने दिखायी औकात

**अहमदाबाद।** पिछले दो दशकों में नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की तारीफ कभी नहीं की, मगर कई मौके ऐसे आये जब उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की खुलकर प्रशंसा की। करीब 11 साल पहले भी नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता मनमोहन सिंह को कथित तौर पर 'देहाती औरत' कहने पर पाकिस्तान के तत्कालीन प्रदानमंत्री नवाज शरीफ को जमकर खरी-खोटी सुनायी थी। मोदी की धमकी से पाकिस्तान सकते में आ गया था। उन्होंने पीएम मनमोहन सिंह के लिए की गयी टिप्पणी को भारत का अपमान बताते हुए नवाज शरीफ को जवाब दिया था कि आपकी औकात क्या है? इसके बाद नवाज शरीफ ने विवाद पर नजर के लिए राजयनिकों की स्पेशल टीम बनायी थी।

## अबुआ आवास योजना की चौथी किस्त 800 करोड़ जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 24- 25 में 4.50 लाख का आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है इनमें करीब 2 लाख के काम में हजार आवास की स्वीकृति दी जा चुकी है। अब एक बार फिर इस योजना के लाभुकों के लिए खुसखबरी है।

राज्य सरकार ने सभी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अबुआ आवास योजना के तहत चौथी किस्त के रूप में 800 करोड जारी कर दिये गये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद ग्रामीण विकास विभाग में आवास योजना की क्रियान्वयन के लिए 800 करोड़ रुपए का आवंटन करने की स्वीकृति दी है। आवंटित 800 करोड़ के अंतर्गत कुल पुनरीक्षित उपबंध राशि 41 अरब 31 करोड़ 83 लाख 29 हजार मात्र के वित्तीय वर्ष 24 25 में विकलनीय होगा। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के श्रीनिवासन के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया है।

**अब तक 2800 करोड़ दिये गये :** अबुआ आवास योजना शुरू होने से अब तक 2000 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गयी थी। पहली किस्त में 1000 करोड रुपये, दूसरी किस्त में 300 करोड़ और तीसरी किस्त में 700 करोड रुपये दिया गया था। अब चौथी किस्त में 800 करोड रुपए जारी कर दिये गये हैं। अब तक 2800 करोड़ रुपए अबुआ आवास योजना से जारी किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

## सीएम हेमंत के निर्देश पर रांची के जोनल पुनर्विकास की पहल शुरू

# राजधानी रांची की प्रमुख सड़कों का गुणात्मक सुधार करें : प्रधान सचिव

### रवींद्र भवन का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का एजेंसी को आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राजधानी रांची के परिक्षेत्रीय पुनर्विकास की पहल शुरू हो गयी है। इस क्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने शुक्रवार को रांची के प्रमुख मार्गों का भौतिक निरीक्षण किया। राज्य सरकार की पेयजल उपलब्धता की प्राथमिकता को देखते हुए प्रधान सचिव ने रूक्का में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र का मुआयना भी किया। इसके अलावा राजधानी में सांस्कृतिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से निर्माणाधीन रवींद्र भवन का निरीक्षण किया।

प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको द्वारा रांची के परिक्षेत्रीय विकास से संबंधित तैयार किये गये प्रस्तावों को बारीकी से देखा और रांची नगर निगम क्षेत्र के समेकित पुनर्विकास के लिए चिह्नित विभिन्न सड़कों और चौक चौराहों का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रधान सचिव कचहरी चौक, चडरी मार्ग और नियोजन कार्यालय स्थित मार्ग के विकास से संबंधित संभावनाओं को देखा। वर्तमान में उन मार्गों की वस्तुस्थिति को देखने के बाद उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश जुडको के अभियंताओं को दिया। श्री कुमार ने अभियंताओं से कहा कि यह सभी मार्ग राजधानी की हृदयस्थली में स्थित हैं। इनकी स्थिति में संयुक्त गुणात्मक सुधार की जरूरत है। इसलिए सड़क यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा से जुड़ी सभी पहलुओं को प्राथमिकता देते हुये प्रस्ताव को त्वरित अंतिम रूप से तैयार किया जाये।

उन्होंने पुनर्विकास कार्यक्रम के तहत सड़कों का गुणवत्ता के साथ विकास करने को कहा। सड़कों पर समुचित ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था करने, पैदल चलने वाले राहगीरों को आरामदायक फुटपाथ के साथ खूबसूरत स्ट्रीट लाइटिंग का इंतजाम करने, सड़कों पर डेकोरेटिव लाइट लगाने का निर्देश दिया। जनसुविधा के निमित्त शौचालय और ट्राफिक बूथ का निर्माण कराने और सड़कों के डिवाइडर का तकनीकी रूप से सुयोग्य विकास एवं उन्नयन कार्य करने को कहा। डिवाइडरों पर आकर्षक पौधे भी लगाये जायें।

### पेयजलापूर्ति के लिए समय पर कार्य पूरा करें

प्रधान सचिव सुनील कुमार ने रूक्का जलागार स्थित निमार्णाधीन जल शोध संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी और जुडको के अभियंताओं को आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुये जल शोधन संयंत्र का काम ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने रांची शहरी पेयजलापूर्ति से संबंधित पाइप लाइन के नेटवर्किंग का नक्शा भी देखा और पाइप लाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पाइप बिछाने के क्रम में कम से कम सड़क की कटाई एवं खुदाई की जाये। उन्होंने जुडको के अभियंताओं को तिलता चौक से रातू पिस्का मोड़ तक पाइप बिछाने के काम में आ रही बाधा पर एनएचआई के साथ समन्वय बना कर काम करने का निर्देश दिया।

**रवींद्र भवन के काम में लायें तेजी :** प्रधान सचिव सुनील कुमार ने निमार्णाधीन रविंद्र भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसी को निर्देश दिया कि राशि की कमी नहीं होगी, समय पर राशि उपलब्ध होगी, इसलिये, जल्द से जल्द काम पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि राज्य की संस्कृति पर आधारित इस सांस्कृतिक रवींद्र भवन के संचालन के लिए दिल्ली के भारत मंडपम की नियमावली का अध्ययन भी किया जाये। पूरे निरीक्षण के क्रम में प्रधान सचिव के साथ सुडा निदेशक अमित कुमार, रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप कुमार, जुडको के गोपालजी, अरविंद कुमार मिश्र, अमित चक्रवर्ती, एस सेनगुप्ता, आलोक कुमार, उत्कर्ष मिश्र, शितांषु वैभव, अनुराग कुमार, शशांक शेखर, राहुल कुमार, प्रत्युष आनंद, ऋजु श्रीवास्तव और अभिषेक थे।

## आर्थिक सुधारों के लिए याद किए जायेंगे मनमोहन सिंह: डॉ लंबोदर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुधारों के लिए उन्हें सदैव याद किया जायेगा। डॉ मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री के रूप में देश में आर्थिक उदारीकरण का दौर प्रारंभ किया। उसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश में आर्थिक सुधारों की दिशा में कई उल्लेखनीय कार्य किए। आर्थिक नीतियों व वित्तीय मामलों में वह अपनी छाप जनमानस के बीच छोड़ गए हैं। उनकी दूरदर्शी सोच से किए गए कार्य सदैव हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनकी जीवनशैली सरल व सादगीपूर्ण थी। उनके निधन से भारतीय राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

## डॉ मौसमी पॉल बनीं अभाविप की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश मंत्री के पदों की निर्वाचन प्रक्रिया शुक्रवार को रांची स्थित अभाविप के प्रदेश कार्यालय से हुई। प्रदेश अध्यक्ष के पद पर डॉ मौसमी पॉल (जमशेदपुर) और प्रदेश मंत्री के पद पर मनोज सोरेन (दुमका) निर्वाचित हुए। प्रदेश छात्रा प्रमुख प्रो पुष्कर बाला ने निर्वाचन परिणामों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारी धनबाद में तीन से पांच जनवरी तक आयोजित होने वाले 25वें प्रदेश अधिवेशन में अपना कार्यभार संभालेंगे।

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि

## आर्थिक सुधारों के लिए सदैव किये जायेंगे मनमोहन सिंह : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि मनमोहन सिंह का निधन संपूर्ण भारत की अपूरणीय क्षति है। मनमोहन सिंह इस देश में ऐसे व्यक्तित्व के रूप में जाने जायेंगे, जिन्होंने अर्थव्यवस्था की सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये। देश के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में डॉ मनमोहन सिंह का नाम सदैव याद किया जायेगा। एक सामान्य परिवार से उठकर एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री तक की उनकी यात्रा प्रेरणादाई है। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी।

## मनमोहन सिंह ने की थी झारखंड के आदिवासी हितों की रक्षा: डॉ रामेश्वर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर पूरे देश में शोक की लहर है। उनके निधन पर राज्य के पूर्व वित्तमंत्री और पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने गहरा शोक जताया है।

उनसे जुड़ी यादों को साझा करते हुए राज्य के रामेश्वर उरांव ने कहा कि 2007 में जब डिलिमिटेशन कमीशन की रिपोर्ट लागू हो रही थी तब 2001 की जनगणना के अनुसार आदिवासियों की कम हुई। जनसंख्या के चलते एसटी रिजर्व सीट घटने वाली थी, तब प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के हस्तक्षेप से राज्य में अनुसूचित जनजाति के लिए लोकसभा में आरक्षित 05 सीटें और विधानसभा में 28 सीटें सुरक्षित रह पाई। अगर वह पहल नहीं करते तो राज्य में अनुसूचित जनजाति के लिए रिजर्व लोकसभा की सीट पांच से घटकर चार रह जाती और विधानसभा की सीट 28 से घटकर 22 रह जाती।

**आदिवासी हितों को सुरक्षित रखने में डॉ मनमोहन सिंह का योगदान अहम : सुप्रियो**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि जब डिलिमिटेशन के चलते राज्य में आदिवासी रिजर्व सीट घटने वाली थी तो झारखंड के नेताओं का शिष्टमंडल ने उनसे मुलाकात की थी। तब उन्होंने पूरी बात समझकर झारखंड में डिमिलिटेशन नहीं होने दिया और आदिवासी आरक्षित सभी सीटें बची रह गयीं।

## झारखंड में शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ मिलेगा या नहीं, अंतिम सुनवाई 9 जनवरी को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भी शिक्षकों के एमएसीपी का लाभ मिलना चाहिए इस पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई जारी है। सहायक शिक्षकों को संशोधित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना (एमएसीपी) के लाभ को लेकर दायर याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में 9 जनवरी 2025 को फाइनल सुनवाई होगी।

प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने वेतन के लिए समान अधिकारों से संबंधित संविधान की आर्टिकल 14,16 का हवाला देते हुए कहा कि जब झारखंड सरकार के तृतीय वर्ग के कर्मियों को एमएसीपी का लाभ मिल रहा है, तो स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड के शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है? जबकि झारखंड के कल्याण व आदिवासी विभाग के अधीन संचालित आवासीय एवं अल्पसंख्यक विद्यालयों में भी शिक्षकों को इसका लाभ दिया रहा है। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि बिहार सरकार के वर्ष 1993 की नियमावली से तृतीय वर्ग के कर्मियों का वेतन निर्धारित होता है, नियुक्ति-प्रोन्नति होती है, उसे बिहार सरकार संशोधित करते हुए अपने राज्य के शिक्षकों को भी अन्य राज्यकर्मियों तरह एमएसीपी का लाभ दे रही है लेकिन झारखंड में स्कूली साक्षरता विभाग के शिक्षकों के लिए एमएसीपी लाभ देने की पॉलिसी निर्धारित नहीं की गयी है। वहीं झारखंड सरकार की शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया कि नियमावली 1993 के तहत एमएसीपी का लाभ इन शिक्षकों को नहीं दिया जा सकता है। इसपर प्रार्थी की ओर से कहा गया कि बिहार सरकार की ओर से राज्य सरकार भी नियमावली में संशोधन कर सकती है।

बता दें कि कि प्रार्थीगण जामताड़ा जिला में सहायक शिक्षक के पद पर वर्ष 2004-5 से कार्यरत हैं। इनकी ओर से वर्ष 2023 में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि जिस नियमावली से इनकी नियुक्ति-प्रोन्नति होती है, उसके तहत बिहार सरकार शिक्षकों को भी अन्य राज्यकर्मियों तरह एमएसीपी का लाभ दे रही है, लेकिन यह लाभ झारखंड में स्कूली साक्षरता विभाग के शिक्षकों को नहीं मिल रहा है। प्रार्थी सहायक शिक्षक किरण कुमारी हेम्ब्रम व अन्य की ओर से याचिका दायर गयी है। उन्होंने एमएसीपी का लाभ दे की मांग की है।

प्रार्थी ने कहा– आवासीय एवं अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों को दिया रहा लाभ इसलिए अन्य शिक्षकों को भी एमएसीपी मिलना चाहिए



## आर्थिक सुधारों के महानायक के रूप में जाने जायेंगे डॉ. मनमोहन सिंह : सुबोधकांत सहाय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह आर्थिक सुधारों के महानायक के रूप में जाने जाएंगे। डॉ सिंह के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि वे एक महान अर्थशास्त्री और उत्कृष्ट नेता थे। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के रूप में देश के प्रति उनका योगदान स्मरणीय रहेगा।

श्री सहाय ने कहा कि वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2014 तक डॉ. मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में कार्य करने का उन्हें अवसर प्राप्त हुआ। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री के रूप में देश के आर्थिक विकास में उनका अविस्मरणीय योगदान रहा है। झारखंड से भी उनका गहरा लगाव था। औद्योगिक विकास के प्रति उनकी सोच अनुकरणीय है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एचईसी के पुनर्जीवन और रिवाइवल के प्रति भी उन्होंने गंभीरता दिखाई। एशिया प्रसिद्ध एचईसी कारखाना को उनके नेतृत्व में ही रिवाइवल पैकेज मिला। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में झारखंड के विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहा करते थे। मनरेगा जैसी जनहित में बनाई गई कल्याणकारी योजना को लॉन्च करने के लिए उन्होंने झारखंड को ही चयनित किया था। भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत करने की दिशा में डॉ.सिंह द्वारा उठाए गए ऐतिहासिक कदम यादगार रहेंगे।

## झारखंड में आज व कल बारिश के आसार फिर कोहरे के साथ होगा ठंड का सितम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में फिर से मौसम करवट लेने वाला है। 28 और 29 दिसंबर को राजधानी सहित झारखंड के 17 जिलों में बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र रांची के मुताबिक, झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा, जिससे बारिश होगी। वहीं 29 दिसंबर को बारिश के बाद से कोहरा छाया रहेगा। बादल के छंटते ही राज्य में कनकनी बढ़ेगी। ठंड एक बार फिर से सबको सतायेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड के जिन 17 जिलों में बारिश होने का अनुमान है। उनमें 28 दिसंबर को गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, गिरिडीह, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, गुमला, रांची सिमडेगा के अलावा खूंटी जिला है। इन जिलों में हल्के दर्जे की बारिश होगी। जबकि 29 दिसंबर को रांची के अलावा गुमला, खूंटी, पूर्वी और प॰मी सिंहभूम, सरायकेला में बारिश होगी। हालांकि 29 दिसंबर को मध्यम दर्जे के बारिश का अनुमान है।

मौसम केंद्र रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा, जिससे दो दिन लगातार बारिश होगी। बताया कि संथाल के अलावा कुछ जिलों को छोड़कर बाकि जगहों पर बारिश होगी। साथ ही बताया कि 30 दिसंबर को बारिश थमते ही उत्तर से आने वाली हवाओं की वजह से कुहासा का असर रहेगा और ठंड में भी बढ़ोत्तरी होगी। अभिषेक आनंद ने बताया कि संथाल में कुहासा का असर कम रहेगा। शुक्रवार के तापमान की बात करें तो झारखंड के अलग-अलग शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री ऊपर रहा। वहीं राजधानी में न्यूनतम तापमान 12.6 और अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। किन 30 दिसंबर के बाद राज्य में तापमान में गिरावट देखने को मिलेगा और कनकनी बढ़ेगी।

## दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषसिद्धि खारिज चतरा सिविल कोर्ट का आदेश रद्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रेप और हत्या मामले में एकमात्र गवाह के बयानों में विरोधाभास को देखते हुए निचली अदालत द्वारा दी गई सजा को रद्द करते हुए मिथिलेश कुमार सिंह और सुनील चौबे को बरी कर दिया। हाईकोर्ट रेप और हत्या के एक कथित मामले में दोषसिद्धि के एक ही निर्णय से उत्पन्न दो आपराधिक अपीलों पर सुनवाई कर रहा था, जहां सूचक पीड़ित महिला की पुत्री थी। उसने अपने प्रारंभिक बयान और विरोध याचिका में जिन व्यक्तियों का नाम लिया था, उनके बीच विसंगति थी। अपने फैसले में हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की बेंच ने कहा कि ऐसे मामले में जहां अकेले गवाह की गवाही विश्वास पैदा करती है और यह पूरी तरह से विश्वसनीय है, यह दोषसिद्धि और सजा का फैसला सुनाने का आधार हो सकता है लेकिन इस मामले के तथ्यों के आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि विरोधाभासी बयानों के आधार पर किसी अन्य पुष्टि के बिना भरोसा नहीं किया जा सकता, इसलिए दोषसिद्धि और सजा का फैसला रद्द किया जाता है। दरअसल चतरा जिले के वशिष्ठ नगर थाना में मिथिलेश कुमार सिंह और सुनील चौबे के खिलाफ एक महिला के दुष्कर्म और उसकी हत्या का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 9/2000 दर्ज किया गया था।

## राज्य के 43 चिकित्सा पदाधिकारियों का गैर शैक्षणिक विशेषज्ञ के पद पर हुआ समायोजन

### विभागीय सचिव ने जारी की अधिसूचना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत झारखंड स्वास्थ्य सेवा के 43 चिकित्सा पदाधिकारियों को उनकी विशेषज्ञता के अनुसार गैर शैक्षणिक ग्रेड टू के पद पर समायोजित करते हुए पदस्थापित कर दिया है। विभागीय अवर सचिव अजय कुमार सिंह ने झारखंड राज्य गैर शैक्षणिक विशेषज्ञ चिकित्सकों के (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) नियमावली 2015 के आलोक में उक्त चिकित्सकों का समायोजन एवं पदस्थापित की अधिसूचना जारी कर दी है।

### 37 विशेषज्ञ चिकित्सकों का स्थानांतरण-पदस्थापन

स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत 37 विशेषज्ञ चिकित्सकों को भी स्थानांतरित करते हुए पदस्थापित किया है। स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव अजय कुमार सिंह ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है। स्थानांतरित चिकित्सकों को 15 दिनों के अंदर अधिसूचित पद पर योगदान का निर्देश दिया है।

### स्नातकोत्तर डिग्रीधारी को चार और डिप्लोमाधारी को तीन वेतनवृद्धि का दिया जायेगा लाभ

अवर सचिव कहा है कि वेतनमान पेबैंड टू 9300-34800 ग्रेड वेतन 5400 लेवल 9 में कार्यरत स्नातकोत्तर डिग्रीधारी चिकित्सकों को चार अतिरिक्त वेतन वृद्धि तथा स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी चिकित्सकों को तीन अतिरिक्त वेतन वृद्धि देय होगा। वैसे चिकित्सक जिनका वेतनमान मूल कोटि वेतनमान पेबैंड टू 9300-34800 ग्रेड वेतन 5400 लेवल 9 से अधिक है, उन्हें अतरिक्त वेतनवृद्धि का लाभ देय नहीं होगा। विशेषज्ञ ग्रेड टू पद का वेतनमान विहित प्रपत्र 202 में पदभार ग्रहण करने की तिथि से देय होगा।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

सूचना

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं०–WRD/MID/KHUNTI/B.D./ S.L.I.-15/2024-25 Date-5.12.2024,जिसका पी.आर. सं०–341450 Minor Irrigation(24-25)#D है,को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

PR 342978 Minor Irrigation(24-25)#D

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

## मनमोहन सिंह के निधन पर भाजपा मर्माहत

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने महान अर्थशास्त्री, सहज, सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि दुखद सूचना से मन व्यथित है। देश के आर्थिक सुधारों में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को दुख सहने ने की शक्ति दे।

कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, चतरा (कल्याण शाखा)
नव-निर्मित अनुमंडल कार्यालय भवन, चतरा (झारखण्ड)
Email id - dwo.chatra66@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा

पत्रांक–1260 दिनांक–27.12.2024

कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार, रांची के ज्ञापांक–1272, दिनांक–03.05.2017 के आलोक में चतरा जिलान्तर्गत संचालित पांच आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को दो सेट पोशाक, जूता–मौजा, नाईट ड्रेस ब्लेजर, स्पोर्टस ड्रेस, स्लीपर, अतः वस्त्र, टाई एवं बेल्ट आपूर्ति हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक–03.01.2025 को 2:00 PM बजे तक जिला कल्याण कार्यालय चतरा में मुहरबंद निविदा आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक अनुज्ञप्तिधारी विक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता अपनी निविदा, निर्धारित समय तक दो लिफाफा में यथा–टेकनीकल एवं फाईनानशियल दोनो अलग–अलग एक बड़े लिफाफे में सीलबंद कर जमा कर सकते है। निविदा समिति के द्वारा दिनांक–03.01.2025 के अपराह्न में निविदा खोली जायेगी।

नोट :– निविदा की शर्त एवं विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखी जा सकती है।

PR.NO.343048 Welfare(24-25):D

जिला कल्याण पदाधिकारी, चतरा। अपर समाहर्त्ता, चतरा।

### पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने शोक व्यक्त किया, कहा

# देश में आर्थिक सुधारों के प्रणेता थे मनमोहन सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है, इसकी भरपाई नहीं हो सकती। डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार के पद से होते हुए वित्त मंत्री एवं प्रधानमंत्री पद पर अपने कार्यकाल के दौरान आर्थिक सुधारों की दिशा मे महत्वपूर्ण कार्य किया। उनके वित्त मंत्रित्व काल को भारत में आर्थिक सुधारों का प्रणेता माना गया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने भारत को विश्व के विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने का प्रयास किया, जिसमें काफी हद तक सफल रहे। आर्थिक सुधारो की दिशा में उनके द्वारा किए गए कार्यों को जनमानस हमेशा याद रखेगा।

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ-साथ सामाजिक और संरचनात्मक सुधारों में भी आमूलचूल बदलाव लाया। मनरेगा जैसी योजना लागू करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करके ग्रामीणों के आजीविका में उल्लेखनीय सुधार किया।

### सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी थे मनमोहन सिंह : राजेश ठाकुर

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी, विधायक विक्सल कोंगाड़ी, संजय लाल पासवान, राजेश सिन्हा सन्नी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन करने दिल्ली गए। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी मनमोहन सिंह जी के निधन से मन मर्माहत है। देश ने आज एक महान व्यक्तित्व एवं अर्थशास्त्री को खो दिया है।



विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह अपने कार्यकाल के दौरान मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण परिवार को 100 दिन के रोजगार की गारंटी, सूचना का अधिकार, आधार कार्ड, डीबीटी जैसी योजनाएं लागू कर क्रांतिकारी बदलाव किया था।

पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप बलमुचु ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का योगदान देश भुला नहीं पाएगा। रविंद्र सिंह, जयशंकर पाठक, राजीव रंजन प्रसाद,राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, संजय पांडे, सोनाल शांति, अमूल्य नीरज खलको, कमल ठाकुर, ऋषिकेश सिंह ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

## गुलमोहर अस्पताल में स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

**रांची।** स्व. श्रीराम नरेश सिंह की पुण्यतिथि पर गुलमोहर अस्पताल में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला 2024 का आयोजन किया गया। इसमें 1085 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। इसमें 410 मरीजों का बीएमडी टेस्ट, 212 मरीजों का ब्लड शूगरटेस्ट, 78 मरीजों का हीमोग्लोबीन टेस्ट, 186 मरीजों का यूरिक एसिड टेस्ट, 82 मरीजों का एक्सरे और 142 मरीजों की फिजियोथेरेपी निःशुल्क की गयी। आठ मरीजों को बैसाखी, 12 मरीजों को वॉकर, 16 मरीजों को बेल्ट और छह मरीजों को कृतिम अंग प्रदान किया गया। सभी मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी दी गयी। स्वास्थ्य मेला में चयनित 68 मरीजों का मुफ्त ऑपरेशन किया जायेगा। स्वास्थ्य मेला में हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अंचल कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रचना ए. कुमार, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ बीएमके सिन्हा, स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ मनोज सिंह रखिया, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ सोनल सिंह रखिया, कंधा रोग विशेषज्ञ डॉ नितीन मोदी, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ अदिति मोदी, फिजिशियन डॉ सोनू कुमार और डॉ कपिलदेव बानरा ने इलाज किया।

# जमीन फर्जीवाड़े से लेकर ईडी की कार्रवाई रही सुर्खियों में

## सिविल कोर्ट का वर्ष 2024 का लेखा-जोखा

**उदय चौहान**

**रांची।** सिविल कोर्ट स्थित एनआईए, ईडी, सीबीआई, एटीएस, सीआईडी, एसीबी एवं सेशन कोर्ट साल 2024 में अपने कई महत्वपूर्ण फैसलों के लिये चर्चित रहा। न्यायायुक्त एके राय झारखंड हाईकोर्ट के जज बने। जमीन फर्जीवाड़े से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस्तीफा देकर जेल जाना पड़ा जो 150 दिनों बाद जमानत पर बाहर निकले। वहीं, टेंडर कमीशन घोटाले में आरोपी तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। वर्तमान में वह जेल में ही हैं। राहुल गांधी के खिलाफ एक मामले में आरोप तय किया गया। एनआईए कोर्ट ने पहला 12 साल पुराने मामले में फैसला सुनाया। सीबीआई और एसीबी कोर्ट ने दो दशक से पुराने मुकदमों में फैसला सुनाया। खेल घोटाले के अन्य एक मामले में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी, इसे सीबीआई कोर्ट ने मानने से इनकार किया। सीबीआई को पुनः फ्रेश जांच का आदेश दिया है। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल ने चेक बाउंस की राशि लौटाने पर अदालत ने केस को खत्म किया। एसीबी कोर्ट ने 40 साल पुराने 2.31 लाख रुपए गबन मामले के ट्रायल फेस कर रहा 10 से अधिक आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में किया बरी। पुलिस अधिकारियों की लापरवाही के कारण अपराधी गेंदा सिंह, संदीप थापा समेत कई अन्य मामलों के आरोपियों पर लगे आरोप साबित नहीं हो सका। वर्तमान में 71000 से अधिक केस लंबित हैं। वहीं, इस साल 70304 केस फाइल की गयी, जबकि निष्पादन 74185 मामले का हुआ।

**महत्वपूर्ण फैसले :** हजारीबाग के सिलोधर जंगल से बरामद विदेशी हथियार मामले में एनआईए कोर्ट ने दो अभियुक्तों को 15 साल की सजा सुनाई। एनआईए मामले में राज्य का पहला फैसला है। सीबीआई कोर्ट ने सीसीएल में फर्जी दस्तावेज पर नौकरी लेने के 29 साल पुराने मामले में 22 अभियुक्तों को सजा सुनाई। सेशन कोर्ट ने कोतवाली के पूर्व दारोगा, उसकी पत्नी और बेटे को दहेज हत्या के एक केस में 26 साल बाद उम्र कैद की सजा सुनाई। मनरेगा घोटाले के एक मामले में निलंबित जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा को सजा हुई। एटीएस केस में नक्सली दिनेश गोप को सजा सुनाई गई। वन विभाग से जुड़े 40 साल पुराने मामले में एक दर्जन आरोपियों को एसीबी कोर्ट ने रिहा किया। जालसाजी के 32 साल पुराने मामले के आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी।

**जेल से कई नामी चहेरे निकले तो कई नहीं निकल पाये :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पंकज मिश्रा, पूजा सिंघल, वीरेंद्र राम जेल से जमानत पर निकले लेकिन, छवि रंजन, आमलगीर आलम, संजीव कुमार लाल, राम बिनोद प्रसाद सिन्हा समेत अन्य को जेल में ही हैं।

**बहुचर्चित खेल घोटाले और जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में चार्जशीट :** सीबीआई ने जांच पूरी कर 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, आरके आनंद समेत 15 के खिलाफ कोर्ट में दाखिल की चार्जशीट दाखिल की गई। जेपीएसएस सिविल सेवा के प्रथम एवं द्वितीय नियुक्ति घोटाले में सीबीआई ने 12 साल बाद दोनों मामलों में 120 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। सीआईडी ने हजारीबाग में हुई रूपेश पांडेय हत्याकांड धनबाद जेल में अमन सिंह हत्याकांड में चार्जशीट दाखिल की।

**कई पुराने मामले में नहीं आ सके फैसले :** भ्रष्टाचार के आरोप में सीबीआई एवं एसीबी कोर्ट में दो दशक या उससे अधिक पुराने कुछ मामलों में ही फैसला आया। अलकतरा, भूमि घोटाला, रिश्वत लेने समेत अन्य मामलों में नहीं आया फैसला। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, कमलेश सिंह, सत्यानंद भोक्ता समेत अन्य से जुड़े मामलों की सुनवाई पूर्व की तरह कछुआ चाल से जारी रही।

## खबर एक नजर में

### डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर राजद ने जताया शोक

**रांची।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, अर्थशास्त्री, ईमानदार और निर्विवाद छवि के महान नेता डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड प्रदेश राजद ने गहरा शोक जताया है। शोक संवेदना व्यक्त करनेवालों में राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव, विधायक संजय सिंह यादव एवं मीडिया प्रभारी कैलाश यादव शामिल है।

### रघुवर दास के संघर्ष और सेवा प्रेरणा दायी : कौस्ताव



**रांची।** ओड़िशा के गवर्नर रहे झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास के रांची लौटने पर इंजीनियर वेदांत कौस्ताव भी मिले। श्री दास को गुलदस्ता भेंट की और आशीर्वाद लिया। समाजसेवी युवा इंजीनियर कौस्ताव के लिए रघुवर दास एक प्रेरणा हैं। बतौर कौस्ताव, रघुवर दास संघर्ष के रास्ते से मुकाम पाया। झारखंड के मंत्री और बाद में पांच साल तक मुख्यमंत्री रहे रघुवर दास ने राज्य की सेवा की। श्री दास के कार्यकाल में झारखंड में काफी कुछ विकास हुआ। उनके संघर्ष और सेवा दोनों प्रेरणादायी हैं।

### झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन 30 को

**रांची।** झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन (जेएसआरए) 38वीं राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए 30 दिसंबर को स्क्वैश खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित करेगा। अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। एकदिवसीय चयन ट्रायल 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक क्रॉस कोर्ट फिरयालाल रांची में होगा। चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला वर्ग के लिए ओपन और सीनियर इवेंट में नॉकआउट आधार पर होगी। इसके बाद झारखंड स्क्वैश टीम की घोषणा की जाएगी, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल होंगे।

### सीए फाइनल परीक्षा में रांची टॉपर बने युक्तेश

**रांची।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ओर से नवंबर 2024 में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा के परिणाम शुक्रवार को घोषित किए गए। हैदराबाद के हेरम्ब माहेश्वरी और तिरुपति के ऋषब ओस्तवाल आर ने 84.67 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से इंडिया टॉपर रहे। वहीं, रांची परीक्षा केंद्र से युक्तेश मित्तल टॉपर रहे। रांची केंद्र से दूसरे स्थान पर हितिक राज, तीसरे पर अनुष्का, चौथे पर गौरव कुमार ओझा और पांचवे स्थान पर आर्यन राज टाक रहे।

### यूथ करेज संस्थान के लोग कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा से मिले

**रांची।** यूथ करेज चैरिटेबल ट्रस्ट ने शुक्रवार को कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा से मुलाकात कर विधायक सुरेश बैठा को टीम द्वारा किये गए कार्यों को बताते हुए एक निः शुल्क एम्बुलेंस सेवा शुरू करने की बात रखी। जिस पर विधायक ने एक एम्बुलेंस संस्थान को दान करने का आशवासन दिया। मौके पर संस्थान के नौशाद खान, मोदस्सिर इमाम और काँग्रेस नेता कलीमुद्दीन उर्फ मदन आदि मौजूद थे।

### अर्पिता महिला मंडल ने जरूरतमंदों की मदद की

**रांची।** अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल मुख्यालय के ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन की अध्यक्षा प्रीति सिंह और सदस्यों के मार्गदर्शन में ठंड के मौसम में कांट्रैक्ट कर्मियों की सहायता के लिए एक विशेष पहल का आयोजन किया गया। इस सामाजिक कार्य के तहत, जवाहर नगर कॉलोनी में 32 कांट्रैक्ट कर्मियों को राहत सामग्री वितरित की गई। प्रत्येक कर्मी को 2 कंबल, एक जोड़ी मोजे, भोजन का पैकेट और चूड़ा प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रीति सिंह, शशि दुहान, निशा शुक्ला, रश्मि शर्मा, त्रिवेणी इनामदार, नीता लाल, सरिता सक्सेना, कविता झा, सोनल, संगीता सिंह, पूनम झा, और आरती चंदेल की उपस्थिति रही।

### रोटरी क्लब ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एईडी मशीन स्थापित की



**रांची।** रोटरी क्लब ने सामुदायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शुक्रवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एक अत्याधुनिक ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर मशीन स्थापित की गई। एईडी मशीन एक अत्याधुनिक उपकरण है, जो कार्डियक अरेस्ट जैसी स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। रांची रोटरी क्लब के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने कहा कि एईडी मशीन की उपलब्धता यात्रियों और कर्मचारियों दोनों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगी। मौके पर अजय छाबड़ा, जोगेश गंभीर, अनिल सिंह, रेखा सिंह, अजय वाधवा, मंजू गंभीर, पूनम छाबड़ा, मुकेश तनेजा, सुमित अग्रवाल, भावना तनेजा, रजत बहल, आस्था बहल आदि मौजूद थे।

## गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 15 जनवरी तक आवेदन करने का अवसर, सफल विद्यालयों को मिलेगी मान्यता

### रांची जिला में कुल 766 गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय हैं संचालित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार, शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के कार्यालय में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची सह नोडल पदाधिकारी बादल राज के द्वारा जिले में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रभाग प्रभारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा रांची जिला में कुल 766 गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित हैं। उसपर विचार किया गया और प्रभाग प्रभारी को निर्देश दिया गया कि अगले दो दिनों के अंदर गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता से संबंधित ऑनलाइन आवेदन सरकार के वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट आरटीइ डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट इन पर, वैसे सभी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय, जहां किसी भी स्तर पर वर्ग 1 से 8 की पढ़ाई होती है, को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधान के अनुरूप अनिवार्य रूप से मान्यता प्राप्त किया जाना है। बता दें कि 15 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना है। प्राप्त आवेदन को ऑनलाइन स्क्रूटनी जिला स्तर पर 20 जनवरी तक किया जाएगा। जिला स्तर पर ऑनलाइन स्क्रूटनी में सफल विद्यालय का 20 फरवरी 2025 तक फील्ड वेरिफिकेशन किया जाएगा। 20 फरवरी तक जिला प्रारंभिक शिक्षा समिति की बैठक आयोजित कर फील्ड वेरिफिकेशन में सफल विद्यालय को मान्यता प्रदान की जाएगी। असफल विद्यालय को उन्हें कारण सहित सूचित किया जाएगा।

## डालसा ने विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डालसा रांची की ओर से रातु प्रखंड के तिगड़ा पंचायत में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शिविर में मौजूद महिला पुरुष एवं बच्चों के बीच नालसा की स्कीम के बारे में बताया गया। साथ ही साथ डीएलएसए रांची के द्वारा गरीबों महिलाओं तथा पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता देने के बारे में बताया गया। बाल विवाह, बाल श्रम आदि कुप्रथाओं के रोकथाम और उन्मूलन के बारे में जागरूक किया गया। श्रम कार्ड बनाने, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बालिकाओं को शिक्षित करने, बच्चों के टीकाकरण से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई। शिविर में वीरेंद्र प्रताप, लॉ स्टूडेंट, पारा लीगल वॉलेंटियर, पुष्पलता कुमारी, सुनीता कुमारी, नीतू देवी, बेबी देवी, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के शौर्य, पंचायत के मुखिया, एनजीओ के धीरज राय तथा अन्य उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या, स्टाफ और छात्र के खिलाफ थाने में शिकायत

**रांची।** महावीर चौक निवासी अंकिता मोदी की ओर से शुक्रवार को सरला बिरला पब्लिक स्कूल के स्टाफ और प्राचार्या के खिलाफ टाटीसिल्वे थाना में शिकायत दर्ज करायी गयी है। शिकायत के अनुसार उन्होंने आरोप लगाया है कि उनका बेटा अथर्व मोदी सरला बिरला पब्लिक स्कूल का नौवीं कक्षा का छात्र है। स्कूल के स्टाफ और प्रिंसिपल लेट फीस देने को लेकर मेरे बेटे को ताना देते हैं। जिससे मेरा बच्चा मानसिक रूप से आहत हो रहा है। स्कूल के छात्र रेहान रजा पर भी उन्होंने आरोप लगाया है कि वो सोसल मीडिया पर अश्लील बातें लिखकर परेशान कर रहा है।

## सीबीएसई आर्यभट्ट गणित चैलेंज में सरला बिरला पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2024-25 में अपनी अमिट छाप छोड़ी। इस चैलेंज का मुख्य उद्देश्य छात्रों की गणितीय अवधारणाओं का व्यावहारिक उपयोग करने की क्षमता का मूल्यांकन करना है। यह प्रतियोगिता समस्याओं के समाधान, तार्किक चिंतन और मात्रात्मक योग्यता जैसे महत्वपूर्ण कौशलों को विकसित करने के लिए डिजाइन की गई है, जो विभिन्न शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में सफलता के लिए अनिवार्य हैं। सीबीएसई से संबद्ध देशभर के स्कूलों के कई छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र समृद्ध कुमार प्रथम 100 छात्रों में स्थान पाने में सफल रहे। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने समृद्ध कुमार के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और अन्य छात्रों को भी इस प्रकार की प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, जो उनके आत्मविश्वास और ज्ञान को बढ़ाते हैं।

## झारखंड में जातीय जनगणना की मांग

**रांची।** झारखंड में जातीय जनगणना की मांग जोर पकड़ रही है। सत्तारूढ़ जेएमएम के सहयोगी दल कांग्रेस और राजद प्रमुखता से इस मुद्दे को उठा रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कर्नाटक के बेलगांव में गुरुवार को आयोजित कांग्रेस की विस्तारित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जातीय जनगणना का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

### हेमंत सरकार को पहल जल्द करना चाहिए

प्रदीप यादव ने बैठक में कहा कि झारखंड में जातीय जनगणना का मामला अभी लंबित है। उन्होंने बैठक में सुझाव देते हुए कहा कि राज्य में जातीय जनगणना होनी चाहिए। उन्होंने हेमंत सरकार से जल्द से जल्द इस पर पहल करने का आग्रह किया।

## युवा पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी कॅरियर बनायें: कुमार गौरव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा शुक्रवार को पांच दिवसीय अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन वाई बी एन यूनिवर्सिटी नामकुम में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि युवा पढ़ाई-लिखी के साथ-साथ खेल-कूद में भी अपना कॅरियर बनायें। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वाई बी एन विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक ललिता कुमारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर 2 मिनट का शोक व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मांडर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुमार आदितेंद्र नाथ शाह देव एवं डोमन राम मोची ने भी अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम अंतर्गत युवाओं को अगले पांच दिनों में राँची के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराकर यहाँ की परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासतों से परिचित कराया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से कौशल किशोर, डॉ अंजनी कुमार सिंह, डॉ अर्पणा शर्मा, डॉ आरती कुमारी एवं अन्य स्वयंसेवक में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन का 107वां अधिवेशन आयोजित

## भारतीय ज्ञान प्रणाली है एक जीवंत परंपरा : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** इस तीन दिवसीय आयोजन में राष्ट्रीय स्तर पर लब्ध प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री और शिक्षाविद् शामिल हो रहे हैं। तीन दिवसीय अधिवेशन के प्रारंभ में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और अर्थशास्त्री और इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहे डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर उपस्थित शिक्षाविदों और अर्थशास्त्रियों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि प्रकट की। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने बतौर अध्यक्ष शामिल हुये। उन्होंने अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुये सस्टेनेबल, डेवलप्ड एंड आत्मनिर्भर भारत विषय पर अपना अध्यक्षीय संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से ज्ञान की भूमि रहा है। सभ्यता का उदगम स्थल रहा है। इसने दुनिया की कुछ सबसे गहन और स्थाई ज्ञान परंपराओं को पोषित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली ज्ञान हस्तांतरण की एक विधि है और एक संगठित प्रणाली है, जो ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि यह एक आर्थिक सम्मेलन है तो इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में लंबे समय से अर्थ की अवधारणा भारतीय दर्शन के लोकाचार में गहराई से निहित है। चाणक्य ने कहा है कि सुख का मूल धर्म है और धर्म का मूल अर्थ है। यह कथन इस बात को रेखांकित करता है कि भौतिक समृद्धि ही वह आधार है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सोमनाथ सचदेव, देवेंद्र अवस्थी, अशोक कुमार चौधरी, अटल बिहारी बाजपेई, प्रो डॉ एडीएन बाजपेई, विजय कुमार पटनायक, अशोक मित्तल, टीएन साहू शामिल हुए। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## एक्वा वर्ल्ड के सात दिवसीय कार्निवल का शुभारंभ

### कार्निवल के आयोजन से प्रतियोगिता की भावना जागृत होगी : पद्मश्री अशोक भगत

### अपनी पारंपरिक संस्कृति को जिंदा रखना चाहिये : पद्मश्री मधु मंसूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में आयोजित हो रहे सात दिन के नव वर्ष मेला कार्निवल का शुक्रवार को उद्घाटन पदमश्री अशोक भगत ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पदमश्री मधु मंसूरी भी उपस्थित थे। कार्निवल 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक सुबह 11 से रात 9 बजे तक आयोजित होगा। इसमें सभी वर्गो के लिए प्रतियोगिता और कार्यक्रमों की धूम रहेगी। इस अवसर पर पद्मश्री अशोक भगत ने कार्निवल के आयोजन की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आज भाग दौड़ की जिंदगी और मोबाइल की जिंदगी में लोगों को कार्निवल एक सुकून देगा। उन्होंने कहा कि एक्वा वर्ल्ड के द्वारा ये एक बेहद ही सराहनीय आयोजन है। इसमें बच्चों और युवाओं में प्रतियोगिता की भावना भी सार्थक तरीके से जागृत होगी। उन्होंने आशा की कि कार्निवल में अगले सात दिनों तक मनोरंजन की तरह सामाजिक विषयों पर भी चर्चा हो। मौके पर पद्मश्री मधु मंसूरी ने उपस्थित लोगों को अपने लोकगीत से झुमा दिया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आधुनिकता के साथ अपने परंपरा को नहीं भूलना चाहिये। उन्होंने आशा व्यक्त की कि रांची का एक बड़ा वर्ग यहां आकर विभिन्न कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आनंद लेगा। इससे पूर्व स्वागत भाषण में एक वर्ल्ड के प्रबंध निदेशक प्रतुल शाहदेव ने स्वागत भाषण दिया। दोनों अतिथियों के सामाजिक योगदान की चर्चा करते हुये का साधुवाद करते हुए कहा कि उनके उपस्थिति मात्र से ही उपस्थित लोगों को प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विद्या झा शाहदेव ने किया। कार्निवाल के पहले दिन भी प्रतियोगिताओं की धूम रही।सबसे पहले स्वच्छ भारत के थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया। मेरा जूता है जापानी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ शूज और सैंडल दिखाते हुये लोगों ने रैंप पर कैटवॉक किया।सेल्फी प्रतियोगिता में सांता क्लाज के बूथ पर लोगों ने सेल्फी ली। 100 से ज्यादा बच्चों ने चिप्स ईटिंग कंपटीशन में हिस्सा लिया। देर शाम को बच्चों के लिये अलग-अलग प्रतियोगिता कराई गई।शाम का मुख्य आकर्षण जादूगर प्रकाश भारती का ग्रांड मैजिक शो था। इसमें जादूगर भारती के करतबों को देखकर उपस्थित लोग चकित हो गये। बड़ी संख्या में लोग रेड आउटफिट पहन कर आये थे। इस अवसर पर कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी, अभिषेक गिरी, आनंद, सौरव, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या, पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता, कोमल, तान्या, सान्या एवं अन्य उपस्थित थे। कार्निवल के शुरूआत में अतिथियों और उपस्थित लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्पीड न्यूज

## डॉ मौसमी पॉल अभाविप की प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित



जमशेदपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पद पर जमशेदपुर की डॉ मौसमी पॉल को निर्वाचित किया गया है जबकि मनोज सोरेन-दुमका प्रदेश मंत्री होंगे। चुनाव पदाधिकारी प्रो पुष्कर बाला ने बताया कि दोनों पदाधिकारी धनबाद में 3-5 जनवरी को आयोजित होने वाले 25 वें प्रदेश सम्मेलन में कार्यभार संभालेंगे। डॉ पॉल एलबीएसएम कॉलेज, करणडीह में अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। अभी तक उनके 20 से अधिक शोध पत्र विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। वे संगठन के विभिन्न पदों पर दायित्व निर्वहन कर चुकी हैं।

## रेडक्रॉस और जेसीएपीसीपीएल का नेत्र शिविर आज से

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा टाटा स्टील एवं निप्पन स्टील की संयुक्त उपक्रम जमशेदपुर कन्टीन्युअस एनेलिंग प्रोसेसिंग कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड (जेसीएपीसीपीएल) के सीएसआर कार्यक्रम के तहत इस वर्ष का अंतिम एवं 752वां नेत्र शिविर बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में शनिवार 28 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी प्रदान करते हुए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में 28 दिसम्बर को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच कर ऑपरेशन योग्य मोतियाबिन्द प्रभावित नेत्र रोगियों का चयन किया जायेगा तथा अन्य आंख के मरीजों को जरूरत के अनुसार चिकित्सीय परामर्श व दवा प्रदान कर विदा किया जायेगा, वहीं 29 दिसम्बर को ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह, डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया, डॉ राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया जायेगा। सोमवार को नेत्र रोगियों की पट्टी खोलकर नेत्र रोगियों के आंखों की अंतिम जांच की जायेगी, जिसके पश्चात उन्हें चश्मा एवं आवश्यक दवा के साथ आंखों की देखभाल की जानकारी प्रदान कर विदा किया जायेगा।

## डॉ मनमोहन सिंह का निधन अपूरणीय क्षति : मंगल कालिंदी

जमशेदपुर। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर जुगशलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि देश का एक महान व्यक्ति दुनिया से विदा हो गया है उनकी किसी से तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने अपने जीवनकाल में शैक्षणिक ऊंचाई को छूकर देश की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित किया। डॉ मनमोहन सिंह हमारे देश के वित्त मंत्री थे। उनका निधन भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है।

## राष्ट्र ने आर्थिक सुधारों के जनक को खो दिया : राकेश तिवारी

जमशेदपुर। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख एवं शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा राष्ट्र ने एक ईमानदार विद्वान और आर्थिक सुधारो के जनक को खो दिया है जो देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा उनकी ईमानदारी और इस देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाने में उनका योगदान देश का हर एक नागरिक हमेशा याद करता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके निधन से देश का हर एक नागरिक दुखी और शोकाकुल है।

## परिवार,समाज एवं राष्ट्र की की शक्ति हैं नारी : साहू

जमशेदपुर। बिरसा मुंडा टाउन हॉल, सिदगोड़ा में तीन दिवसीय नारी सशक्तिकरण एवं युवा जागरण शिविर का शुभारंभ जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र की विधायक श्रीमती पूर्णिमा दास एवम शांतिकुंज प्रतिनिधि ने ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया। झारखंड एवं राष्ट्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस शिविर में झारखंड के सभी जिलों के हजारों युवक-युवतियों को नवजागरण हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिसमें नारी शक्ति के उत्थान एवं युवा शक्ति के मिशन के प्रयत्नों और कार्यक्रमों पर विशेष रूप से गहन मंथन हुआ एवं शांतिकुंज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शुभारंभ के अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा दास ने नारी सशक्तिकरण की महत्ता बताते हुए कहा कि नारी-परिवार, समाज एवं राष्ट्र की की शक्ति है।

### एनके एरिया में स्क्रैप कांड का भंडाफोड़

# सीआईएसएफ ने पांच वजन कन्ट्रोलर डिवाइस किया जब्त

▸▸ एनके एरिया के सभी परियोजना कांटा का कंट्रोल राजमधु इंटरप्राइजेज के पास

खबर मन्त्र संवाददाता



खलारी। एनके एरिया में गुरुवार शाम को सीआईएसएफ जवान ने एक स्क्रैप (लोहे की कबाड़) से लदा ट्रक पकड़ा, क्षमता से अधिक लोड होने पर शक के आधार पर जवानों ने पुनः कांटा कराने पर वजन ज्यादा बढ़ गया। जवानों ने स्क्रैप लोड करा रहे अथवा कांटा (वजन) घर के आसपास स्क्रैप कंपनी के व्यक्तियों को साइड करने के बाद राजमधु कंपनी का हेरा फेरी करने का तरीका पकड़ा गया। सीआईएसएफ जवानों ने काटा घर के पास सीआईएसएफ के साथ बकझक होने पर तलासी लेने के समय काटा के लगभग 100 मीटर दूरी पर एक रीमोट कन्ट्रोलर डिवाइस पाया गया। पूरा मामला केडीएच परियोजना अंतर्गत कांटा न03 का है।सीआईएसएफ जवानों ने राजमधु के व्यक्तियों को खदेड़ने के बाद पूरा सर्च करने पर पांच रिमोट कन्ट्रोलर डिवाइस मिला। सभी डिवाइस में एक कोड लिखा हुआ था। स्क्रैप के आड़ में सीसीएल को चुना लगाने वाले कंपनी के खिलाफ सीआईएसएफ व सीसीएल सुरक्षा बलों ने खलारी थाना में मामला दर्ज कराने के लिए पहुँचे हुये है।

**सीआईएसएफ के रेकी से कंपनी का हेराफेरी पकड़ाया:** सीआईएसएफ कामन्डेड एस कुमार संदीप व सिनियर इंस्पेक्टर ने बताया कि स्क्रैप का कार्य करा रही कंपनी पर पिपरवार प्रोजेक्ट्स से ही नजर बनाए हुए थे। फिलहाल बड़ी मुश्किल और जवानों के चौकसी से स्क्रैप कंपनी का भांडाफोड़ किया गया। कामन्डेड ने बताया कि एक डिवाइस से कांटा मशीन को कंट्रोल किया जा रहा था। स्क्रैप लोड ट्रक को जब कंपनी के व्यक्ति के समक्ष वजन किया जा रहा था। उस समय मात्र पूरा ट्रक 17 टन 80 केजी दर्ज किया गया। जब जवानों ने कंपनी के व्यक्तियों को तलासी व कड़ा तेवर दिखाते हुए वजन मशीन के पास से खदेड़ा गया तो वही लोड ट्रक 42 टन 705 केजी अंकित किया गया। अथार्थ एक ट्रक में सीसीएल से लगभग 25 टन स्क्रैप गबन किया जाता था। जवानों के चौकसी से सीसीएल को करोड़ का नुकसान से बचाया।

**सीबीआई जांच की मांग :** सीआईएसएफ ने स्क्रैप सिंडिकेट का भंडाफोड़ करने के बाद एनके एरिया के यूनियन नेताओ ने बताया कि एनके एरिया से लगभग एक हजार टन का ऑक्शन किया गया था। अगर इस प्रकार की धांधली हो रही है। तो इस बड़े सिंडिकेट में परियोजना के पदाधिकारी व बाबुओं की मिलीभगत का संदेह अवश्य है। इस बड़े कांड को सीसीएल के बड़े बैठक व केंद्र लेबल में उठने की बात कही जा रही है। अथवा स्क्रैप सिंडिकेट का सीबीआई जांच कराने मांग को उठाया जाएगा।

**सीसीएल को 4 से 5 करोड़ का नुकसान**

सूत्रों के अनुसार एनके एरिया से प्रति परियोजना से लगभग 40 स्क्रैप ट्रक निकल चुकी है। रिमोंट डिवाइस के जरिये से 40 ट्रक में लगभग प्रति ट्रक 20 टन का ही हेरा फेरी किया गया होगा,तो 800 टन ( 8 लाख ) को बाजार के भाव से 60 रुपये प्रति केजी के अनुसार 4 करोड़ 80 लाख रुपये की चपत सीसीएल को लग चुकी है।

# अनुमंडल अस्पताल और सीएचसी में प्राइवेट विशेषज्ञ चिकित्सक किये जायेंगे तैनात : डीसी

## आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज एवं अस्पतालों के भुगतान की हुई समीक्षा

›› जिले को आयुषमान योजना से मिली राशि से किया जायेगा भुगतान

खबर मन्त्र ब्यूरो



स्वास्थ्य विभाग की बैठक को संबोधित करते डीसी अनन्य मित्तल।

जमशेदपुर। समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक आहूत की गई।

बैठक में आयुष्मान भारत से संबद्ध जिले के अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं, भुगतान एवं अन्य समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई । आठ निजी अस्पताल/ नर्सिंग होम व अनुमंडल अस्पताल घाटशिला एवं सीएचसी डुमरिया में आयुष्मान योजना के तहत इलाज की समीक्षा की गई। बैठक में अस्पतालों द्वारा आयुष्मान योजना लाभार्थियों के गलत डाक्यूमेंट अपलोड किए जाने पर भुगतान में आ रही समस्या पर चर्चा की गई। अस्पताल एवं निजी नर्सिंग होम संचालकों ने बताया कि कतिपय मामलों में मानवीय भूल के कारण ऐसा हुआ जिसमें सुधार किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा सिविल सर्जन को जांचोपरांत एवं पुनः डॉक्यूमेंट वेरिफाई करने पर भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने हेतु अपेक्षित कार्रवाई किए जाने का निदेश दिया गया। इसके अलावे डीसी द्वारा सिविल सर्जन एवं सभी एमओआईसी के साथ आयुष्मान भारत योजना की राशि का उपयोग किए जाने एवं अस्पतालों के रखरखाव की योजना पर चर्चा की गई। उन्होने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से जो राशि अस्पतालों को प्राप्त होते हैं, उस राशि का उपयोग सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा लेने में किया जा सकता है, ताकि लोगों को रेफर नहीं करना पड़े। इसके लिए उन्होने कार्ययोजना बनाते हुए 15 जनवरी तक अनुमंडल अस्पताल एवं सभी सीएचसी के लिए दो-दो चिकित्सक की सेवा लेना शुरू करने की बात कही। साथ ही जिले के वरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रायः देखा जा रहा है कि पंचायत क्षेत्र भ्रमण के क्रम में हेल्थ सब सेंटर या तो बंद रहते हैं या खुला रहने पर सीएचओ व एएनएम अनुपस्थित पाये जाते हैं। डीसी द्वारा सभी एमओआईसी को सख्त निर्देश दिया गया कि हेल्थ सब सेंटर में सीएचओ एवं एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित करायेंगे। उन्होने कहा कि प्राथमिक स्तर पर आम जनता को इलाज उपलब्ध हो इस उद्देश्य से हेल्थ सब सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, लोगों को उनके पंचायतों में चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने में संसाधन एवं मानव बल का बेहतर उपयोग हो इसे सुनिश्चित करें। साथ ही अस्पतालों के बेहतर रखरखाव को लेकर भी उन्होने सभी एमओआईसी एवं स्वास्थ्य पदाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि इलाज के साथ-साथ मरीजों को बेहतर वातावरण मिले चाहे वो साफ-सफाई हो या पेयजल, शौचालय, रंग-रोगन, उपकरणों का उचित रखरखाव या अन्य बुनियादी सुविधायें इसपर संवेदनशील होकर कार्य करें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, डॉ रंजीत पांडा, सभी एमओआईसी उपस्थित रहे।

# बेड़ो के हूटार गांव में एक वर्ष बाद भी पुरा नहीं बना जलमीनार, अब भी अधूरा

खबर मन्त्र संवाददाता



बेड़ो। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल देने के लिए सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रखंड के सत्रह ग्राम पंचायत के गांवों में टंकी,बोरिंग और पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है ।लेकिन पेयजल आपूर्ति विभाग व संवेदक की लापरवाही से यह पूरा नहीं हो सका। प्रखंड के हरिहरपुर जाम टोली पंचायत के हूटार गांव के ग्रामीणों का कहना है कि गांव में दो जलमीनार पिछले एक वर्ष से अधिक समय से जलमीनार का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि यहां पानी के लिए गांव के लोग तरस रहे हैं। अर्ध निर्मित जल मीनार लोगों को मुंह चिढ़ा रही है। ज्ञात हो कि प्रखंड के कई गांवों में नल जल योजना से जुड़े संवेदकों की लापरवाही व उपेक्षा से हर घर नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिसके कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल का सपना अभी तक अधूरा ही है। गांव में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना लूट व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इस योजना के आधे अधूरे कार्य की वजह से ये योजना धरातल पर नजर नही आती है। इस योजना में जिस तरह से अनियमितता बरती गई है,उसकी जांच होनी चाहिए। इधर हूटार गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है ना तो ठीक से मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है और ना ही बन रहे दीवार व पीलर में पानी दिया जा रहा है। जिससे टंकी की दीवार व पिलर मजबूत नहीं बनेगी। खराब निर्माण कार्य से लोगों में काफी आक्रोश है।

## खनन विभाग ने अवैध बालू लदा ट्रक किया जब्त

अनगड़ा। उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री के निर्देश पर खनन विभाग व अनगड़ा पुलिस ने गुरुवार की रात अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ अनगड़ा क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई करते हुए बालू लदे एक ट्रक को जब्त किया । टीम ने हाहे- राहे मार्ग व रांची-पुरुलिया मार्ग पर छापामारी अभियान चलाया । इस मामले में शुक्रवार को ट्रक के मालिक संचालक व चालक के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया बताया गया कि सिल्ली व राहे क्षेत्र से बालू का अवैध परिवहन रांची में अनगड़ा के रास्ते किया जाता है बालू के अवैध कारोबार से सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपए राजस्व की हानि हो रही है।

## बुटी मोड़ में विधायक जयराम महतो का मना 30वां जन्मदिन




रांची। जयराम महतो के 30 वें जन्मदिवस पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, रांची द्वारा बुटी मोड़, रांची में केक काटकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो का जन्मदिन मनाया गया एवं केक काटकर टाइगर जयराम महतो को फोन पर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। रांची जिला महानगर अध्यक्ष संजय महतो ने कहा कि टाइगर जयराम महतो नेता नहीं बल्कि जननेता हैं। विधायक जयराम महतो झारखंड के गरीब, गुरुवा, शोषित, पीड़ित एवं वंचितों का आवाज है। मौके पर केंद्रीय महामंत्री जितेंद्र महतो, मोहनलाल महतो, महावीर मुंडा, कुलदीप मंडल, प्रवीण कुमार महतो, वासुदेव मांझी, आशीष महतो, बलराम महतो, महेंद्र महतो, एवं जयराम महतो के कई समर्थक शामिल हुए।

## चितरकोटा में कृषक पर जानलेवा हमला

▸▸ दो के खिलाफ प्राथमिकी

▸▸ पुलिस कर रही है जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। चितरकोटा छोटकाटोली निवासी और कृषक कैरा उरांव ने गांव के ही जतरू उरांव व अनिल उरांव पर कुदाल के बेंत से जानलेवा हमला किये जाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी के ब्यान पर रातू थाने में 26 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की दोपहर कैरा उरांव नदी की तरफ खेत से काम कर घर लौट रहा था। इस बीच घात लगा कर सड़क किनारे खड़े जतरू और अनिल ने उस पर अचानक मारपीट शुरू कर दी। इससे कैरा को अंदरूनी चोटें आई और वह जख्मी हो गया। हमले के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# ग्रामीणों ने प्रखंड परिसर स्थित आवास निर्माण कार्य रोका, पंहुचे विधायक

## घटिया ईट छड़ सीमेंट का इस्तेमाल, कभी भी गिर सकता है बिल्डिंग : सुरेश बैठा

खबर मन्त्र संवाददाता



कांके। कांके प्रखंड परिसर स्थित बन रहे बीडीओ सीओ सहित कर्मचारी आवास में हो रहे घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रोक दिया।

ग्रामीणों ने मामले की सूचना विधायक सुरेश कुमार बैठा को दिया.सुरेश कुमार बैठा ने प्रखंड परिसर स्थित बन रहे सरकारी आवास का निरीक्षण किया.विधायक ने कहा आवास निर्माण में निम्न स्तरीय बंग्ला भट्ठा निर्मित ईट व लोकल सरिया छड़ का इस्तेमाल किया जा रहा है.साइट पर लग रहे ईंट को उठाकर देखा.बताया कि गुणवतापूर्ण कार्य नहीं होने पर भविष्य में बिल्डिंग कभी भी गिर सकती है.जिससे जान माल का नुकसान हो सकता है.साथ ही कहा बीडीओ व सीओ को समय समय पर यहो हो रहे कार्य का बीच बीच में निरीक्षण करना चाहिए। साथ ही ठेकेदार द्वारा शिलापट्ट पर प्राकलपित राशि का जिक्र नहीं करने पर विधायक ने नाराजगी जतायी।ज्ञात हो कि ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल की ओर से बीडीओ,सीओ,तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए 19 फ्लैट का निर्माण कार्य किया जा रहा है.जिसकी प्राकक्लित राशि 4.50 करोड़ की है.जिसका शिलान्यास सांसद संजय सेठ व विधायक समरीलाल ने इसी वर्ष 23 फरवरी को किया था.मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, पंचायत समिति सदस्य लालचंद सोनी अखतर हुसैन गौरीशंकर महतो अशोक महतो अबू तलहा अरविंद कुमार राम रोहित यादव मनीष महतो शाहिद कई कार्यकर्ता भी विधायक के निरीक्षण की बात सुनकर मौके पर पहुंचे थे।

इसं संबध में ठेकेदार मनोज अग्रवाल और उनके मुंशी से पूछे जाने पर बताया कि जिसे विधायक घटिया ईट और छड़ बता रहे हैं वहीं प्राक्कलन में है। मैं बहुत ही अच्छा काम कर रहा हू अगर गलत काम हुआ है तो कार्यपालक अभियंता और अभियंता भी इसके जिम्मेवार है।वहीं निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत हो चुका है.4.50 करोड़ में अभी तक एक करोड़ की पेमेंट विभाग द्वारा दिया गया है.बकाया पेमेंट भी विभाग द्वारा नहीं किया गया है। विधायक और कांग्रेसी कार्यकर्ता ग्रामीण विकास विभाग से मेरे किए कार्य का पेमेंट दिला देते तो अच्छी बात होती। विधायक के निरीक्षण करने से कुछ नहीं होगा।

## एक नजर में

### डीसी ने लगाया जनता दरबार



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जनता दरबार में आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान 60 से ज्यादा फरियादियों ने अपनी निजी समस्याओं व सामाजिक समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा जिसपर संवेदनशील होकर उन्होने यथोचित व समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने पार्किंग व नाली समस्या, ओल्ड एज होम में आश्रय एवं वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक विवाद, जमीन विवाद, प्राइवेट स्कूल में एडमिशन, अवैध बहुमंजिला इमारत की शिकायत, दुकान आवंटन, आवास, आर्थिक सहायता, अवैध शिक्षकों के संबंध में, बिजली बिल नहीं दिए जाने के संबंध में, स्थानांतरण, मानकी-मुंडा नियुक्ति आदि के संबंध में तथा अन्य सामाजिक विषयों पर ज्ञापन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया जिसपर यथोचित कार्रवाई को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर समयबद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। उपायुक्त द्वारा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अन्य संबन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का जांचोंपरान्त समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### दिल्ली में सम्मानित हुए चंचल भाटिया



जमशेदपुर। शहर के समाजसेवी,सह विभिन्न सामाजिक संस्थाओं सह राजनीति से जुड़े चंचल भाटिया को दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में 'सेल्यूट तिरंगा' संस्था द्वारा आयोजित 'अटल तिरंगा सम्मान' से सांसद मनोज तिवारी द्वारा स्मृति चिन्ह सह अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जैसा कि ज्ञात है हर वर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश से 30 लोगों को उनके सामाजिक एवं जन सेवा के कार्यों के अनुरूप उन्हें अटल तिरंगा सम्मान से सम्मानित किया जाता हैं। इस वर्ष ये सम्मान शहर के चंचल भाटिया को मिला। चंचल भाटिया कई सामाजिक संस्थाओं एवं राजनीति से जुड़े है,समय समय पर वो जरूरतमंद बच्चो की पढ़ाई, कन्याओं के विवाह में सहयोग, श्राद्ध कर्म में सहयोग जैसे सामाजिक कार्य करते रहते है। साथ ही वो खुद प्लेटलेट्स डोनर है,17 बार वो प्लेटलेट्स डोनेट कर चुके है। उनके इन्हीं कार्यों को देखते हुवे सेल्यूट तिरंगा संस्था द्वारा उन्हें इस बार अटल तिरंगा सम्मान से सम्मानित किया गया। चंचल भाटिया ने कहा कि उन्हें मिले इस सम्मान के लिए वो सेल्यूट तिरंगा संस्था के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद करते है। साथ ही कहा कि ये सम्मान सिर्फ उनका नहीं लौहनगरी के हर शख्स का है। इस सम्मान कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज,सांसद मनोज तिवारी जी, सेल्यूट तिरंगा के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा, राष्ट्रीय निर्देशक निशा सोलंकी, संस्था के झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### दादी जी की दिव्य ज्योत रथयात्रा 30 दिसंबर को पहुंचेगी जुगसलाई



जमशेदपुर। भारत भ्रमण पर निकली कुल देवी श्री ढांढण वाली दादी मां (श्री टीडा गेला दादी जी) की दिव्य ज्योत रथयात्रा सोमवार 30 दिसम्बर को जुगसलाई पहुँचेगी। जुगसलाई चौक बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में दोपहर 3 बजे दिव्य ज्योत रथयात्रा का स्वागत किया जायेगा। इसके बाद स्वागत यात्रा आरंभ होगा, जुगसलाई एमई स्कूल रोड स्थित श्री राजस्थान शिव मंदिर पहुँचकर संपन्न होगी। स्वागत यात्रा में छउ नृत्य, ऊंट की सावरी, बैंड बाजा, सभी भक्त दादी मां की ध्वजा लेकर साथ चलेंगे। इसी दिन शाम 5 बजे से शिव मदिर में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें आमंत्रित कलाकार कोलकाता के मूलचंद बजाज, अविनाश अग्रवाल, मोनू मोर एवं कविता अग्रवाल द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जायेगी। इसका आयोजन श्री ढांढण शक्ति प्रचार मंडल टाटानगर द्वारा किया जा रहा हैं। इसे सफल बनाने में संस्था से जुड़े भरतिया एवं बजाज परिवार के सभी सदस्य लगे हुए हैं। मालूम हो कि फतेहपुर के श्री टीडा गेला से कुल देवी मां ढांढण वाली दादी जी की दिव्य ज्योत रथयात्रा यात्रा विगत 11 दिसंबर को ढांढण शक्ति धाम से शुभारंभ हुई हैं, जो भारत भ्रमण कर वापस 25 जनवरी को राजस्थान ढांढण शक्ति धाम में पहुंचेगी।

### दिवंगत आंदोलनकारी नेता श्यामा पद महतो की मूर्ति अनावरण

पटमदा। बोड़ाम प्रखंड की दुन्दु गांव के निवासी व झारखंड आंदोलनकारी तथा बोड़ाम के तत्कालीन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिवंगत श्यामा पद महतो की प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर विधायक के द्वारा निजी खर्च पर निर्मित मूर्ति का शुक्रवार को बोड़ाम प्रखंड के चिरुडीह मोड़ में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने अनावरण किया। इसके पहले पुरोहित के द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। झामुमो बोड़ाम प्रखंड कमेटी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के कई वरीय नेतागण शामिल होकर नव निर्मित मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने कहा कि श्यामा पद महतो पार्टी के सच्चे सिपाही थे। उन्होंने बोड़ाम प्रखंड में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके असामायिक निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। जो निकट भविष्य में भरपाई करना संभव नहीं है। इस दौरान जिला पार्षद गीतांजलि महतो, विधायक प्रतिनिधि माणिक महतो, दुर्योधन महतो समेत काफी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### कमड़े रिलायंस पेट्रोल पंपकर्मी से लूट का मामला

## अपराधियों का नहीं मिला सुराग

रातू। थाना क्षेत्र के काठीटांड़ चौक स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के गेट से गुरुवार की दोपहर रिलायंस पेट्रोल पंप, कमड़े के कर्मी से हुयी 13.66 लाख की लूट मामले में पुलिस को अब तक कोई सफलता नहीं मिल पायी है। घटना के 30 घंटे बाद भी अपराधियों का सुराग मिलने की खबर नहीं है। अल्वत्ता, घटना स्थल समेत अन्य स्थानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। तकनीकी सेल से कॉल डंप कराया जा रहा है। पुलिस पंप के एक अन्य कर्मी अनीस कुमार की गतिविधि पर खास नजर रख रही है। वारदात को अंजाम देने में 5 लोग थे। पल्सर बाइक सवार हेलमेट पहने दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। जबकि, फुटेज में तीन अपराधकर्मी पंप में बिमल मिश्र की रेकी करते दिखाई दे रहे हैं। वह श्री मिश्र की आईटेन कार जेएच 01 बीपी 7616 से रुपए जमा करने बैंक जाने का इंतजार कर रहे थे और अनीस उक्त कार की सफाई कर रहा था।

**तीन साल से गिरोह सक्रिय**

गिरोह इलाके में तीन साल से सक्रिय है। इससे पहले भी पंप में लूट हो चुकी है। उसका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। महिलाओं को आभूषण पहनकर घर से निकलना दुभर हो गया है। वह गले से चेन की छिनतई से भयभीत हैं। दर्जन भर महिलाएं अपराधियों की शिकार हो चुकी हैं। लेकिन, किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। गिरोह बाहर का होने और यहां के अपराधियों का उन्हें संरक्षण मिलने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## धीर, वीर, गंभीर मनमोहन

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का मूल्यांकन सहज नहीं है। पूरी दुनिया में देश को आर्थिक मंच पर ताकतवर बना देने के लिये जो उपक्रम उन्होंने किया उसे देश की विकास यात्रा के हर क्षेत्र में महसूस किया जा सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी से वित्त मंत्री और उसके बाद देश के प्रधानमंत्री के रुप में पूरी दुनिया में उनकी चर्चा हुई। प्रसिद्ध पत्रिका टाइम्स के मुख्य पृष्ठ पर एक उम्मीद के साथ उन्हें प्रकाशित करते हुए उनकी चर्चा की गयी। भारतीय राजनीति में वे एक मात्र शख्सियत थे जिनके विरोधी भी उनकी आलोचना नहीं कर पाते थे। कांग्रेस की सरकार के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री होने के कारण उनके कार्य काल में हुए भ्रष्टाचार के आरोप में भीउनके विरोधी यह स्वीकार करते थे कि डॉ सिंह का इन मामलों से कोई लेना देना नहीं है। हांलाकि एक प्रधानमंत्री के तौर पर नैतिक जबावदेही को उन्होंने कई मंचों पर स्वीकार किया लेकिन उनकी कृतज्ञता इतनी बड़ी थी कि उन्होंने अपने आप को पूरे तौर आर्थिक सुधार से जोड़ कर रखा। उनके व्यक्तित्व में इतनी व्यापकता थी कि लगता था मानो वे प्रधानमंत्री के पद से बड़ें हैं और वे कभी भी पद से चिपके या उसके दबाव में नहीं दिखे। परमाणु समझौता को लेकर जिस प्रकार गठबंधन की सरकार में उन्होंने अमेरिका से समझौता किया यह एक बड़ा उदाहरण था। आज देश जिस निजीकरण की नीतियों से आर्थिक, सामरिक और वैश्विक सम्मान का हकदार बना है उसमें उनकी दूरदर्शिता को मानना ही होगा। एक दशक तक एक स्थिर सरकार और आने वाले दशकों में देश की आर्थिक स्थिति बेहतर करने वाली नीतियों के पुरोधा के तौर पर धीर-वीर और गंभीर डॉ सिंह को का देश कृतज्ञ है। आने वाले समय में देश उन्हें एक राजनेता से अधिक एक मनीषी के तौर पर याद करेगा।

### कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

**मिथुन :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

**कर्क :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

**कन्या :** पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

**तुला :** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

**धनु :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

**मकर :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

**कुंभ :** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

**मीन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

# आर्थिक विकास के अद्वितीय शिल्पकार थे डॉ मनमोहन सिंह

**गुरुवार** शाम को मंईयां योजना की राशि लाभुक महिलाओं के खाते में आने लगे थे। इसकी चर्चा हमारे सहयोगी दीपू जी कर ही रहे थे तभी हमारे वरिष्ठ सहयोगी बापी दा ने कहा कि इन योजनाओं के पीछे आर्थिक विकास का हाथ है जो आज देश-राज्य गरीबों को सीधे लाभ पहुंचा पा रहें हैं। इसी क्रम में हमारे वरीय उप संपादक बासुकी जी ने हामी भरी कि हां नरसिम्हा राव जानकार थे वापी दा ने भी। लेकिन इस बहस में मैंने उन्हें रोका और कहा कि आज देश जहां है वहां डॉ मनमोहन सिंह की दूरदृष्टि और उनके उन वित्तीय प्रयासों के कारण है जो 1991 में उन्होंने लागू किया। मनमोहन सिंह को सफल प्रधानमंत्री से अधिक डूबते भारत को बचाने वाले वित्त मंत्री के रुप में मैं मानता हूं।

जब हम चारों सहयोगी खबर मन्त्र में यह बहस कर रहे थे तब हममें से किसी को नहीं मालूम था कि मात्र तीन घंटे बाद मनमोहन सिंह दुनिया को अलविदा कह देंगे।

डॉ मनमोहन सिंह ने जिस भारत को समझा उसे समझना, जानना और पहचानना इतना सरल नहीं है। देश के आजादी के बाद पूरी दुनिया भारत को एक डूबता देश मान चुकी थी। चार दशक की देश की यात्रा के बाद भी मिश्रित अर्थव्यवस्था डूबने की कगार पर थी। देश में नरसिम्हा राव की कांग्रेस नीत गठबंधन सरकार थी जो डगमगाती सी थी। ऐसे में श्री राव में आरबीआई के पूर्व गवर्नर रहे श्री सिंह को वित्त मंत्री बनाकर एक बड़ा जोखिम मोल लिया। इस मंत्री को रोजनीति का कोई अनुभव नहीं था। राजनीति गलियारें में 1991 में चर्चा थी कि तत्मालिन सरकार की सबसे कमजोर कड़ी वित्त मंत्री साबित होगे।

तब श्री सिंह ने समझा कि आखिर देश का बंटाधार किन कारणों से हुआ है। अधिक से अधिक सरकारीकरण और गैर जबावदेही के साथ देश पूरी दुनिया से कटा था। निजी कोल कंपनियों और बैंको का सरकारीकरण कर दिया गया था। भ्रष्टाचार पर कोई नकेल नहीं था। देश का साम्यवादी और समाजवादी मॉडल लगातार देश को पिछे ढकेल रहा था। ऐसे में मनमोहन सिंह ने एलपीजी लिबरेलाईजेशन, प्राइवेटलाईजनेश और ग्लोबलाईजेशन का फार्मूला देश को दिया।

आरक्षण और राम मंदिर के आंदोलन से तपते देश में जब आर्थिक समझ लोगों में उतना प्रभावी नहीं था डॉ सिंह ने पूरी दुनिया को चौकाते हुए एलपीजी का दस्तावेज तैयार कर उससे देश को दिशा दी।

दिवालिया के कगार पर खड़ा भारत जिसके पास अपने सुरक्षित सोने के भंडार से 46.91 टन सोना गिरवी रखकर अपनी अर्थव्यवस्था चलाने के अतिरिक्त कोई दूसरा उपाय नहीं था उसके इस नयी आर्थिक नीति को दुनिया कितना स्वीकार करेगी यह यक्ष प्रश्न सबसे दिमाग में चल रहा था। जो आर्थिक विषयों के जानकार नहीं थे उन्हें भी इस बात की चिंता थी या इतना इल्म तो था कि देश की नैय्या डूब रहीं है। लेकिन पूरी दुनिया ने मनमोहन सिंह की आर्थिक नीति पर भरोसा किया और देश की गाड़ी चल निकली।



आजादी के बाद एक नये भारत को नयी दिशा देने का काम मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री रहते हुए किया। पूरी दुनिया की कंपनियों को भारत में निवेश के लिये सर्शत आमंत्रित किया गया। इस बात का पूरा ख्याल रखा गया कि भारतीय कंपनियों को भी मजबूत और तकनीकी रुप से दक्ष होने का समय और अवसर मिले। देश की सुरक्षा और संविधान की नीतियों का भी इस आर्थिक नीति में पूरा ख्याल रखा गया।

दुनिया के लिये भारत का दरबाजा खुला लेकिन मनमोहनसिंह ने इस दरबाजे को ऐसा नहीं खोला जिससे भारतीयता का नाश हो जाए, देश विदेशी कंपनियों का गुलाम हो जाए। यह संतुलन बना लेना कोई आसान काम नहीं था। सिर्फ विदेशी मुद्रा भंडार ही कम नहीं था देश कर्ज की बोझ से भी डूबा था और विकास की गति भी धीमी थी। हर ओर निराशा ही निराशा थी।



**- एनके मुरलीधर**

> संसदीय व्यवस्था और दुनिया के सबसे बड़ें लोकतंत्र में जब प्रभावी वक्ता के तौर पर देश रत्न अटलबिहारी बाजपेयी जैसे कुशल वक्ता के पीएम बनने के बाद डॉ सिंह पीएम बने तो देश में चर्चा होती थी कि कितने खामोश व्यक्ति है। कांग्रेस ने पीएम मनमोहन सिंह पर पूरा भरोसा किया। वे संसद में कम बोल, हिंदी में भी कम से कम लेकिन जब मनमोहन सिंह ने कहा था 'हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी,जो कई सवालों की आबरू ढक लेती है।

संसदीय व्यवस्था और दुनिया के सबसे बड़ें लोकतंत्र में जब प्रभावी वक्ता के तौर पर देश रत्न अटलबिहारी बाजपेयी जैसे कुशल वक्ता के पीएम बनने के बाद डॉ सिंह पीएम बने तो देश में चर्चा होती थी कि कितने खामोश व्यक्ति है। कांग्रेस ने पीएम मनमोहन सिंह पर पूरा भरोसा किया। वे संसद में कम बोल, हिंदी में भी कम से कम लेकिन जब मनमोहन सिंह ने कहा था 'हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी,जो कई सवालों की आबरू ढक लेती है..'

संयमित और शांत स्वभाव के नेता, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उर्दू शेरो-शायरी में गहरी रुचि थी और लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सुषमा स्वराज के साथ उनकी ये शायराना नोकझोंक सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली संसदीय बहसों में शुमार की जाती है।

2011 में संसद में एक तीखी बहस के दौरान लोकसभा में विपक्ष की नेता सुषमा ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी प्रधानमंत्री सिंह के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधने के लिए वाराणसी में जन्मे शायर शहाब जाफरी के शेर का सहारा लिया था।

उन्होंने बहस के दौरान शेर पढ़ते हुए कहाः तू इधर उधर की न बात कर, ये बता कि काफिला क्यों लुटा; हमें रहजनों से गीला नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है।

सिंह ने सुषमा के शेर का तल्खी भरे अंदाज में जवाब देने के बजाए अपने शांत लहजे में बड़ी विनम्रता से अल्लामा इकबाल का शेर पढ़ा जिससे सदन में पैदा सारा तनाव ही खत्म हो गया। उन्होंने शेर कहाः **माना कि तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक देख, मेरा इंतजार देख।**

साहित्य में रुचि रखने वाले दोनों नेताओं का 2013 में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान एक बार फिर आमना सामना हुआ। सिंह ने सबसे पहले निशाना साधने के लिए मिर्जा गालिब का शेर चुना। उन्होंने कहाः हम को उनसे वफा की है उम्मीद, जो नहीं जानते वफा क्या है। स्वराज ने अपनी अनोखी शैली में इसके जवाब में अधिक समकालीन बशीर बद्र का शेर चुना और कहाः कुछ तो मजबूरियां रही होंगी, यूं कोई बेवफा नहीं होता।

भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में सिंह से सवाल पूछे थे तो उन्होंने कहा थाः हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी, जो कई सवालों की आबरू ढक लेती है।

धीर,वीर और गंभीर डॉ मनमोहन सिंह के बारे में चर्चा थी कि जब भी देश किसी भी आर्थिक मसले में फंसता दिखता था तो पीएम मोदी के सबसे भरोसेमंद सलाहकार भी डॉ सिंह ही थे।

पीएम रहते हुए जिस प्रकार उन्होंने सूचना के अधिकार, मनरेगा और आधारभूत ढांचा के विकास का रोड मैप तैयार किया आज देश उसी पर चल रहा है। देश अगर विश्व में आर्थिक शक्ति बना तो उन्हीं आर्थिक सुधारों के कारण जिसकी रुप रेखा उन्होंने तैयार की थी। भारत के इतिहास में एक ऐसे सत्ता नायक थे जो अपनी विद्धता के बल पर देश को एक दिशा दी और वे गैर राजनीतिक व्यक्ति के तौर पर अपने आचरण में भी बने रहे।ऐसे आर्थिक वैज्ञानिक संसार में विरले होते हैं। विकास के हर कदम में उनकी नीतियोंका साथ देश को अनंत काल तक मिलता रहेगा। उनकी विद्धता के कायल हैं हर एक लोग, जिन्होंने विकास में नीतियों की ताकत को समझा और महसूस किया।

**विनम्र श्रद्धांजलि।**

### लेटर टू एडिटर

#### अनियंत्रित गति

**सड़कों** पर होने वाले हादसों का एक मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए जाते हैं ताकि वाहनों की स्पीड कम रहे पर वाहन चालक इन्हें भी अनदेखा करते हैं। ओवर स्पीडिंग न केवल दूसरे वाहनों के लिए खतरा है बल्कि पैदल चलने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने वालों के लिए भी। क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? इसके साथ, ट्रैफिक व सामान्य पुलिस को सतर्क करने तथा यात्रियों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

#### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा मिले।

**-दिनेश, जमशेदपुर**

### X ट्वीट

भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे। हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

मनमोहन सिंह जी ने बहुत ही बुद्धिमत्ता और ईमानदारी के साथ भारत का नेतृत्व किया। उनकी विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने पूरे देश को प्रेरित किया।

**- राहुल गांधी, सांसद**

## आर्थिक मसलों पर वैश्विक स्थितियों के जानकार थे मनमोहन सिंह



**मनोज शर्मा**

### सामयिक

हम सब 'रिजर्व बैंक के गवर्नर मनमोहन सिंह ' का हस्ताक्षर देखते हुए बड़े हुये। हस्ताक्षर से इतना समझ जाते थे कि कोई बड़ी शख्सियत होंगे? तभी तो नोट पर हस्ताक्षर है। मनमोहन सिंह पीवी नरसिंह राव सरकार में खस्ताहाल देश की स्थिति बहुत हद तक संभाल लिये थे। मुफ्तखोरी सब्सिडी वगैरह को बहुत सारे विरोध के बावजूद काबू में किये। इन्हें यूरोप से प्रतिष्ठित यूरोमनि सम्मान से सम्मानित किया गया।

सरदार जी आर्थिक मामलों के उद्भट्ट विद्वान थे, पर घाघ शातिर चतुर राजनेता नहीं थे। देश की सुरक्षा, भ्रष्टाचार, राष्ट्र के सम्मान यहां तक की अपने सम्मान की रक्षा जैसे मसले पर भी निरीह थे।

मैडम (सोनिया गांधी) ने इन्हें पीएम बनाया , इस बात को वो दोनों कार्यकाल में जनता के सामने बार बार रटते रहे। सोचिये सबसे बड़े लोकतंत्र का मुखिया जनता के सामने ऐसा कहता रहे तो क्या संदेश जाता होगा?

सामरिक और सुरक्षा जैसे मसले पर मनमोहन पूरी तरह फेल थे। ऐसा होना लाजमी ही था क्योंकि कलम पकड़ने और हिसाब किताब वाला व्यक्ति तलवार नहीं चला सकता। पाकिस्तान की शिकायत अमेरिकी राष्ट्रपति के कान में कुछ इस तरह किये कि नवाज शरीफ ने इन्हें देहाती औरत कहा। पाकपरस्त आतंकी हमलों का कैसे जवाब दें ? इसर मनमोहन सिंह को कुछ समझ नहीं आता था। चुपचाप देश पर आतंकवाद और शत्रु देशों के दिये घाव को देखते रहते थे। मुंबई हमले के बाद प्रत्युत्तर देने के बजाय कहते रहे कि सब बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकता देश के भीतर दंगाइयों, गद्दारों और विध्वंसकों को चुपचाप निहारते रहे। तुष्टिकरण में चाहे अनचाहे खुद लिप्त हो गये।बयान दे दिये कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला हक माइनोरिटी का है।

राजनीतिक कुटिल बहसों में भी मनमोहन सिंह लाचार नजर आते थे,क्योंकि यह नेता थे ही नहीं। अक्सर अपने ऊपर हमलों के सामने सरेंडर कर जाते थे।

अपनी ही सरकार में भ्रष्टाचार को सरदार जी कुछ इस तरह देखते थे जैसे वो मूक हों। उनके इसी कमजोरी के कारण कलमाड़ी, ए राजा, पवन बंसल, चिदंबरम वगैरह खुल्ला खेल फरूर्खाबादी करते रहे। यूपीए टू का कार्यकाल भ्रष्टचार के इतिहास में रिकार्ड बना गया था। कौमनवेल्थ, टूजी वगैरह दर्जनों भ्रष्टाचार तभी के दाग हैं।

कोल गेट मामले में गलती होने की स्वीकारोक्ति और मुख्य सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति में दागी व्यक्ति का चुनाव की गलती उन्होंने सदन में मान ली। फिर जब उनकी लानत मलामत होने की नौबत आयी तो विपक्षी सुषमा स्वराज ने ही सबों को चुप करा कर उनको बचाया। स्वयं कभी किसी लालसा या मोह से परे रहे मनमोहन सिंह । इसी कारण पीएम मोदी ने कहा दिया था कि कौन सा रेनकोट पहन कर नहाते हैं? जो आज तक स्वयं बेदाग हैं? हालांकि यह राजनीतिक हमला था, पर मनमोहन सिंह स्वयं बेदाग और किसी भी स्वार्थ से ऊपर थे।

अक्सर राहुल सोनिया के सामने सिर्फ एक टूल पीएम की तरह दिखने वाले मनमोहन सिंह बहुत ही सीधे सादे व्यक्ति रहे। उनके अध्यादेश को राहुल गांधी ने पोलिटिकल स्टंट में फाड़ दिया, तब लगा था कि इनकी कांग्रेस सुप्रीमों के सामने कोई हैसियत नहीं। मैने इन्हीं कारणों को जानने के लिये पत्रकार संजय बारू लिखित किताब एन एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर पर बनी फिल्म जाकर देखी। इस फिल्म को देख कर बहुत सारे सवालों का जवाब मिल गया।

मनमोहन सिंह निस्वार्थ सिर्फ और सिर्फ देश की माली हालत सुधारने का आजीवन प्रयास करते रहे, आजीवन उसी की सोचते रहे जो कि सबसे महत्वपूर्ण कार्य था। वह क इ बार देश को आर्थिक संकटों से उबार ले गये। इसके अलावा वह किसी और कार्य के लिये नहीं बने थे। यही कारण था कि बाजपेयी से लेकर कट्टर दक्षिणपंथी भाजपाइयों में भी उनके लिये सम्मान था।

मेरा मानना है कि वह पार्टी से ऊपर उठ कर काम करते। उनके इन्हीं गुणों और निश्छलता ने उन्हें दो बार पीएम और अन्य बड़े पद प्राप्त करवायें।अगर मनमोहन सिंह भाजपा के साथ होते तो निश्चय ही देश एक बेहतर स्थिति में आज से बीस साल पहले ही होता। भ्रष्टाचार, आतंकवाद, सामरिक सुरक्षा, सांप्रदायिकता, तुष्टिकरण चरम पर रहा। आखिर कोई भी व्यक्ति संपूर्ण नहीं होता।एक अर्थशास्त्री को पीएम बनाने के नफे नुकसान को झेलना ही था।

एक गैर राजनीतिक व्यक्ति का दस साल लगातार भारत जैसे जटिल लोकतांत्रिक देश में पीएम रहकर आर्थिक सुधार लागू करने का महानतम कार्य उन्होंने किया यह देश नहीं भूलेगा।

## नियति ने बनाया डॉ मनमोहन सिंह को अद्वितीय प्रधानमंत्री



**रानी राज**

### श्रद्धांजलि

**एक ऐसे प्रधानमन्त्री जिनका काम बोलता था।**

जी-20 के शिखर सम्मेलन के मुलाकात में ओबामा ने कहा था - जब डॉ मनमोहन बोलते हैं तो दुनिया सुनती है। किसी भी राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु पहला आधार-आर्थिक आजादी है ,बाकी चीजें स्वतः विकसित होती हैं ,इसी आधार को चरितार्थ किया इस प्रधानमंत्री ने। अल्प आबादी सिख समुदाय से आने वाले डॉ मनमोहन सिंह जिसके कारण अनेकों विरोधों का सामना भी करना पड़ा ,करोड़ों भारतीयों को गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकाले ।मनमोहन सिंह भारतीय अर्थव्यवस्था के सुधारक अभियंता रहे हैं। जब देश 90 के दशक आते- आते भारी आर्थिक संकट ,भुगतान संतुलन का दुष्चक्र, लाइसेंसी भ्रष्टाचार,से गुजर रहा था तब ये कुदरत द्वारा चुने गए। देश के कर्णधार के रूप में सामने आए क्योंकि इनके प्रधानमंत्री बनने के संयोग किसी कोने से नहीं दिखता था बावजूद इसके प्रधानमंत्री बने। असम और राजस्थान आदि से प्रतिनिधित्व करते हुए उच्च सदन पहुंचे और भारत को एलपीजी,आरटीआई,मनरेगा जैसे दूरदर्शी योजना लगातार दिए जिसके बदौलत आज देश तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है।आज भी भारत सरकार की चल रही अधिकांश योजनाएं उनकी सोच की ही उपज हैं । डॉ मनमोहन सिंह लोगों की भावनाओं पर जितने वाले प्रधानमंत्री नहीं थे,बल्कि इन्होंने लोगों को आर्थिक आजादी और उच्च जीवन स्तर देकर कई बार प्रधानमंत्री पद को शोभित किया था। ताम -झाम,दिखावे, भाषणबाजी ,नाटकबाजी के जमाने में बड़े कायदे से अपनी करनी से वे राजनीतिक रूप से ईमानदार रहे ।ओबामा लिखते हैं-उन्होंने बड़ी मेहनत से बेईमान न होने की अपनी ख्याति कायम रखी। वे विदेश नीति के भी विशेषज्ञ थे।

देश की भारत की आर्थिक दिशा सुनिश्चित करने वाले मनमोहन सिंह थे। उनके जीवन का पक्ष केवल डिग्रियों और अर्थ के विषेशज्ञ के तौर पर ही नहीं है बल्कि मानवीयता के महानायक के रूप में भी है । वे अर्थव्यवस्था और राजनीति की रचनात्मक भूमिका में मानवीय पक्ष को जोड़ने के पक्षधर थे ।

उनका जन्म पाक - पंजाब में हुआ था। अपने जन्म स्थान और भाषा के प्रति उनका सम्मान हमेशा बना रहा। विस्थापन का दर्द वे अच्छी तरह समझते थे। उनकी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा उर्दू माध्यम में हुई। प्रधान मंत्री के रूप में भी, सिंह ने अपने हिंदी भाषण उर्दू लिपि में लिखे, कभी-कभी वे गुरुमुखी का भी उपयोग करते थे , जो उनकी मातृभाषा लिपि थी। सीधे और सरल व्यक्तित्व के धनी मनमोहन सिंह अपने व्यक्तिगत जीवन के लिए भी प्रेरणादायक है। उनके ईमानदारी की प्रशंसा खुशवंत सिंह भी करते है। उन्होंने अपनी पुस्तक एब्सोल्यूट खुशवंतः द लो-डाउन ऑन लाइफ, डेथ एंड मोस्ट थिंग्स इन-बिटवीन में इसका उल्लेख किया है। 2010 की फोर्ब्स की दुनिया के सबसे शक्तिशाली लोगों की सूची में इन्हे 18वां स्थान मिला था । श्री सिंह को नेहरू के बाद भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री के रूप में बताया।

मनमोहन सिंह का मधुर एवं मृदु स्वभाव उन्हें वर्तमान राजनीतिज्ञों से अलग कर अटल बिहारी बाजपयी जैसे अजातशत्रु राजनीतिज्ञों की श्रेणी में खड़ा कर देता है। वे उस राजनीतिक पीढ़ी के अंतिम वारिशों में है जिन्होंने राजनीतिक अनुशासन का पालन किया है।

उनके कार्यकाल की उपलब्धियां उन्हें नियति का प्रारब्ध तय करती है। भारत के आर्थिक और समावेशी विकास की कहानी उनके विचारो के आँगन में ही विकसित हुई । भारत के अर्थव्यवस्था की नई कहानी की शुरूआत 1991-1996 में उनके वित्तमंत्री के कार्यकाल के दौरान हुई। जो व्यक्ति ज्ञान की दुनिया में खोया हुआ था उसे नियति ने वित्तमंत्री बना राजनीति में ला खड़ा कर दिया। फिर वे आने वाले 22 -23 वर्षो तक भारत के अर्थव्यस्था के साथ समावेशी विकास के आधार स्तम्भ बने रहे। डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने जुलाई 1991 में अपने बजट भाषण का समापन इन शब्दों में किया था , दुनिया की कोई भी ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती जिसका समय आ गया है। मैं इस सम्मानित सदन को सुझाव देता हूं कि दुनिया में एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में भारत का उदय एक ऐसा ही विचार है। यहीं से नियति की पटकथा शुरू हुई थी। समाजवादी अवधारणा को प्रमुखता देने वाला देश पूंजीवादी विचारो का वाहक बन गया। साथ ही समावेशी विकास के माध्यम से समाजवाद का भी पोषण जारी रखा। डॉ. सिंह के नेतृत्व में भारत ने अपने इतिहास में सबसे तेज आर्थिक वृद्धि दर देखी। 2007 में, भारत ने 9% की अपनी उच्चतम जीडीपी विकास दर हासिल की और दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया। विश्व बैंक के अनुसार भारत 2005 में दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से बढ़कर 2011 में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। उनके कार्यकाल में ही वैश्विक आर्थिक संकट का प्रभाव भारत में बेअसर साबित हुआ। वे केवल आर्थिक विकास से ही संतुष्ट नहीं थे , उन्होंने अपने सुधारो के परिणामो को समाज के सबसे निचले पायदान के व्यक्ति तक पहुचाने के लिए कई अभूतपूर्व सामाजिक और प्रशासनिक सुधारो की शुरूआत की। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन , शिक्षा का अधिकार अधिनियम।, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम , सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 , भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 और आधार कार्ड की शुरूआत प्रमुख है। इन योजनाओ ने समाज में क्रांति का संचार किया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, भष्टार्चार पर प्रहार और बजट पर भार को कम किया। उनकी दूरदर्ष्टि ने ऐसे कानून और योजनाओ का निर्माण हुआ जिनके आधारशिला पर अभी तक सरकारे चल रही है। वे उदार आर्थिक नीतियों से समृद्ध आधुनिक भारत का निर्माण किए। करबद्ध नमन उनको ,भावभीनी श्रद्धांजलि।

# इतिहास मेरे प्रति दयालु होगा, जब डॉ सिंह ने मीडिया से कही थी ये बात

**इतिहास मेरे प्रति दयालु होगा...'', जब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मीडिया से कही थी ये बात**



वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल पूरा करने से कुछ महीने पहले मनमोहन सिंह ने कहा था कि उनका नेतृत्व कमजोर नहीं है और इतिहास उनके प्रति मीडिया द्वारा उस समय कही गई बातों की तुलना में कहीं अधिक दयालु होगा।

मनमोहन सिंह ने जनवरी 2014 में दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा था, ह्लमैं यह नहीं मानता कि मैं एक कमजोर प्रधानमंत्री रहा हूंङ्क मैं ईमानदारी से यह मानता हूं कि इतिहास मेरे प्रति समकालीन मीडिया या संसद में विपक्ष की तुलना में अधिक दयालु होगाङ्क। राजनीतिक मजबूरियों के बीच मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है, जो मैं कर सकता था।ह्व सिंह 10 साल तक प्रधानमंत्री के पद पर रहे और 26 मई 2014 को नरेन्द्र मोदी ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में प्रधानमंत्री का पद संभाला।

मनमोहन ने अपने अंतिम संवाददाता सम्मेलन में कहा था, परिस्थितियों के अनुसार मैं जितना कर सकता था, उतना मैंने किया है यह इतिहास को तय करना है कि मैंने क्या किया है या क्या नहीं किया है। मनमोहन ने उन सवालों का जवाब देते हुए यह बात कही थी, जिनमें कहा गया था कि उनका नेतृत्व ह्वकमजोर है और कई अवसरों पर वह निर्णायक नहीं रहे। सिंह ने इस संवाददाता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रधानमंत्री पद के तत्कालीन उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला था और मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के कार्यकाल में 2002 में हुए गुजरात दंगों का भी जिक्र किया था।

उस समय भाजपा ने मोदी को एक मजबूत नेता के रूप में पेश किया था, और लोकसभा चुनावों से पहले कमजोर नेतृत्व के मुद्दे को लेकर सिंह पर निशाना साधा था। सिंह ने कहा था, अगर आप प्रधानमंत्री की ताकत का आकलन अहमदाबाद की सड़कों पर निर्दोष नागरिकों के सामूहिक नरसंहार का नेतृत्व करने से करते हैं, तो मैं इसमें विश्वास नहीं करताङ्क. मुझे नहीं लगता कि इस देश को अपने प्रधानमंत्री से इस तरह की ताकत की जरूरत है।

उन्होंने कहा था, मुझे पूरा विश्वास है कि अगला प्रधानमंत्री संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) से होगा नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना देश के लिए विनाशकारी होगा मैं ईमानदारी से मानता हूं कि नरेन्द्र मोदी जो कह रहे हैं, वह पूरा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि संप्रग-1 और संप्रग-2 में प्रधानमंत्री के रूप में उनके दो कार्यकाल ने कांग्रेस की गठबंधन सरकार चलाने की क्षमता को प्रदर्शित किया और इस धारणा को दूर किया कि यह पार्टी गठबंधन नहीं चला सकती।

उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में कुछ समझौते किए गए, लेकिन वे ह्वह्वराष्ट्रीय समस्याओं पर नहीं, बल्कि कम महत्व वाले मुद्दों परह्व थे। जब सिंह से कांग्रेस के भीतर उनके नेतृत्व के बारे में ह्वह्वनकारात्मकह्व धारणाओं के बारे में पूछा गया तो उनका जवाब था, ह्वह्वप्रधानमंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान सामने आई किसी भी विषम स्थिति के कारण किसी ने भी मुझसे पद छोड़ने के लिए नहीं कहा।

# बस 2 हफ्ते का था रिजर्व, फिर कर दिया कमाल...

## 1991 का वो ऐतिहासिक बजट, जब मनमोहन सिंह ने कर दिये थे ये बड़े ऐलान




**मनमोहन** सिंह ने कहा कि सुधार प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक उत्पादन की दक्षता और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना होगा ताकि इस उद्देश्य के लिए विदेशी निवेश और विदेशी प्रौद्योगिकी का उपयोग उत्पादकता बढ़ाने के लिए अतीत की तुलना में कहीं अधिक हद तक किया जा सके। निवेश का, यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत के वित्तीय क्षेत्र का तेजी से आधुनिकीकरण हो, और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार हो, ताकि हमारी अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में पर्याप्त तकनीकी और प्रतिस्पर्धी बढ़त हासिल करने में सक्षम हो सकें।

1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख मोड़ते हुए, तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने देश को सबसे गंभीर वित्तीय संकट से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार के तहत, मनमोहन सिंह को यह सुनिश्चित करने के लिए कई स्तरों के परीक्षणों से गुजरना पड़ा कि उनके 1991-92 के केंद्रीय बजट को पूरे देश में स्वीकार किया गया और अभूतपूर्व परिणाम मिले। भारत, उस समय, कम विदेशी मुद्रा भंडार और कमजोर सोवियत संघ के साथ आर्थिक पतन के कगार पर था, जो सस्ते तेल और कच्चे माल के स्रोत के रूप में काम करता था। देश के आर्थिक संकट को हल करने के लिए, मनमोहन सिंह ने 1991 के बजट में आर्थिक सुधार पेश किए।

मनमोहन सिंह ने कहा कि सुधार प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक उत्पादन की दक्षता और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना होगा ताकि इस उद्देश्य के लिए विदेशी निवेश और विदेशी प्रौद्योगिकी का उपयोग उत्पादकता बढ़ाने के लिए अतीत की तुलना में कहीं अधिक हद तक किया जा सके। निवेश का, यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत के वित्तीय क्षेत्र का तेजी से आधुनिकीकरण हो, और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार हो, ताकि हमारी अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में पर्याप्त तकनीकी और प्रतिस्पर्धी बढ़त हासिल करने में सक्षम हो सकें।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अपनी पुस्तक ह्वटू द ब्रिंक एंड बैकः इंडियाज 1991 स्टोरीह्ल में लिखा था कि केन्द्रीय बजट प्रस्तुत होने के एक दिन बाद 25 जुलाई 1991 को सिंह बिना किसी पूर्व योजना के एक संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित हुए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके बजट का संदेश अधिकारियों की उदासीनता के कारण विकृत न हो जाए।ह्ल इस पुस्तक में जून 1991 में राव के प्रधानमंत्री बनने के बाद तेजी से आए बदलावों का जिक्र है। रमेश ने 2015 में प्रकाशित इस पुस्तक में लिखा कि वित्त मंत्री ने अपने बजट की व्याख्या की और इसे मानवीय बजटह्लकरार दिया। उन्होंने उर्वरक, पेट्रोल और एलपीजी की कीमतों में वृद्धि के प्रस्तावों का बड़ी दृढ़ता से बचाव किया।ह्लह्ल राव के कार्यकाल के शुरूआती महीनों में रमेश उनके सहयोगी थे। कांग्रेस में असंतोष को देखते हुए राव ने एक अगस्त 1991 को कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की बैठक बुलाई और पार्टी सांसदों को खुलकर अपनी बात रखने का मौका देने का फैसला किया।

# एक्सीडेंटल राजनेता, क्रांतिकारी अर्थशास्त्री

**उमेश चतुर्वेदी**



**मनमोहन** सिंह को अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री के रूप ही याद किया जाता है। लेकिन प्रधानमंत्री को राजनेता भी होना चाहिए। मनमोहन आधुनिक और प्रचलित अर्थों में राजनेता नहीं थे। उनके ही मीडिया सलाहकार रहे संजय बारू ने उन्हें एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री कहा है।

साल 1999 के आम चुनावों में दिल्ली की सात में छह सीटों पर तत्कालीन सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी को करारी हार मिली थी। दक्षिण दिल्ली की इकलौती ऐसी सीट रही, जहां बीजेपी के विजय कुमार मल्होत्रा को जीत मिली थी। मल्होत्रा के सामने जिन्हें हार मिली थी, वे राजनेता मनमोहन सिंह थे। उन दिनों मैं दैनिक भास्कर के दिल्ली ब्यूरो में काम करता था। अखबारी रिपोर्टिंग की एक रवायत है। वह विजेताओं को ही खोजती है और उनकी ही बात करती है। लेकिन हमारे तत्कालीन ब्यूरो चीफ और दिग्गज पत्रकार शरद द्विवेदी ने मुझे सफदरजंग रोड भेज दिया, जहां मनमोहन सिंह बतौर राज्यसभा सांसद रह रहे थे। शरद द्विवेदी का तर्क था कि मनमोहन सिंह देश की अर्थव्यवस्था को बदलने वाले राजनेता हैं। उनके घर का माहौल देखना चाहिए और उस पर स्टोरी लिखनी चाहिए।

मैं जब मनमोहन सिंह के घर पहुंचा तो वहां करीब साठ-सत्तर कार्यकर्ता मौजूद थे। बंगले में एक तरह से उदासी छायी थी। एक ड्रम में रसना घोल रखी गई थी और आने वाले लोगों को पिलाई जा रही थी। वहां कांग्रेस का कोई बड़ा नेता मौजूद नहीं था, सिवा राजस्थान के रामनिवास मिर्धा के। मिर्धा भी चुपचाप एक कोने में खड़े थे। और तो और, वहां पत्रकार भी नहीं थे। मेरे पहुंचने के बाद बंगले में सिर्फ एक और पत्रकार आए। इस बीच साधारण से सफेद कुर्ता-पाजामा और नीली पगड़ी में मनमोहन सिंह मेरी तरफ मुखातिब हुए। उन्हें मैंने बतौर पत्रकार परिचय दिया तो उन्होंने कांपते हाथों से हाथ मिलाया और फिर उसी तरह तकरीबन कांपते हुए रसना का गिलास मुझे थमा दिया। उस वक्त मैंने बचकाना सा सवाल पूछ लिया था, क्या सोच रहे हैं?

**वैसा ही सोच रहे हैं, जैसा कोई हारा हुआ प्रत्याशी सोचता है। उनका जवाब था।**

मनमोहन सिंह को उसके बाद राज्यसभा और दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में खूब देखा। वे कभी पढ़ते हुए दिखते तो कभी चुपचाप बैठे हुए। 2004 में भारतीय जनता पार्टी के इंडिया शाइनिंग अभियान को धत्ता बताते हुए कांग्रेस की अगुआई में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ने केंद्रीय सत्ता का दावेदार बन गया। तब शायद ही किसी ने सोचा था कि मनमोहन सिंह अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। उस वक्त माना यह जा रहा था कि अगर किसी वजह से सोनिया गांधी प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगी तो प्रणब मुखर्जी देश के अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। लेकिन सोनिया गांधी ने प्रणब मुखर्जी की बजाय मनमोहन सिंह पर भरोसा किया।

1991 में जब नरसिंह राव ने केंद्र की सत्ता संभाली, तब देश भारी आर्थिक संकट से गुजर रहा था। देश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब थी कि उसे विदेशी विनिमय के लिए अपना सोना ब्रिटेन में गिरवी रखकर उसके एवज में 2.2 अरब डॉलर का कर्ज लेना पड़ा था। ऐसे माहौल में नई सरकार के लिए देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना बड़ी चुनौती थी। लेकिन नरसिंह राव ने इसे स्वीकार किया। उन्होंने मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाया और मनमोहन सिंह ने उदारीकरण के साथ ही आर्थिक सुधारों की शुरूआत की। 1991 के चुनावों के बाद बनी नई सरकार ने 25 जुलाई 1991 को नया बजट पेश किया। उसी बजट को पेश करते हुए बतौर वित्त मंत्री देश को नई आर्थिक राह पर लेकर चल पड़े। उदारीकरण, वैश्वीकरण और आर्थिक सुधार के साथ देश आर्थिक मोर्चों को फतह करते हुए आगे बढ़ चला। इस राह पर देश आज कितना आगे बढ़ चुका है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। देश का आज आर्थिक नक्शा बदला हुआ नजर आता है तो उसकी बड़ी वजह मनमोहन सिंह की रखी हुई बुनियाद ही है।

संजय बारू ने उन्हें एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री कहा है। मनमोहन सिंह पर आरोप लगा कि वे कठपुतली प्रधानमंत्री हैं। उनकी सरकार को सलाह देने के लिए सोनिया गांधी की अगुआई में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद बनी, जिसके बारे में कहा जाता था कि वह सलाहकार कम, आदेश देने वाली संस्था है। उनकी ही सरकार ने तीन साल की सजा पाने वाले राजनेताओं की संसद और विधानमंडल की सदस्यता खत्म होने को रोकने वाला अध्यादेश पारित किया था, जिसे राहुल गांधी ने फाड़ कर एक तरह से उस अध्यादेश को प्रभावहीन कर दिया था।

मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक, दस साल देश के प्रधानमंत्री रहे। पहले कार्यकाल में तो नहीं, लेकिन 2009 से 2014 के कार्यकाल में उनकी सरकार और उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के खूब आरोप लगे। बेशक प्रधानमंत्री के रूप में उनके चरित्र और दामन पर कोई दाग नहीं लगा। लेकिन उनकी चुप्पी देश को खलती रही। इसलिए उन्हें मौनमोहन तक कहा जाने लगा था।

बिल्कुल मामूली परिवार में जन्मे मनमोहन सिंह ने अर्थशास्त्र की ऊंची शिक्षा हासिल की। कैंब्रिज में अर्थशास्त्र की ऊंची शिक्षा ली, दिल्ली के स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और पंजाब विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में अर्थशास्त्री रहे, भारत के रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे, योजना आयोग में रहे, वित्त मंत्री रहते हुए इतिहास ही रचा।

मनमोहन सिंह के बतौर प्रधानमंत्री कुछ बयान विवादास्पद भी रहे। उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है। उनका एक और बयान था कि पैसे पेड़ पर नहीं फलते। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक समारोह में उन्होंने जब कृतज्ञ भाव से अंग्रेजों की ओर से भारत को बड़ी देन अंग्रेजी को बताया था, तब भी उन पर सवाल उठे थे।

मनमोहन सिंह सरलता और सादगी की मिसाल थे। यह सादगी उनकी ताजिंदगी पहचान रही। वे सहज भी रहे।

# सोनिया का त्याग, मनमोहन सिंह की निष्ठा पर संपूर्ण विश्वास, बने पीएम

**अभिनय आकाश**

**18 मई 2004** का मंगलवार का ही दिन जिसे देश की ग्रैंड ओल्ड पार्टी कांग्रेस और हिंदुस्तान की जनता आसानी से भूल नहीं पाएंगे। लगभग 200 सांसद संसद भवन के प्रकोष्ठ में इंतजार कर रहे थे कि सोनिया गांधी की तरफ से अपने निर्णय की घोषणा की जाएगी।

2, जुलाई मंगलवार का दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा चल रही थी। उच्च सदन यानी राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे अपने स्थान पर खड़े होकर सभापति से कहते नजर आते हैं मुझे बनाने वाली सोनिया गांधी हैं। न रमेश बना सकता है, न आप बना सकते हैं, जनता ने मुझे बनाया है। खरगे जब ये बोल रहे थे तो उनके बगल वाली सीट पर सोनिया गांधी चेहरे पर हमेशा की तरह शांत भाव लिए बैठीं थी। जवाब में उपराष्ट्रपति धनखड़ कहते हैं कि मैं उस स्तर पर नहीं आना चाहता। आपको किसने बनाया, ये आप जाने। लेकिन ये वाक्या बताने का मतलब था कि खरगे के शब्दों में अपने नेता के प्रति वफादारी का भाव साफ झलकता नजर आया। वफादारी वैसे तो हिंदी का बहुत बड़ा और अहम शब्द है। कहा जाता है कि वफादारी मे दो लोगो के बीच कोई संबंध होता है ओर ईमानदारी मे किसी से कोई संबंध की कोई आवशयकता नहीं ईमानदारी दो अनजान के बीच भी होती है। अगर आप वफादार है तो आप जरूर ईमानदार है और अगर आप सिर्फ ईमानदार है तो आप वफादार हो या बेवफा आप कम से कम सामने वाले को धोखे में तो नहीं रखेंगे और उसे सच बता देंगे तो आप सिर्फ ईमानदार है या उसके प्रति बेवफा ! जवाब थोड़ा सा पेचीदा जरूर है लेकिन एक दो बार पढ़ने पर समझ में आ जाएगा। सोनिया गांधी के प्रति कुछ ऐसी ही वफादारी मनमोहन सिंह में भी थी। आखिरकार, सोनिया गांधी की वजह से ही तो कांग्रेस के तमाम दिग्गजों को पछाड़कर सिंह प्रधानमंत्री बने थे।

**सोनिया बनीं त्याग की मूरत**

18 मई 2004 का मंगलवार का ही दिन जिसे देश की ग्रैंड ओल्ड पार्टी कांग्रेस और हिंदुस्तान की जनता आसानी से भूल नहीं पाएंगे। लगभग 200 सांसद संसद भवन के प्रकोष्ठ में इंतजार कर रहे थे कि सोनिया गांधी की तरफ से अपने निर्णय की घोषणा की जाएगी। सोनिया गांधी अपने दोनों बच्चों राहुल और प्रियंका के साथ चेहरे पर गंभीरता लिए दाखिल हुईं। सोनिया ने आकर अपने कई पुराने साथियों का अभिवादन करते हुए माइक्रोफोन तक पहुंचती हैं। उस वक्त वहां सन्नाटा छाटा रहता है। फिर वो कहती हैं कि मेरा लक्ष्य प्रधानमंत्री का पद नहीं है। मेरे सामने हमेशा स्पष्ट था कि यदि कभी मैं उस स्थिति में आई, जिसमें आज मैं हूं, तो मैं अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनूंगी। वो थोड़ ठहरते हुए अपने बच्चों की तरफ देखते हुए कहती हैं कि आज वो आवाज कहती है कि मैं पूरी विन्रमता से इस पद को स्वीकार नहीं करूं। इन लफ्जों के साथ सोनिया गांधी ने अपने खिलाफ के शोर को शांत कर दिया। उन आवाजों को बंद कर दिया जो उनके इटैलियन होने पर सवाल उठा रही थी और कह रही थी कि एक विदेशी मूल का व्यक्ति हिंदुस्तान का प्रधानमंत्री कैसे बन सकता है? इस एक मास्टरस्ट्रोक से सोनिया गांधी ने अचानक अपने सभी विरोधियों को चित्त कर दिया और खुद त्याग की मूर्ति बन गई। अक्सर ये कहा जाता है कि सोनिया गांधी का प्रधानमंत्री पद ठुकरा देना क्या सबसे बड़ा त्याग था या फिर इसके पीछे बहुत बड़ा राजनीतिक दांव छिपा था। जिसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। लेकिन इससे किसका फायदा हुआ? सोनिया गांधी को, कांग्रेस पार्टी को या फिर देश को?

**महात्मा गांधी के पास थे नेहरू, अब कोई कहां**

**त्याग** और राजनीति की मिली जुली कहानी की हकीकत को समझने के लिए हमें पहले ये समझना पड़ेगा कि इटली में पैदा हुई सोनिया गांधी हिंदुस्तान के सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की अध्यक्ष कैसे बन गई। 1 सफदरजंग रोड कभी देश की राजनीति का केंद्र हुआ करता था। लेकिन देखते ही देखते ये पावर सेंटर 10 जनपथ की ओर शिफ्ट हो गाया। 19 साल पहले अप्रैल 1998 में जब सोनिया गांधी ने जब कांग्रेस की कमान संभाली, तब भी पार्टी की सियासी हालत कमजोर थी। 1999 से लेकर 2004 तक एनडीए की सरकार के दौरान लोकसभा में विपक्ष की नेता सोनिया गांधी थी। जो बार बार वाजपेयी सरकार को घेरती नजर आती थी। इसलिए 2004 में जब चुनाव आए तो एक बार फिर सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे को हवा देना शुरू कर दिया गया। 1999 में एक वक्त ऐसा भी आया जब सोनिया ने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था, लेकिन बाद में नेताओं की बात मान ली थी। यूपी के एक सांसद ने कहा- मैडम आपने वो मिसाल कायम की है, जैसी पहले महात्मा गांधी ने की थी। उनका हवाला था कि जब स्वतंत्रता के बाद भारत की पहली सरकार बनी तो गांधी जी ने भी सरकार का हिस्सा बनने से साफ इनकार कर दिया था, लेकिन तब गांधी जी के पास जवाहर लाल नेहरू थे। अब कोई नेहरू कहां है?

मनमोहन सिंह के जीवन में महत्वपूर्ण मोड़

1991 में ही मनमोहन सिंह के करियर में निर्णायक मोड़ आया। तत्कालीन प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने सिंह को अपने वित्त मंत्री के रूप में चुना और भारत को गंभीर आर्थिक संकट से बाहर निकाला। लेकिन सिंह चुनौती के सामने नहीं झुके। उन्होंने विनियमन, आयात शुल्क में कमी और राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों के निजीकरण जैसे कई उदारीकरण सुधारों का नेतृत्व किया। 1991 में अपने पहले बजट भाषण में मनमोहन सिंह ने विक्टर ह्यूगो को उद्धृत करते हुए कहा था कि पृथ्वी पर कोई भी शक्ति उस विचार को नहीं रोक सकती जिसका समय आ गया है। यह उनकी दूरदर्शिता और नीतियां ही थीं जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को स्थिर किया और निरंतर विकास का मार्ग भी प्रशस्त किया।



**सोनिया का त्याग मनमोहन की निष्ठा**

2004 में मनमोहन सिंह अप्रत्याशित रूप से भारत के पहले सिख प्रधान मंत्री बने। हालाँकि, पीएम की कुर्सी तक पहुंचने का उनका सफर अनोखा है। 2004 के लोकसभा चुनावों में, कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने अप्रत्याशित जीत हासिल की। इसके बाद, सोनिया गांधी को कांग्रेस संसदीय दल का नेता चुना गया और उन्हें यूपीए अध्यक्ष भी चुना गया। सभी ने मान लिया था कि वह देश की पीएम भी बनेंगी. लेकिन उसने इसके खिलाफ फैसला किया। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने अपनी पुस्तक टर्निंग प्वॉइंट्स में उन घटनाओं का जिक्र किया है जिनके कारण गांधी को नहीं बल्कि सिंह को पद की शपथ लेनी पड़ी। कलाम ने अपनी किताब में लिखा इस दौरान कई राजनीतिक नेता मुझसे मिलने आए और मुझसे अनुरोध किया कि मैं किसी भी दबाव के आगे न झुकूं और श्रीमती गांधी को प्रधान मंत्री नियुक्त करूं, एक ऐसा अनुरोध जो संवैधानिक रूप से स्वीकार्य नहीं होता। अगर उन्होंने अपने लिए कोई दावा किया होता तो मेरे पास उन्हें नियुक्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है। उन्होंने आगे लिखा कि यह मेरे लिए चिंता का कारण था और मैंने अपने सचिवों से कहा और सबसे बड़ी पार्टी इस मामले में कांग्रेस के नेता को आगे आने और सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए एक पत्र भेजा। मुझे बताया गया कि 18 मई की दोपहर 12.15 बजे सोनिया गांधी मुझसे मिल रही थीं. वह समय पर आईं लेकिन अकेले आने की बजाय वह डॉ. मनमोहन सिंह के साथ आईं और मुझसे चर्चा की. उन्होंने कहा कि उनके पास जरूरी संख्या बल है लेकिन वह पार्टी पदाधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित समर्थन पत्र नहीं लायीं। उन्होंने कहा कि वह 19 तारीख को समर्थन पत्र लेकर आएंगी। मैंने उससे पूछा कि तुम टाल क्यों देती हो?

हम इसे आज दोपहर को भी खत्म कर सकते हैं। वह चली गई। बाद में मुझे एक संदेश मिला कि वह मुझसे शाम को 8.15 बजे मिलेंगी। किताब में लिखा है कि 19 मई को निर्धारित समय, रात 8.15 बजे, गांधी सिंह के साथ राष्ट्रपति भवन आये। उन्होंने कहा इस मुलाकात में एक-दूसरे से खुशियों का आदान-प्रदान करने के बाद उन्होंने मुझे विभिन्न दलों के समर्थन पत्र दिखाए। इस पर मैंने कहा कि यह स्वागत योग्य है। राष्ट्रपति भवन आपकी पसंद के समय पर शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयार है। तभी उन्होंने मुझसे कहा कि वह डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधान मंत्री के रूप में नामित करना चाहेंगी।

स्पीड न्यूज

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**गुमला।** सेव योर लाइफ संस्था के सचिव संतोष झा ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि भारत रतन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने जिस प्रकार देश की गरीब जनता के लिए स्वाभिमान सम्मान शिक्षा के साथ श्रेष्ठ जीवन स्तर के लिए आवाज बुलंद की उसके बाद स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी ही थे जिन्होंने गरीबों के उत्थान के लिए मनरेगा, भोजन का अधिकार, आर टी आई, आधार पहचान पत्र और एफ डी आइ देश को दिया जो गरीब ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए पलायन रोकने एवं जिविकोपार्जन में सहायक सिद्ध हुआ।

## देश पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के योगदान को हमेशा याद रखेगा: सुखदेव

**लोहरदगा।** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन की खबर की जानकारी से उनका मन व्यथित हुआ। श्री भगत ने कहा की उनका जाना पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। भारत के आर्थिक सुधारो में उनका योगदान ऐतिहासिक है ।उनके नेतृत्व में भारत ने उदारीकरण, वैश्वीकरण और आर्थिक विकास की राह पकड़ी। उनकी सादगी, धैर्य और निस्वार्थ सेवा का उदाहरण सदैव प्रेरणा देता रहेगा। देश उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा।

## एसएसबी कर्मियों ने शिविर में किया रक्तदान

**चैनपुर।** एसएसबी कैंप कुरुमगढ़ के जवानों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए चैनपुर के कौशल विकास केंद्र में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर का सफल आयोजन ब्लॉक अधिकारियों, डॉक्टरों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और चैनपुर के आम जनता के सहयोग से किया गया। रक्तदान शिविर में एसएसबी कर्मियों ने कमान्डेंट राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में कुरुमगढ़ एसएसबी कैम्प से बड़ी संख्या में भाग लेकर जरूरतमंदों के जीवन बचाने के लिए रक्तदान किया।

## लाइब्रेरी व स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**जारी।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सहित जिले के कई प्रशासनिक पदाधिकारी शुक्रवार जारी प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जहां प्रखंड मुख्यालय स्थित लाइब्रेरी व स्वास्थ्य उपकेंद्र बने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। लाइब्रेरी में सारी विधि व्यवस्था की उपायुक्त के द्वारा जानकारी ली गई। जिसके बाद स्वास्थ्य उप केंद्र की भी जानकारी लेते हुए। प्रखंड के ग्रामीण बीमार होने पर कहां इलाज कराते हैं। इसकी भी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा से ली। साथ ही जल्द से जल्द दोनों नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन होगा। यदि सड़क जल्द से जल्द बन जाती तो राहगीरों को आने-जाने के लिए काफी सुविधा होती।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# परमवीर अल्बर्ट एक्का के जयंती पर जारी में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन

### शिविर में ऑन द स्पॉट समस्याओं का हुआ समाधान, उपयुक्त ने सिविल में लगे स्टालों का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**जारी।** परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का के जन्मदिवस पर जारी प्रखंड मुख्यालय में जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जिला प्रशासन द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशनुसार परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की जयंती के अवसर पर लगाया। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना और उनकी शिकायतों को त्वरित निवारण, सुनिश्चित करना था।। शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे जो समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान कर रहे थे। शिविर में लोगों की व्यक्तिगत समस्या और सामूहिक समस्या जैसे राशन कार्ड,विधवा पेंशन,वृद्धा पेंशन,दिव्यांग प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड, पानी, सड़क, जमीन विवाद,आधार का निर्माण व अपडेट,आवास भवन निर्माण एवं जन से जुड़ी इत्यादि सभी समस्याओं का निराकरण किया गया। वही इस शिविर में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने लगे सभी स्टॉलों को बारी-बारी से निरीक्षण कर स्टॉल पर बैठे सभी कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा कि समस्या का समाधान हो जाना चाहिए। वही प्रखंड क्षेत्र के इस शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सभी योजना के बारे में उपायुक्त के द्वारा जानकारी दी गई। साथ ही सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं योजनाओं का लाभ लेने की भी बात कही।स्टॉल निरीक्षण के दौरान गोविंदपुर पंचायत के बड़काडीह गांव के अरुणा तिग्गा ने उपायुक्त से अपने 7 वर्षीय बच्ची आकृति तिग्गा के बीमारी के बारे में बताने लगे उपायुक्त से रोते हुए अपनी बच्ची के इलाज के लिए गुहार लगती रही।

इस पर उपायुक्त ने जारी बीडीओ यादव बैठा को आदेश देते हुए कहा कि शिविर में इनका आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए।ताकि इस बच्ची का इलाज हो सके।साथ ही अरुणा तिग्गा ने बताया कि उनकी बच्ची जन्म से ही सुन नहीं पाती है। डुमरी स्वास्थ्य केंद्र में दिखवाने के बाद डॉक्टरों ने सलाह दी कि आपकी बच्ची का इलाज उतर प्रदेश के कानपुर में हो सकता है।लेकिन अरुणा तिग्गा ने बताया कि हम लोग बहुत ही गरीब हैं।

## शहीद परमवीर अल्बर्ट एक्का के गांव में धूम धाम से मनाया गया जयंती

**जारी।** पूर्वोत्तर भारत के एक मात्र परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के जन्मदिन शहीद के पैतृक गांव जारी में बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया।ऐसा दूसरी बार हुआ कि अल्बर्ट एक्का के जन्मदिन इतने भव्य तरीके से मनाया गया।सबसे पहले जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक,प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा,सीसी करमटोली मुखिया फुलमैंत देवी,जर्मना पारिस के फादर निरंजन एक्का,फा पात्रिक मिंज, शहीद के परिजन साथ मे जारी प्रखंड के वासियों के द्वारा प्रतिमा पर फूल माला अर्पित करने के बाद प्रतिमा स्थल पर परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के बेटा भीमसेन्ट एक्का व पोता अनुज एक्का ने केक काटा केक कटते ही अल्बर्ट एक्का अमर रहे,भारत माता की जय के नारा से शहीद के पैतृक गांव गूंजता रहा।जिसके बाद केक मौके पर उपस्थित लोगों के बीच बांटा गया।परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के 82वें जन्मदिन को सभी जाति के लोग



बहुत ही गर्व के साथ मिलजुलकर मनाया और संकल्प लिया कि बिना किसी भेद भाव के साथ हर वर्ष अब इसी तरह जन्मदिन मानना है। वही मौके पर उपस्थित चैनपुर एसडीपीओ ललित मीणा ने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि मेरी पोस्टिंग उस जगह हुई है। जहाँ परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के नाम इस क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।लांस नायक अलबर्ट एक्का का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।उनकी जयंती पर हम उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।वही जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने कहा कि हमलोग अपने आप मे बहुत ही गर्व महसूस कर रहे है कि आज देश के रियल हीरो की जन्मदिन इतना बेहद तरीके से मनाया जा रहा है।हमलोगों का भी प्रयास रहेगा ही हरवर्ष इसी तरीके से परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का का जन्मदिन मने।

## चासनाला खान दुर्घटना के शहीद खनिकों को दी गयी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**चासनाला।** सेल चासनाला कोलियरी के डीप माइंस में 27 दिसंबर 1975 को जल समाधि लेने वाले 375 खनिकों को शुक्रवार को नम आखों से श्रद्धांजलि दी गई। चासनाला साउथ कॉलोनी शहीद स्मारक के शहीद बेदी पर शहीद श्रमिकों के परिजनों, सेल अधिकारी, यूनियन के नेता, राजनीतिक दल के नेता व गणमान्य लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। दोपहर 1:35 बजे आपातकालीन सायरन बजने के साथ दो मिनट का मौन रख लोगों ने शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सर्वप्रथम शहीदों के परिजनों ने नम आंखों से पूजा, अर्चना, दीप व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सेल चासनाला के कार्यपालक निदेशक एस के सिंह, झरिया विधायक रागिनी सिंह, सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो, भाजपा नेत्री तारा देवी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस मौके पर सर्वधर्म सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें चार समुदायों के धर्मगुरुओं ने शांति पाठ किया। विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

उन्होंने सभी शहीद मजदूरों और कर्मियों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की।

भावुक हो गए थे शहीद कोल कर्मियों के परिजन : इस दौरान शहीद के परिजनों ने खिचड़ी भोग का आयोजन किया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त घटना को लेकर चित्रकला प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे देख शहीदों के परिजन काफी भावुक हुए।

## एसीबी ने किया प्रधान सहायक और सहकर्मी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

### जमीन के कागजात की नकल निकालने के एवज में ले रहे थे 6500

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो ने धनबाद के पुराने डीसी कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में छापा मारा और प्रधान सहायक संजय कुमार और उनके सहकर्मी सोमनाथ चटर्जी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

धैया निवासी मनोहर महतो ने जमीन संबंधी दस्तावेज की नकल निकालने के लिए आवेदन दिया गया था। नकल निकालने के एवज में प्रधान सहायक ने रिश्वत की मांग की थी। एसीबी ने आरोप का सत्यापन किया और जाल बिछाकर प्रधान सहायक और उनके सहकर्मी को 6,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया।

एसीबी डीएसपी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पुराने डीसी ऑफिस में जिला अभिलेखागार यानी रिकॉर्ड रूम में प्रधान सहायक (बड़ा बाबू ) के पद पर पदस्थापित संजय कुमार एवं उनके सहकर्मी सोमनाथ चटर्जी को आज एसीबी की टीम ने साढ़े छह हजार रुपये रिश्वत लेते दबोचा।

दोनों की गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने भिस्तीपाड़ा स्थित देवालय अपार्टमेंट में आरोपी संजय कुमार के फ्लैट में भी दबिश दी। हालांकि टीम को उनके घर से कुछ हाथ नहीं लगा।

एसीबी डीएसपी जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि दस्तावेज निकालने के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही थी। शिकायतकर्ता धैया निवासी मनोहर महतो ने विगत 20 तारीख को एसीबी में शिकायत की थी। टुंडी क्षेत्र में उनकी एक जमीन है, जिसके सिलसिले में दस्तावेज निकालने के लिए मनोहर से रिश्वत की मांग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि इसी साल धनबाद रिकॉर्ड रूम से ही एक लिपिक शुवेंन्दु को भी रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि इस साल का यह एसीबी का 11 वां ट्रेप है।

ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप लोहरदगा के कराटेकारों ने

## झारखंड का बढ़ाया मान, लहराए जीत का परचम



मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शोतोकान स्कूल कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 24 से 26 दिसंबर तक कानपुर के अंध विद्यालय सभागार में आयोजित ऑल इंडिया शोतोकान स्कूल कराटे चैंपियनशिप टूर्नामेंट में लोहरदगा के कराटेकारों ने जीत का परचम लहराते हुए 13 गोल्ड, 8 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल जीत कर ओवरआल चैम्पियन्स का खिताब हासिल कर न सिर्फ जिला का बल्कि पूरे झारखंड का मान बढ़ाया है। कानपुर में आयोजित इस कराटे चैंपियनशिप टूनार्मेंट में झारखंड सहित देश के उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, साहेबगंज, असम, दिल्ली, राजस्थान आदि राज्यों से करीब 800 कराटे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमें लोहरदगा जिला कराटे संघ एवं एस.एस. स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन के कराटे खिलाड़ियों ने अपने कराटे कला (काता और कुमिते) का शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 गोल्ड 8 सिल्वर सहित 26 मेडल जीतने में कामयाब हुए हैं। साथ ही ओवरआल चैम्पियन्स का खिताब जीतने में कामयाब रहे। इंस्ट्रक्टर रेंसी श्रवण साहू (ब्लैक बेल्ट 6 डान, जापान) ने बताया कि इस कराटे चैंपियनशिप टूर्नामेंट में पहले दिन लोहरदगा की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड मेडल और 4 सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब हुई थी।

## 1951 से चला आ रहा खेलकूद एक धरोहर के रूप में स्थापित रहेगा :धीरज प्रसाद साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन की अहम् बैठक जिला अध्यक्ष सह पूर्व सांसद की अध्यक्षता में राय साहब बलदेव साहू शिव प्रसाद साहू स्मृति भवन में हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 67 वीं एथलेटिक मीट का आयोजन दिनांक 16 जनवरी 25 से 19 जनवरी 25 तक ललित नारायण स्टेडियम में किया जायेगा। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व एथलेटिक जिला सचिव सुखैर भगत की निष्क्रियता के कारण उन्हें पद मुक्त किया गया तथा चार सदस्य एसोसिट सचिव के रूप में किशोर कुमार वर्मा, शैयद जाहिद अहमद, कयूम खान, और अजय कुमार को मनोनयन किया गया।

साथ ही अधिवक्ता मनोज प्रसाद और शिक्षाविद्ध मदन मोहन पाठक संयोजक के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी दिया गया। बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए उनमे ललित नारायण स्टेडियम का नामकरण पूर्व में स्टेडियम निर्माण कराने में प्रमुख कर्ता स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू के नाम से स्टेडियम का नामकरण कराने का आग्रह सरकार और प्रशासन से किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार साहू ने कहा की ललित नारायण स्टेडियम एथलेटिक एसोसिएशन की धरोहर है यदि कमिटी को स्टेडियम की जिम्मेदारी दी जाएगी तब इसका पूर्णनिर्माण और जीर्णोद्धार करा कर स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू की मूर्ति लगा कर स्टेडियम को विकसित किया जायेगा। एथलेटिक प्रतियोगिता में राज्य भर से लगभग 700 खिलाडी उपस्थित होने का अनुमान है` बालक खिलाड़ियों के आवासन साहू धर्मशाला और जिला परिषद के विवाह भवन में कराया जायेगा और बालिका को उर्स लाइन कान्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी निशीथ जायसवाल विधायक प्रतिनिधि को दिया गया। जिला एथलेटिक प्रतियोगिता में पूर्व की भांति आकर्षक बनाने और दर्शकों की उपस्थित बढ़ाने निमित्त वेश भूषा प्रतियोगिता, बोरा दौड़, रस्सा खींच, जलेबी रेस प्रतियोगिता से लेकर आकर्षक खेलों का आयोजन किया जायेगा। बैठक में कमल केसरी के प्रस्ताव पर यह भी निर्णय लिया गया की ललित नारायण स्टेडियम में भूमिदान दाताओं के नाम से गैलेरी का नामकरण किया जायेगा। अफसर कुरैसी कराटे और निशीथ जायसवाल आदिवासी नृत्य का आयोजन कराएँगे।



बैठक में मौजूद धीरज प्रसाद साहू



उपस्थित सदस्य

एक नजर में

## झारखंड नवनिर्माण दल का मंच मोर्चा की मजबूती के लिए प्रभारियों की नियुक्ति हुई

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल को गुमला जिला में विस्तार व मजबूती प्रदान करने के लिए तबका वार जिला प्रभारी की नियुक्ति कर दी गई है। इसकी अधिसूचना केंद्रीय समिति ने जारी किया है और कहा है कि 20 जनवरी 2025 तक हर हाल में जिला समिति व प्रखंड समिति गठित कर लें ताकि 31 जनवरी 2025 को रांची में होनेवाली राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रतिनिधि का चयन किया जा सके। महिला मंडल सहयोग संचालन समिति के लिए पुष्पा उरांव को फिर से जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं प्रगतिशील किसान समिति के विस्तार के लिए आदित्य सिंह को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। मजदूर यूनियन के लिए शंकर उरांव, छात्र युवा मोर्चा के लिए ललन साहू, बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति के लिए प्रकाश उरांव को अध्यक्ष बनाया गया है।

## ईवीएम वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने शुक्रवार को ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित उप निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा लोकतंत्र में ईवीएम की विश्वसनीयता में किसी भी प्रकार का संदेह न रहे, इसे निमित्त वेयर हाउस जहां ईवीएम रखी जाती है समय-समय पर उसकी रख-रखाव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## भाजयुमो अध्यक्ष ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा।** मैना बगीचा लोहरदगा से भंडरा तक जो सड़क का निर्माण किया जा रहा है उसमें अधिकतर स्थानों में ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना के भूमिगत पाइप सड़क के बीचोबीच आ जा रहे हैं। यदि उन्हें बिना किनारे किए सड़क का निर्माण कर दिया जाएगा तो आनेवाले समय में पाईप लीकेज होने से पेयजलापूर्ति और सड़क दोनों प्रभावित होंगे। बीच सड़क पर पानी होने से सड़क खराब होगी और उसकी सुधार करने के लिए सड़क को खोदना होगा और इससे आवागमन बाधित होगा। इस विषय को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के लोहरदगा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार ने उपायुक्त लोहरदगा को ज्ञापन देकर उनसे अनुरोध है कि आप इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए सड़क निर्माण से पूर्व पेयजलापूर्ति के पाइपों को सड़क से किनारे करवाने की कृपा करें और उसके बाद ही सड़क का निर्माण हो, ताकि जनता को असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री मिथुन कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री सजल कुमार, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश नायक, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष अमित लोहार और सुरेश लोहार उपस्थित थें।

## पांच दिवसीय केंचुआ खाद उत्पादन सह विपणन प्रशिक्षण

**गुमला।** कृषि विज्ञान केन्द्र विकास भारती बिशुनपुर के मृदा विज्ञान विभाग अंतर्गत पांच दिवसीय केंचुआ खाद उत्पादन सह विपणन विषयक पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें गुमला जिला के पांच प्रखंडों पालकोट, सिसई, गुमला, घाघरा एवं बिशुनपुर के 10 गांव से कुल 32 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण अंतर्गत किसानों को केचुआ खाद उत्पादन के वैज्ञानिक तकनीकी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को प्रैक्टिकल भी कराया गया और किसानों को केंचुआ खाद उत्पादन किये जा रहे इकाइयों को दिखाने हेतु वाह्य भ्रमण किसान एवं फार्म इकाई पर कराया गया ' केचुआ खाद की विस्तृत उत्पादन जानकारी के दौरान किसानों को जानकारी दिया गया कि केंचुआ की प्रजाति को ही केंचुआ खाद उत्पादन में प्रयोग किया जाता है।

## दो दिवसीय मोतियाबिंद शिविर संपन्न

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आयोजित दो दिवसीय निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। जिसमें कुल 32 रजिस्ट्रेशन हुआ और 20 लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क किया गया। मरीज को दवा चश्मा खाना नाश्ता भी निःशुल्क दिया गया। शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉक्टर नवल व टीम के द्वारा ऑपरेशन किया गया। इस शिविर के आयोजन के बाद 5 जनवरी 2025 दिन रविवार को सभी मरीजों का फॉलोअप किया जाएगा?। इसके लिए सभी मरीजों को बुलाया गया है और गुमला में पहली बार जो भी मधुमेह से ग्रसित हैं जिनकी आंखों में परेशानी है रेटिना का प्रॉब्लम है उसकी जांच भी 5 जनवरी को किया जाएगा। ये भी निशुल्क जांच रहेगा।

## कांग्रेस अध्यक्ष के 100 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया शताब्दी समारोह का आयोजन

**लोहरदगा।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमिटी लोहरदगा के तत्वधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के 100वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महात्मा गांधी को याद करते हुए उनके विचारधारा को याद किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लोहरदगा सह पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल हुए।इस अवसर पर डॉ रामेश्वर उरांव ने महात्मा गांधी के जीवनी और कांग्रेस पार्टी के विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि1885 में कांग्रेस का स्थापना हुई।कर्नाटक के के बेलगाम में आयोजित कांग्रेस महाधिवेशन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया।उनके अध्यक्ष बनने से देश और कांग्रेस पार्टी को काफी मजबूत हुई।गांधी जी के विचारधारा शहर के साथ गांवझ्रगांव तक कांग्रेस पार्टी को लेकर गए।देश की आत्मा गांव में बस्ती है ये विचारधारा थी गांधी जी के जिसके ऊपर उन्होंने कार्य किए।गांधी जी देश के सेवा सत्य ,अहिंसा के पथ में चल कर देश को आजादी दिलाई और कांग्रेस पार्टी को मजबूत किए। महात्मा गांधी ने गरीबों के साथ देश को जोड़े। उनका विचारधारा समानता का था एकता का था।

## लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन की हुई अहम बैठक

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन, विमरला का एक प्रतिनिधिमंडल एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद शधीरज प्रसाद साहू से मिला। सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ देते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने धीरज प्रसाद साहू को उनकी पार्टी की जीत के लिए बधाई दी। इस दौरान एसोसिएशन ने संरक्षक श्री साहू को बताया कि विमरला में हम ट्रक मालिको के ट्रक ठीक एवँ सुचारू चल रहे हैं किंतु कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए ट्रक मालिकों को डराने एवं धमकाने का प्रयास कर रहे हैं और ट्रक बंद कराकर अपनी स्वार्थ पूर्ति में लगे हुए हैं। इस पर एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारियों ने कहा कि हम किसी कीमत पर भी ट्रक बंद नहीं करेंगे क्योंकि जो आंदोलन कर रहे हैं वह अपना आंदोलन करें उनकी मांग ट्रक मालिकों से नहीं है उनकी मांग कंपनी से वह कंपनी से अपना जाने ,लेकिन अगर ट्रक को जबरदस्ती बँद कराया गया तो हम सभी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

भारत ने दूसरे दिन स्टंप तक 5 विकेट पर बनाए 164 रन, आस्ट्रेलिया अभी भी 310 रनों से आगे, यशस्वी शतक से चूके

# भारतीय पारी लड़खड़ाई, रोहित-कोहली हुए फेल



**स्टीव स्मिथ**

| | |
|---|---|
| रन | 161 |
| गेंद | 297 |
| चौका | 15 |
| छक्का | 03 |

आस्ट्रेलिया पहली पारी
477/10 (122.4 ओवर)

भारत पहली पारी
164/5 (46 ओवर)

एजेंसी

**मेलबर्न।** भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट गंवाकर 164 रन बना लिए हैं। आस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इस लिहाज से भारत अभी भी 310 रन पीछे है। दूसरा दिन पूरी तरह से आस्ट्रेलिया के नाम रहा। कंगारू तीनों सत्र में भारतीय टीम पर हावी रहे। आखिरी सत्र में भारत की बल्लेबाजी के समय एक वक्त स्कोर दो विकेट पर 153 रन था। इसके बाद छह रन बनाने में ही टीम इंडिया ने तीन और विकेट गंवा दिए और स्कोर पांच विकेट पर 159 रन हो गया। यशस्वी जायसवाल का रन आउट होना टर्निंग पॉइंट रहा। यशस्वी ने कोहली के साथ 102 रन की साझेदारी की। हालांकि, यशस्वी के रन आउट होते ही भारतीय पारी लुढ़क गई। वह 82 रन बना सके। इसके बाद विराट कोहली 36 रन बनाकर आउट हुए। फिर नाइट वाचमैन आकाश दीप भी खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। इससे पहले ओपनिंग करने उतरे कप्तान रोहित शर्मा तीन रन और केएल राहुल 24 रन बनाकर आउट हुए थे। आस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट लिए।

**आस्ट्रेलिया की पहली पारी**

आस्ट्रेलिया की पहली पारी 474 रन पर समाप्त हुई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आस्ट्रेलिया के लिए शुरूआती तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े। इसके बाद स्टीव स्मिथ ने टेस्ट करियर का 34वां शतक लगाया। कप्तान पैट कमिंस ने 49 रन की पारी खेली। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट पर 311 रन से आगे खेलना शुरू किया। हालांकि, भारतीय गेंदबाजों को दूसरे दिन चार विकेट के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को 163 रन जोड़े और चार विकेट गंवाए। स्मिथ 140 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। वहीं, रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। आकाश दीप को दो विकेट मिले, जबकि सुंदर ने एक विकेट लिया।

## रोहित शर्मा का खराब फॉर्म जारी



मेलबर्न में जारी चौथे टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा तीन रन बनाकर आउट हुए। भारत की पहली पारी के दूसरे ओवर में पैट कमिंस की गेंद पर खराब शॉट खेलकर हिटमैन आउट हुए। पिछले दो टेस्ट में रोहित छठे नंबर पर बललेबाजी के लिए उतरे थे। हालांकि, इस मैच के लिए टीम मैनेजमेंट ने रणनीति बदली और शुभमन दिल को ड्रॉप कर रोहित को ओपनिंग भेजा गया। रोहित तीन रन और राहुल 24 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को कमिंस ने पवेलियन भेजा। कमिंस के खिलाफ रोहित का रिकॉर्ड काफी खराब रहा है और इस सीरीज में कमिंस ने हिटमैन को खूब परेशान किया। रोहित ने कमिंस का तीन पारियों में सामना किया है और सिर्फ सात रन बना पाए हैं। कमिंस ने इस दौरान उन्हें तीन बार आउट किया है। रोहित का कमिंस के खिलाफ औसत 2.3 का रहा है।

### पिछली 14 पारियों में एक अर्धशतक

इतना ही नहीं, कप्तान का कप्तान को आउट करने के मामले में भी कमिंस शीर्ष पर आ गए हैं। कंगारू कप्तान ने भारतीय कप्तान को टेस्ट में पांचवीं बार आउट किया। इस मामले में उन्होंने शीर्ष पर रिची बेनॉड और इमरान खान की बराबरी की। बेनॉड ने टेड डेक्सटर को पांच बार और इमरान ने सुनील गावस्कर को पांच बार आउट किया था। रोहित पिछली 14 टेस्ट पारियों में 11.07 की औसत से सिर्फ 155 रन बना सके हैं। इसमें सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है। इस दौरान रोहित की पारियां- 6, 5, 23, 8, 2, 52, 0, 8, 18, 11, 3, 6, 10 और 3 (इस मैच में) रन की रही हैं।




### मेलबर्न कोहली का उड़ाया गया मजाक

**मेलबर्न :** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ ह्यबॉक्सिंग डे' टेस्ट में आउट होने के बाद ड्रेसिंग रूम में वापस जाते समय हूटिंग का सामना करना पड़ा और दर्शकों ने उनका मजाक भी बनाया। इसके बाद वह मुड़कर दर्शकों के साथ कुछ देर तक बहस करने लगे। जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर जाने के लिए टनल' में दाखिल हुए तो एमसीजी के उस हिस्से में मौजूद प्रशंसकों ने उनका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया और कुछ टिप्पणियां भी कीं। जिसकी एक छोटी सी क्लिप तब से वायरल हो गई है। इस 22 सेकेंड के वीडियो में कुछ स्पष्ट रूप से सुनाई नहीं दे रहा लेकिन इसे सुनने के बाद वह वापस मुड़े। वह आस्ट्रेलियाई दर्शकों की टिप्पणियों से नाराज दिख रहे थे। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें वापस पवेलियन की ओर पहुंचाया लेकिन कोहली बाईं ओर स्टैंड की ओर देख रहे थे।

### आस्ट्रेलियाई मीडिया का दोहरा चरित्र, कोहली को जोकर कहा

आस्ट्रेलिया के क्रिकेट पंडित समाप्त नहीं हुए थे कि आस्ट्रेलियाई मीडिया शुरू हो गई। वेस्ट ऑस्ट्रेलियन अखबार ने विराट के लिए 'क्लोन' (जोकर) शब्द का इस्तेमाल किया। 'द डेली टेलीग्राफ', 'कोड स्पोर्ट्स' के लिए आर्टिकल लिखने वाले आस्ट्रेलियाई पत्रकार ने हेराल्ड सन के लिए अपने कॉलम में विराट कोहली पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा- क्रिकेट विराट कोहली की हरकतों के साथ खड़े रहने में विफल है। उन्होंने लिखा कि जो अपराध कोहली ने किया, उसके हिसाब से उन्हें मिली सजा बेहद कम है। वहीं, एक और आस्ट्रेलियाई अखबार ने कोहली के मुंह में पेसिफायर ठूस दिया है। इस आर्टिकल की हेडिंग 'किंग कॉन' है। किंग शब्द का इस्तेमाल कोहली के लिए होता है, लेकिन आस्ट्रेलियाई मीडिया ने बदतमीजी करते हुए किंग के साथ कोंस्टास के नाम का शॉर्ट फॉर्म रखा है।

### एमसीसी ने सचिन को किया क्लब सदस्यता से सम्मानित



**मेलबर्न।** मेलबर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने शुक्रवार को कहा कि महान भारतीय खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने इस प्रतिष्ठित संस्था का मानद सदस्य बनने का उसका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। आस्ट्रेलिया के सबसे पुराने खेल क्लबों में से एक एमसीसी की स्थापना 1838 में हुई थी। यह खेल के प्रमुख स्थानों में से एक मेलबर्न क्रिकेट मैदान के प्रबंधन और विकास के लिए जिम्मेदार है। एमसीसी ने एक्स पर पोस्ट किया, एक आइकन को सम्मानित किया गया। एमसीसी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व भारतीय कप्तान सचिन तेंदुलकर ने खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान को स्वीकार करते हुए मानद क्रिकेट सदस्यता स्वीकार कर ली है।

### जम्मू को हराकर केरल सेमीफाइनल में

**हैदराबाद।** नसीब रहमान के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत केरल ने शुक्रवार को यहां डेक्कन एरिना में जम्मू-कश्मीर को 1-0 से हराकर संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 73वें मिनट में गोल करने वाले रहमान अब तमिलनाडु के लिजो के साथ टूनार्मेंट के संयुक्त दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। दोनों के नाम सात-सात गोल हैं। संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल में 31वीं बार पहुची केरल की टीम 29 दिसंबर को मणिपुर से भिड़ेगी।

### हम अभी भी वापसी कर सकते हैं : सुंदर

**मेलबर्न।** ज्यादातर मजबूत बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद भारत को उम्मीद होगी वाशिंगटन सुंदर आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करेंगे और एमसीजी पर अपनी टीम के लिए योगदान देने के लिए दृढ़ है। वाशिंगटन अच्छी तरह से समझते हैं कि भारतीय टीम प्रबंधन आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उससे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है।

## मारक्रम और बॉश ने दक्षिण अफ्रीका को दिलाई 90 रनों बढ़त

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेंचुरियन।** एडन मारक्रम (89) और कॉर्बिन बॉश (नाबाद 81) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को 301 रनों का स्कोर खड़ा कर पाकिस्तान के खिलाफ 90 रनों की बढ़त ले ली है। दक्षिण अफ्रीका ने कल के तीन विकेट पर 82 रन से आगे खेलना शुरू किया। दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट कप्तान तेम्बा बवूमा (31) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डेविड बेडिंघम ने एडन मारक्रम के साथ पारी को संभाला। नसीम शाह ने बेडिंघम (30) को आउट कर इस बढ़ रही साझेदारी को तोड़ा। काइल वेरेन और मार्को यानसन (दो-दो) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय में बल्लेबाजी करने आये कॉर्बिन बॉश शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। 56वें ओवर में खुर्रम शहजाद ने एडन मारक्रम को रिजवान के हाथों कैच आउट करा दिया। मारक्रम ने 144 गेंदों में (89) रनों की पारी खेली। सैम अयूब ने डेन पैटरसन (12) को आउट कर दक्षिण अफ्रीकी पारी का अंत किया। कॉर्बिन बॉश (81) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने 73.4 ओवर में 301 रनों का स्कोर खड़ा करते हुए पाकिस्तान की पहली पारी के आधार पर 90 रनों की बढ़त ले ली है।

## बेटियों ने वेस्टइंडीज को हराकर किया क्लीन स्वीप

एजेंसी




**वड़ोदरा।** दीप्ति शर्मा (छह विकेट और नाबाद 39 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के भारतीय टीम ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली हैं। वेस्टइंडीज के 162 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 23 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। स्मृति मंधाना (चार) और हरलीन देओल (एक) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद प्रतिका रावल और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने प्रतिका रावल (18) को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया। 13वें ओवर में ऐफी फ्लेचर ने हरमनप्रीत कौर (32) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स तथा दीप्ति शर्मा ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिये 56 रनों की साझेदारी हुई। 25वें ओवर में करिश्मा रामहैरक ने जेमिमाह रॉड्रिग्स (29) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी। दीप्ति शर्मा ने 48 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 39) रनों की पारी खेली। वहीं ऋचा घोष ने 11 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में (नाबाद 23)रन बनाये। भारत ने 28.2 ओवर में 167 रन बनाकर मुकाबला और 3-0 से श्रृंखला भी जीती। वेस्टइंडीज की ओर से डिएंड्रा डॉटिन, आलिया ऑलेन, हेली मैथ्यूज, करिश्मा रामहैक और ऐफी फ्लेचर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दीप्ति शर्मा (छह विकेट) और रेणुका सिंह (चार विकेट) शानदार गेंदबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की पूरी टीम को 162 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया था। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। इसके बाद शमैन कैंपबेल और शिनेल हेनरी की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिये 91 रनों की साझेदारी हुई। 22वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने शमैन कैंपबेल (46) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 24वें ओवर में दीप्ति ने जायडा जेम्स (एक) को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

### सिकिदिरी को हराकर बिरसा मुंडा एफसी की टीम फाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के फुटबाल मैदान में शुक्रवार को खेले गए 11वें सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबॉल टूनार्मेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में बिरसा मुंडा एफसी रांची की टीम ने एसएफसी सिकिदिरी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से पराजित कर फाइनल में स्थान बना लिया।खेल के पहले हाफ में बिरसा मुंडा एफसी रांची की ओर से सुमित ने 32 वें व उपेंद्र ने 35 वें मिनट में गोला दाग कर अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। खेल के दूसरे हाफ में बिरसा मुंडा एफसी की ओर से रोहित ने 67 वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को 3-0 से जीत दिला दी। बिरसा मुंडा एफसी के खिलाड़ी उपेंद्र हजाम को मुख्य अतिथि कांके प्रखंड के उपप्रमुख अंजय बैठा व विशेष अतिथि चुटू अंजुमन कमेटी के सचिव हयात अंसारी, इम्तियाज अंसारी, राजेंद्र शाही मुंडा, पारसनाथ भोगता कलाम अंसारी व खालिक खान ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इस से पूर्व मैच का शुभारंभ अंजय बैठा व अन्य अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।संचालन प्रवक्ता शिवधर रजवार ने किया। मौके पर मुख्य संरक्षक सोमनाथ मुंडा, अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश कुमार यादव, संरक्षक फारुक खान, बलराम साहू, राजनंदन साहू, अनिल ठाकुर, महावीर भोगता, मनोज पाहन आदि उपस्थित थे।

### शर्टलेस होकर पूल में उतरे रोनाल्डो

**नयी दिल्ली।** पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को उनकी फिटनेस को लेकर जाने जाते हैं। उन्हें दुनिया के सबसे फिट और अनुशासित खिलाड़ियों में शामिल किया जाता है। यह खिलाड़ी हॉलीडे सीजन में अपने परिवार के साथ फिनलैंड पहुंचा है। रोनाल्डो ने यहां अपने परिवार के साथ जमकर मस्ती की। हालांकि इस वैकेशन में एक खास चीज करने से साफ तौर पर मना किया गया है। रोनाल्डो ने अपना एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह वह शर्टलेस नजर आ रहे हैं। उन्होंने नीचे भी बहुत छोटे शॉट्स पहने हुए हैं। इस वीडियो में रोनाल्डो ने ही बताया कि वहां का तापमान -20 डिग्री सेल्सियस और उनके सामने के पूल का तापमान -4 डिग्री सेल्सियस है।

### विलियम्स, एर्विन और बेनेट के शतक से जिम्बाब्वे का विशाल स्कोर

एजेंसी




**बुलावायो।** शॉन विलियम्स (154), कप्तान क्रेग एर्विन (104) और ब्रायन बेनेट (नाबाद 110) रनों की शतकीय पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को दूसरे सत्र की समाप्ति पर 586 रनों विशाल स्कोर बना लिया। जिम्बाब्वे ने आज चार विकेट पर 363 रन के कल के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। अभी टीम के स्कोर में 20 रन और जुड़े थे कि नवीद जदरान शॉन विलियम्स को आउटकर पवेलियन भेज दिया। विलियम्स ने 174 गेंदों में (154) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ब्रायन बेनेट ने कप्तान एर्विन का बखूबी साथ निभाया। इसी दौरान एर्विन ने अपना शतक पूरा किया। 465 के स्कोर पर जिया उर रहमान ने एर्विन (104) को आउट किया। न्यूमैन न्यामहुरी (26), ब्लेसिंग मुजराबानी (19) और ट्रेवर ग्वांडू (तीन) रन बनाकर आउट हुए। जिम्बाब्वे ने 135.2 ओवर में 586 रनों का स्कोर खड़ा किया। ब्रायन बेनेट 124 गेंदों में (110) रन बनाकर नाबाद रहे।

## गुकेश की जीत से विश्व शतरंज की महाशक्ति के रूप में उभरा भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चेहरे पर जीत की चमक लिए दोनों बाजू खोलकर मुस्कुराते हुए डी गुकेश की तस्वीर एक अरब से अधिक भारतवासियों की यादों में हमेशा के लिए चस्पा हो गई। सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप मुकाबले में चीन के डिंग लिरेन को हराने के ठीक बाद खींची गई तस्वीरें विश्वनाथन आनंद के दौर के बाद विश्व शतरंज के मानचित्र में भारत के बढ़ते कद की गवाह हैं। वर्ष 2024 भारतीय शतरंज के उत्थान का रहा जिसका खाका खुद आनंद ने तैयार किया। गैरी कास्पारोव के मुताबिक, विशी के लड़ाके बेखौफ और महत्वाकांक्षी युवा हैं जिनके पास चेन्नई के 18 वर्ष के गुकेश के रूप में अब एक नया रोलमॉडल है। गुकेश शतरंज के इतिहास में सबसे युवा विश्व चैंपियन बने। इस सफर की शुरूआत अप्रैल में फिडे कैंडिडेट्स टूनामेंट के जरिये हुई। वह टूनामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने और इसके साथ ही 32 वर्ष के लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में भी जगह बनाई। इसके बाद 14 दौर के खिताबी मुकाबले से पहले ही गुकेश को प्रबल दावेदार माना जा रहा था जिससे दबाव बनना लाजमी था। इसका श्रेय उनके सहयोगी स्टाफ को भी जाता है जिसमें भारत में शतरंज की क्रांति का सूत्रपात करने वाले आनंद और मशहूर मानसिक अनुकूलन कोच पैडी अपटन शामिल थे। गुकेश की जीत से पहले सितंबर में बुडापेस्ट में भारत ने शतरंज ओलंपियाड में टीम और व्यक्तिगत वर्ग में छह स्वर्ण पदक जीते। पुरूष टीम फाइनल में भारत ने स्लोवेनिया को और महिला वर्ग में अजरबैजान को हराया। एक ही ओलंपियाड में महिला और पुरूष दोनों खिताब जीतने वाले दूसरे दो देश चीन और पूर्व सोवियत संघ हैं। व्यक्तिगत वर्ग में गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीते।





चेस ओलंपियाड में स्वर्ण जीतने के बाद भारतीय पुरुष और महिला टीम।

पिछले साल 2500 ईएलओ रेटिंग पार करने वाले ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद और आर वैशाली कैंडिडेट्स में खेलने वाली भाई बहन की पहली जोड़ी रही। ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करने वाले भी वे पहले भाई बहन हैं। प्रज्ञानंद ने मई में नॉर्वे शतरंज में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को उनकी ही धरती पर क्लासिकल प्रारूप में हराया। एरिगैसी 2800 ईएलओ रेटिंग अंक पार करने वाले आनंद के बाद दूसरे भारतीय बने। वह इस समय कार्लसन (2831), फेबियानो कारूआना (2805) और हिकारू नकामूरा (2802) के बाद 2801 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। भारत फिडे टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। भारत में 64 ग्रैंडमास्टर हैं और उनमें से अधिकांश 25 वर्ष से कम के हैं। ये फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम टूर, फिडे महिला जीपी, फिडे महिला विश्व कप और एशियाई चैंपियनशिप में अगले साल चुनौती पेश करेंगे। लिहाजा फिक्र अभी बाकी है।

# सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के टांगटोना पंचायत के तेलियाडीह बजरंगबली चौक से लेकर जरीडीह प्रखंड के गोपालपुर गांव के सीमा तक ग्रामीण कार्य विभाग बोकारो की ओर से बनाए जा रहे सड़क में संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है।

घटिया किस्म के गिट्टी बालू व सीमेंट सहित बिना रोड रोलर चलाये व जीएसपी डाले सिर्फ पत्थर के डस्ट डालकर पीसीसी ढलाई का कार्य किये जाने एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने कहे जाने पर संवेदक द्वारा उल्टा केस मुकदमे में फंसा देने की धमकी के संबंध में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि प्रिया देवी ने जब संवेदक से बात की तो उनसे भी ऊंचे लहजे में बात करते हुए कुछ भी बिगाड़ नहीं पानी की बात कही गई। इसकी उच्च स्तरीय जांच के लिए आवेदन मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो व प्रमुख नियोती कुमारी को दिया गया है। मंत्री श्री महतो ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि कोई भी घटिया किस्म का कार्य करने वाले संवेदक को बख्शा नहीं जाएगा। प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी ने कहा है कि आवेदन के आलोक में जांच की जायेगी। ग्रामीणों ने कहा कि अगर संवेदक अपने कार्य प्रणाली में सुधार नहीं लाता है तो जल्द ही कार्य बंद कराया जाएगा। इधर विभाग के कनिय अभियंता समीर दास ने कहा कि जल्द ही कार्य का भौतिक निरीक्षण कर गड़बड़ी की जांच की जायेगी। गड़बड़ी पाए जाने पर उच्च अधिकारियों को सूचित करेंगे।

## पेट्रोल पंप संचालकों को 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' का निर्देश

**बोकारो।** डीटीओ वंदना शेजवलकर ने पत्र जारी कर जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पंप परिसर में नो हेलमेट - नो पेट्रोल का बोर्ड अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया है। साथ ही इसे सख्ती से सुनिश्चित करने को कहा है। विभाग द्वारा जारी पत्र में लिखा गया है कि परिवहन विभाग झारखण्ड राँची के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सुरक्षा के दृष्टिकोण से दो पहिया वाहन परिचालन के क्रम में हेलमेट का प्रयोग चालक के साथ-साथ पिछे बैठने वाले व्यक्ति को भी किया जाना अत्यंत आवश्यक है। विभाग के टीम द्वारा निरीक्षण के क्रम में ऐसा नहीं पाए जाने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के विरूद्ध नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों ने किया दांतु खेतको चलकरी पथ जाम

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत दांतू-खेतको-चलकरी पथ के सोनपुरा गांव करमाली टोला के मदन करमाली घर के सामने ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई।

बताया जाता है कि खेतको की ओर से आ रहा अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर तथा कसमार की ओर से बालू बेचकर लौटने के क्रम में दोनों ट्रैक्टर का सीधी भिड़ंत हो जाने से खाली ट्रेक्टर मदन करमाली के बरामदे की मुड़ गया जिससे बरामदे में बैठे दोनों बच्चों को चपेट ले लिया। जिससे श्रीयांश करमाली गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ढ़ाई वर्षीय बच्ची रिद्धिमा कुमारी को भी हल्की चोटें आई। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों बच्चों को बीजीएच ले जाया गया जहां इलाज के दौरान श्रीयांश की शाम को मौत हो गई। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों ट्रैक्टर को रोक कर दोनों चालकों को भी पकड़ कर पुलिस के जिम्मे कर दिया।

उसके बाद मुआवजे की मांग को लेकर दांतू -खेतको-चलकरी पथ को जाम कर दिया। घटनास्थल पर सुबह से ही कसमार सीओ प्रवीण कुमार थाना के अलावा पेटरवार व जरीडीह थाना प्रभारी भी दल बल के साथ डटे रहे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। जेएलकेएम नेत्री पूजा कुमारी ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से ही दांतू- खेतको- चलकरी पथ में अवैध बालू व कोयले की करोबार चल रहा है। बिना नंबर लगा एक ट्रैक्टर खेतको निवासी अख्तर अंसारी तथा दूसरा ट्रेक्टर कामेश्वर यादव का है।

मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज जेएलकेएम नेत्री पूजा महतो सोनपूरा मुखिया चंद्रशेखर हेम्ब्रम दांतू मुखिया चंद्रशेखर नायक जेएलकेएम नेता भुनेश्वर महतो प्रशांत कुमार महतो अरविंद सिंह उपेंद्र करमाली कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो जरीडीह थाना प्रभारी विक्रम कुमार सिंह पेटरवार थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा जिला पुलिस दलबल चौंकीदार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## वेदांता ने जीविका परियोजना के तहत अगरबत्ती निर्माण इकाई का किया उद्घाटन

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए दृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से बोकारो के मधुनिया में अपने महिला सशक्तिकरण पहल प्रोजेक्ट जीविका के तहत अगरबत्ती निर्माण इकाई का उद्घाटन किया। नई इकाई का उद्देश्य मधुनिया में महिलाओं को कौशल-आधारित प्रशिक्षण और उद्यमशीलता के अवसरों से लैस करके उनके लिए स्थायी आजीविका बनाना है। यह परियोजना महिलाओं को बांस हस्तशिल्प मुर्गी पालन मशरूम की खेती और डिटर्जेंट उत्पादन जैसे विभिन्न व्यवसायों में सूक्ष्म-उद्यमों को विकसित करने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों से लैस करने पर केंद्रित है। उद्घाटन समारोह सम्मानित अतिथियों वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा दृष्टि फाउंडेशन के प्रोजेक्ट लीड राजीव रंजन मधुनिया पंचायत के मुखिया प्रदीप कुमार और वार्ड सदस्य अब्दुल जब्बार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मौके पर वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि वेदांता ईएसएल में हम आर्थिक और सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने में महिलाओं की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास करते हैं। हमें ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने समुदायों में सार्थक योगदान देने के लिए उपकरण और अवसर प्रदान करने पर गर्व है। इस पहल को स्थानीय समुदाय से अपार समर्थन मिला है।

**खबर एक नजर में**

## कथारा के प्रतिनिधिमंडल दल के सदस्यों ने महामंत्री से की मुलाकात

**कथारा।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल दल के सदस्यों ने संगठन के महामंत्री राजेश कुमार सिंह से बेरमो स्थित संगठन के मुख्यालय में मुलाकात करने का कार्य किया। यहां संगठन के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम, कथारा कोलियरी के शाखा अध्यक्ष नागवंत प्रसाद, जारंगडीह कोलियरी के शाखा के सचिव खगेश्वर रजक ने कथारा क्षेत्र से संबंधित सीसीएल मुख्यालय स्तर पर पहल करने से ही सुलझने वाले एक 17 सूत्री मांगपत्र सौपने का कार्य किया। यहां प्रतिनिधिमंडल दल के सदस्यों ने महामंत्री श्रीसिंह से आग्रह किया कि कल 28 दिसंबर को सीसीएल संयुक्त संचालन समिति की बैठक आहूत हैं। इसमें कथारा क्षेत्र के लिए अति जरूरी इन मामलो को रखकर समस्या का समाधान करवाने का कार्य करें। महामंत्री श्रीसिंह ने आश्वस्त किया कि इन मामले को रांची के सीसीएल मुख्यालय में आयोजित जेसीएससी की बैठक में रखने का कार्य करेंगे।

## अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में वीर बाल दिवस मनाया गया

**बेरमो।** शुक्रवार को वीर बाल दिवस बड़े ही धूम धाम से मनाया गया।जिसका शुभारंभ वंदना सभा में प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा सचिव अमित कुमार सिंह,पूर्व कोषाध्यक्ष दयानन्द बरनवाल के द्वारा सामूहिक रूप से फतेह सिंह और जोरावर सिंह के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया।प्रधानाचार्य ने बताया कि बहुत ही छोटे उम्र में अपनी धर्म निष्ठा की लाज बचाने के लिए अपनी जीवन की आहुति दे दी।यह प्रेरणा उनको अपने पिता दशमेश गुरु गोविंद सिंह से मिला जिसका उन बच्चों ने लाज रखा।ओर इस्लाम कबूल करने से मना कर दिए।जिसके कारण उनको जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया।आज के समाज के भैया बहनों को उनके जीवन से सिख लेनी चाहिए कि अपने जीवन में कभी भी देश सेवा ओर धर्म रक्षा हेतु अवसर मिले हमेशा तत्पर रहना चाहिए।अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व कोषाध्यक्ष दयानन्द बरनवाल ने कहा कि देश सेवा ओर धर्म रक्षा के बिना मनुष्य पशु समान है।

## दो ट्रेक्टर का आपस में जोरदार भिड़ंत, दो बच्चे घायल, एक की स्थिति नाजुक

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल स्थित कसमार थाना क्षेत्र के दांतु - खेतको मुख्य मार्ग में सोनपुर करमाली टोला के समीप दो ट्रैक्टरों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिसके चपेट में आने से दो बच्चे घायल हो गए। इसमें एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना सुबह लगभग 7:00 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेतको के दामोदर नदी से ट्रैक्टर में बालू लोड कर दांतु की ओर आ रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से जा रही ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इसी दौरान सोनपुर करमाली टोला निवासी युधिष्ठित करमाली उर्फ नीरज का पुत्र श्रियांश कुमार(4) एवं सूरज करमाली की पुत्री रिद्धिमा कुमारी (3) घर के बरामदे में खेल रहे थे। दोनों बच्चे ट्रैक्टर के चपेट में आ गए। इस दुर्घटना में श्रियांश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। रिद्धिमा कुमारी को हल्की चोट लगी।

## विस्थापितों का सेमिनार आज

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल के विस्थापित अपनी लंबित मांगो की पूर्ती के लिए अब आरपार की लड़ाई लड़ेगा। 6 जनवरी से बेरमो कोयलांचल में सीसीएल के तीनों प्रक्षेत्रो का बेमियादी चक्काजाम आंदोलन को धारदार बनाने के निमित्त 28 दिसंबर को बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड में विस्थापितों का सेमिनार आहूत किया गया है। सेमिनार को डुमरी के विधायक जयराम महतो समेत कई विस्थापित नेताओं द्वारा संबोधित किया जाएगा. शुक्रवार को करगली में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष काशीनाथ सिंह की अध्यक्षता में संपन्न बैठक के बाद इस आशय की सूचना दी गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। समिति के नेताओं ने कहा कि विस्थापितों के साथ प्रबंधन की वादाखिलाफी के खिलाफ 6 जनवरी से होनेवाले बेमियादी चक्काजाम में बेरमो कोयलांचल के सभी विस्थापितों नें कमर कस लिया है।

## साइकिल चोरो की पहुच कॉलोनी व आबादी वाले क्षेत्रों में भी

**बेरमो।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के कुरपनिया पंचायत के कुरपनिया पानी टंकी एरिया में स्थित मदरसा के समीप आज दोपहर जुमा के नमाज के समय एक अजीब घटना घट गई। जिस घटना ने कॉलोनी वासियों की चिंता बढ़ा दी है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मदरसा के बाहर गेट के समीप अनेको बाइक व साइकिल आदि खड़ी कर लोग मदरसा के भीतर जुमे की नमाज अदा कर रहे थे। इसी सन्नाटे का लाभ उठा एक अज्ञात युवक वहां पहुचा और उक्त गाड़ियों के बीच खड़ी साइकिल को निकाल उसे चलाता हुआ वहां से निकल गया। जिस घटना की पुरी तस्वीर वहां पास मे लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

## सीबीएसई आर्यभट्ट गणित में डीपीएस बोकारो/चास के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के कक्षा 10 के छात्र कुणाल आनंद आयुष लच्छीरामका और शीर्ष क्रेजिया ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2024 में शानदार सफलता प्राप्त की है। इन तीनों ही बच्चों ने सीबीएसई पटना क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ 100 विद्यार्थियों की मेधाविता सूची में अपनी जगह पक्की करने में कामयाबी पाई है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने तीनों सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। डीपीएस चास के नौवीं कक्षा के कृशांग तरेनिया तथा दसवीं कक्षा के अमन कुमार ने आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2024 में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन एवं निदेशिका ने दोनों सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीबीएसई कक्षा आठवीं से 10वीं के छात्रों के लिए आर्यभट्ट गणित चैलेंज आयोजित करता है।

# फुटबॉल प्रतियोगिता में भर्रा एकादश टीम ने जीता



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल की मेजबानी में सीएसआर तथा स्पोर्ट्स विभाग के सौजन्य से आयोजित बोकारो ग्रामीण फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब परिक्षेत्रीय गांवों की 47 टीमों के बीच भर्रा बस्ती की भर्रा एकादश टीम ने जीत लिया है। फाइनल मैच में भर्रा एकादश ने झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस के ग्रामीण क्षेत्र की टीम जेजीओएम को पेनाल्टी शूटआउट में 03-02 से पराजित कर जीत का सेहरा अपने नाम किया। समापन समारोह में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। मौके पर ईडी राजन प्रसाद सुश्री राजश्री बनर्जी विकास मनवटी बीजीएच प्रभारी डॉ बीबी करुणामय सीजीएम लक्ष्मी दास जीएम एके अविनाश एजीएम सुभाष रजक वरीय प्रबंधक नीरज कुमार त्रिपाठी सहित खेल प्रेमी मौजूद थे। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और उन्हें बधाई दी।

## नशे में धूत बाईक सवार ने सड़क किनारे बैठी दो महिला को रौंदा, एक की मौत

**दुमका।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग-अलग हुए सड़क दुर्घटना में जहा एक महिला की मौत हो गई। वहीं करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। जहां नशे में धूत बाईक सवार के चपेट में सड़क किनारे बैठी दो महिला में एक महिला की मौत हो गई। घटना जिले के दिग्घी विश्वविद्यालय ओपी थाना क्षेत्र के गोलपुर-श्रीअमड़ा मुख्य पथ पर शुक्रवार की दोपहर में घटी। दुर्घटना में घायल 70 वर्षीय महिला कैराबनी गांव निवासी पहाड़िया महिला श्रीमति देहरीन की इलाज के दौरान फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। वहीं घायल महिला फुलमुनि किस्कू, पति मुखिया मुर्मू है। जानकारी के अनुसार जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ननकु कुरूवा गांव निवासी बिक्रम खैरा, पिता राजेश्वर खैरा अपने दो अन्य साथियों के साथ नशे में धूत होकर तेजी व लापरवाही से बाईक चलाते श्रीअमड़ा की ओर जा रहा था।

# बस और हाईवे की जबरदस्त टक्कर दर्जनों गंभीर



दुमका एक्सीडेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भागलपुर स्टेट हाईवे पर रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडारों गांव के समीप शुक्रवार को पुष्पांजलि बस एवं हाईवा से टक्कर होने से दर्जनो सवार घायल हो गये। जानकारी के अनुसार पुष्पांजलि बस दुमका से हँसडीहा की ओर जा रही थी। वही दूसरी ओर से हाईवा ट्रक जो हँसडीहा से दुमका की ओर जा रही थी। ओवरटेक करने के क्रम में भंडारो गांव के समीप पुष्पांजलि बस एवं हाईवा का जबरदस्त टक्कर हो गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुष्पांजलि बस के आगे केबिन के फरकच्चे उड़ गए। पुष्पांजलि बस में बैठे दर्जनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों गाड़ी में टक्कर होते ही पीछे से आ रही हाईवा ट्रक अपना नियंत्रण खो आगे हाईवे को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया। बस चालक की सूझबूझ के कारण ही बहुत से यात्रियों की जान भी बच सकी। चुकी जब बस ड्राइवर ने सामने से आ रही ट्रक को अचानक देखा तो बस को सड़क किनारे गड्ढे में घुसा दिया। जिससे बहुत से यात्रियों की जान बची।

## डालमिया सीमेंट ने संस्थापक के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड के संस्थापक स्व जयदयाल डालमिया के जन्म दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें कंपनी द्वारा विभिन्न पंचायतों एवं स्थानों पर जनसेवा के कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। गोडाबाली दक्षिणी के सामुदायिक केंद्र में मार्गदर्शक शक्ति एवं संस्थापक स्व जयदयाल डालमिया के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख सुनील कुमार भूसारी ने डालमिया की तरफ से स्थानीय समुदाय एवं उपक्रम के आसपास के ग्रामीणों के बीच किए जा रहे जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए उपस्थित जनसमूह को यह आश्वासन दिया कि किसी भी कल्याणकारी कार्य को करने में डालमिया सीमेंट कभी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित तीस महिलाओं को सीएसआर के तहत सिलाई मशीन का वितरण करते हुए लाभार्थियों से अपील की कि डालमिया द्वारा किए जा रहे प्रयासों का सहभागी बनते हुए अपना ज्यादा से ज्यादा योगदान समाज के कल्याण के लिए दें। इसके पश्चात गोडाबाली उतरी पंचायत भवन में तकनीकी प्रमुख देवी प्रसाद दास के हाथों 15 लाभार्थियों को सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इसी क्रम में माराफारी स्थित गोविंद माध्यमिक विद्यालय में बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री का वितरण गरीब परिवारों के चिन्हित साठ बच्चों के बीच किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि सुनील कुमार भूसारी के नेतृत्व में बोकारो दीक्षा केन्द्र में एक नये ट्रेड मैकेनिकल एवं फिटर ट्रेड के वर्कशॉप का उद्घाटन किया गया।

# बेरमो विधायक व यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल क्षेत्रीय पदाधिकारी का बढ़ाया हौसला : आरसीएमयू

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो के विधायक व आरसीएमयू के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह कथारा पहुंच कर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह हाल-चाल लिया। विगत दोनों अस्वस्थ होने के कारण अजय कुमार सिंह इलाज रत थे। आवास पहुंचने पर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस और कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह विधायक की अगुवानी की। मौके पर हाल-चाल जानने के बाद मौके पर शरीक यूनियन के क्षेत्रीय और शाखा के पदाधिकारी को विधायक ने भरोसा दिलाया कि जिस प्रकार आप लोगों ने इस बार के चुनाव में जीत के अंतराल को बढ़ाया है।

इस भरोसा के कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा लेकिन यूनियन के पदाधिकारी को मजदूरों के हर सुख दुख में शामिल होकर उनके विश्वास को जितना प्राथमिकता होनी चाहिए। मजदूरों के हक और अधिकार की रक्षा यूनियन का परम कर्तव्य है। और इसका निर्वाह यूनियन के पदाधिकारी को करना है। जल्द ही श्रमिक समस्याओं को लेकर मुख्यालय प्रबंधन से लेकर क्षेत्रीय प्रबंधन के बीच समस्याओं के निराकरण को लेकर वार्ता होगी हमारे मजदूर पीड़ित ना हो इसका ख्याल रखा जाएगा। बेरमो का चौमुखी विकास लोगों का विश्वास कायम रहे इसके लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा। दूसरी बार विधायक निर्वाचित होने के बाद पहली बार कथारा पहुंचे विधायक अनूप सिंह का यूनियन के पदाधिकारी और सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया साथ के पुष्प गुच्छ देकर और शाल ओढ़ा कर स्वागत किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह उपाध्यक्ष राजेश शर्मा चंद्रशेखर प्रसाद क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस सहायक सचिव आशीष चक्रवर्ती सहायक सचिव विजय यादव प्रवीण कुमार सिंह सुजीत कुमार मिश्रा राकेश कुमार देवाशीष आश बी एन तिवारी प्रमोद यादव गोपाल राम संतोष सिन्हा हेमंत कुमार शशि कुमार भारत मेहता लकी सिंह धनेश्वर यादव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## फुसरो नगर परिषद मे पदाधिकारियों की अहम बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** नगर परिषद फुसरो के नोडल पदाधिकारी -सह- प्रशासक श्री राजीव रंजन कुमार के निर्देश पर आज दिनांक - 27.12.2024 को नगर परिषद फुसरो के कार्यालय सभागार में प्रगणकों के रूप में संबधित शिक्षक एवं अनुश्रवण समिति के सदस्य कार्यालय कनीय अभियंता व स्ट्रीट लाइट निरीक्षक को शहरी क्षेत्र में पिछड़े वर्ग सर्वेक्षण के बारे में बतलाया गया। जिसमें प्रगणकों के द्वारा प्रपत्र-1 में वांछित सूचना अंकित करना है तथा अनुश्रवण समिति द्वारा उक्त प्रपत्र-1 में अंकित सूचना का अनुमोदन का कार्य किया जाना है। चुकी शहरी क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण का कार्य बुधवार से शुरू हो गया है। शहरी क्षेत्र के सभी 28 वार्ड के लिए 36 प्रगणकों कि प्रतिनियुक्ति करी गई है प्रगणक डोर टू डोर जाकर सर्वे का कार्य कर रहे हैं सर्वे के क्रम में लोगों से उनका नाम उम्र एवं जाति का विवरण लिया जा रहा है। इसके आंतरिक प्रत्येक वार्ड में तीन सदस्य अनुश्रवण समिति का भी गठन किया गया जिसमें निवर्तमान वार्ड परिषद, कनिया अभियंता, स्ट्रीट लाइट निरीक्षक एवं एक सरकारी कर्मचारी है जो किसी भी तरह के विवादों का निपटारा करेंगे। नोडल पदाधिकारी - सह- प्रशासक के द्वारा लोगों से अपील की गई है कि प्रगणकों को सहयोग करें और जरूरी जानकारी उपलब्ध करायें।

## पेज एक का शेष

### आज का मंईयां...

झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि अगर दोबारा उनकी सरकार बनती है तो मंईयां सम्मान योजना के तहत दी जाने वाली राशि को 1,000 रु प्रतिमाह से बढ़ाकर 2,500 रु. प्रतिमाह कर दिया जाएगा. लिहाजा, सरकार बनते ही सबसे पहले सीएम की पहल पर कैबिनेट में इस फैसले पर मुहर लगी थी।

### डॉ. सिंह का जीवन...

वहीं प्रधानमंत्री के रूप में देश के विकास और प्रगति में डॉ. सिंह के योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोगों और देश के विकास के प्रति डॉ. सिंह की प्रतिबद्धता को हमेशा उच्च सम्मान में रखा गया है।

**ईमानदारी और सादगी की मिसाल थे :** पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. सिंह का जीवन उनकी ईमानदारी और सादगी का प्रतिबिंब था। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह का प्रतिष्ठित संसदीय करियर उनकी विनम्रता, सौम्यता और बुद्धिमत्ता से चिह्नित था। प्रधानमंत्री ने याद किया कि इस वर्ष की शुरूआत में राज्यसभा में डॉ. सिंह के कार्यकाल के अंत में भी, उन्होंने सभी के लिए प्रेरणा के रूप में डॉ. सिंह के समर्पण की प्रशंसा की थी। अपनी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद, डॉ. सिंह ने अपने संसदीय कर्तव्यों को पूरा करते हुए व्हीलचेयर पर महत्वपूर्ण सत्रों में भाग लिया। डॉ. सिंह को हमेशा एक दयालु व्यक्ति, एक विद्वान अर्थशास्त्री और सुधारों के लिए समर्पित नेता के रूप में याद किया जायेगा। पीएम ने कहा कि प्रतिष्ठित वैश्विक संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करने और शीर्ष सरकारी पदों पर रहने के बावजूद, डॉ. सिंह अपनी साधारण पृष्ठभूमि के मूल्यों को कभी नहीं भूले। डॉ. सिंह हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी दलों के लोगों से संपर्क बनाये रखते थे ।

### अबुआ आवास योजना की ...

**पाकुड़ में सर्वाधिक काम :** जानकारी के अनुसार इस योजना से अब तक 28 फीसदी आवास पर काम शुरू हुआ है। पाकुड़ में सर्वाधिक काम किया गया है। लंबे समय से राशि नहीं मिलने की वजह से योजना का काम अटका हुआ था। ग्रामीण विकास विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन योजनाओं में ढलाई तक का काम हो गया है उसे अविलंब चौथी किस्त की राशि दी जाये। इसी तरह अन्य चरणों के हिसाब से भी राशि दी जायेगी। अबुआ आवास योजना से पहले वित्तीय वर्ष 2 लाख आवास स्वीकृत किये गये थे। प्रत्येक लाभुक को तीन कमरे के आवास के लिए 2 लाख रुपये का आवंटन किया जाना है।

## स्पीड न्यूज

### सुजुकी मोटर के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी का निधन

नयी दिल्ली। सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वैश्विक ऑटो उद्योग में एक आइकन रहे जापानी ब्रांड के पूर्व अध्यक्ष ने चार दशकों से ज्यादा समय तक संगठन का नेतृत्व किया। उन्होंने 2021 में 91 वर्ष की आयु में ब्रांड के अध्यक्ष का पद छोड़ दिया था। ओसामु सुजुकी के सबसे बड़े बेटे तोशीहिरो सुजुकी के के अनुसार ओसामु का निधन 25 दिसंबर को हुई।

### नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा स्थगित

पटना । पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के शोक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा 27 और 28 दिसंबर को स्थगित रहेगी। मुख्यमंत्री सचिवालय सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मनमोहन सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री की 27 और 28 दिसंबर, 2024 की प्रगति यात्रा कार्यक्रम स्थगित कर दी गई है।

### खैबर पख्तूनख्वा में 15 आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिछले दिनों सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए 15 आतंकवादियों में से एक की पहचान कुख्यात कमांडर नूर मोहम्मद के रूप में हुई है। मुठभेड़ में सेना का एक अधिकारी भी शहीद हो गया।

### 26/11 हमले का गुनहगार आतंकी मक्की की मौत

इस्लामाबाद। मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबी रिश्तेदार और प्रतिबंधित जमात–उद–दावा के उप प्रमुख हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की शुक्रवार को लाहौर में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मक्की को आतंकवाद विरोधी अदालत ने 2020 में आतंकवाद की फंडिंग के मामले में छह महीने की कैद की सजा सुनाई थी।

### द. कोरिया में गहराया राजनीतिक संकट

सोल, । साउथ कोरिया की नेशनल असेंबली ने शुक्रवार को कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक–सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित कर दिया। उन्हें राष्ट्रपति यून सूक योल की जगह लिए अभी दो सप्ताह का समय भी पूरा नहीं हुआ था। यून के खिलाफ भी मार्शल लॉ लागू करने के लिए महाभियोग प्रस्ताव पारित हुआ था।

### सेंसेक्स 226 और निफ्टी 63 अंक चढ़ा

मुंबई। ऑटो, हेल्थकेयर, एफएमसीजी, आईटी और टेक जैसे समूहों में हुयी लिवाली से सेंसेक्स 226 अंक बढ़कर 78699 अंक पर और निफ्टी 63 अंक चढ़कर 23813 पर पहुंचा। मिडकैप 0 .08 प्रतिशत फिसलकर 46325 अंक पर रहा । स्मॉलकैप 0 .28 फीसदी चढ़कर 55048 अंक पर पहुंच गया।





नयी दिल्ली में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। राजनाथ सिंह और अमित शाह ने भी किया नमन।





नयी दिल्ली में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देतीं सोनिया गांधी। साथ में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे।

# आर्थिक उदारीकरण के पुराधा थे मनमोहन सिंह

## 1991 में लिए थे कई बड़े फैसले

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री के रूप में भी काम किया। उनके नाम पर कई बड़ी उपलब्धियां हैं, जब देश 90 के दशक में आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा था, तब बतौर वित्त मंत्री उन्होंने कई बड़े फैसले लिए, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल दी। आर्थिक उदारीकरण में उनका विशेष योगदान रहा है। आर्थिक सुधारों के जनक डॉ. सिंह को 1991 के अपने उस ऐतिहासिक केंद्रीय बजट की व्यापक स्वीकृति सुनिश्चित करने के लिए अग्नि परीक्षा का सामना करना पड़ा था, जिसने देश को अपने सबसे खराब वित्तीय संकट से उबारा था। भारत के आर्थिक सुधारों के शिल्पकार डॉ. सिंह ने 1991 के ऐतिहासिक केंद्रीय बजट को मंजूर करवाने के लिए काफी संघर्ष किया था। यह वही बजट था, जिसने भारत को सबसे गंभीर वित्तीय संकटों से उबारते हुए नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। पार्टी के दबाव में डॉ. सिंह ने उर्वरक की कीमतों में 40 फीसदी वृद्धि को घटाकर 30 फीसदी करने पर सहमति दी, लेकिन एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को जस का तस रखा। वर्ष 1991 का यह बजट और इसके बाद का घटनाक्रम न केवल भारत की वित्तीय स्थिरता का आधार बना, बल्कि इसने यह साबित किया कैसे मुश्किल परिस्थितियों में दूरदर्शिता और दृढ़ता से एक नई दिशा तय की जा सकती है। डॉ. सिंह को देश के आर्थिक उदारीकरण का पुरोधा कहा जाता है। अर्थशास्त्र पर उनकी गहरी पकड़ थी। वर्ष 1991 में नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री रहते हुए उन्हें देश में लाइसेंस राज को खत्म करने का श्रेय जाता है। सिंह के द्वारा किए गए सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नई राह दिखाई। डॉ. सिंह ने जब 1991 वित्त मंत्रालय की बागडोर संभाली थी, तब भारत का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8.5 फीसदी के करीब था, भुगतान संतुलन घाटा बहुत ज्यादा था और चालू खाता घाटा भी जीडीपी के 3.5 फीसदी के आसपास पहुंच गया था। भारत के पास जरूरी आयात का खर्च जुटाने के लिए केवल दो हफ्ते विदेशी मुद्रा ही शेष बचा था। देश को अपना सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास गिरवी रखना पड़ा था। हालांकि, मनमोहन ने वित्त मंत्री का पद संभालने के बाद अपने दूरदर्शी फैसलों से देश को आर्थिक संकट के दौर से निकालने में कामयाब रहे। आगे चलकर देश का गिरवी रखा सोना भी आरबीआई को लौटाया गया। राव सरकार में 1991 में वित्त मंत्री बने डॉ. सिंह ने इस चुनौती को बड़ी ही कुशलता से संभाला। बजट के बाद पत्रकारों के तीखे सवालों का सामना करने से लेकर कांग्रेस नेताओं के असंतोष को शांत करने तक, उन्होंने हर कदम मजबूती से उठाया था। इसकी वजह से ये बजट न केवल भारत को लगभग दिवालियापन से बचाने में सफल रहा, बल्कि देश को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने में भी मददगार साबित हुआ।

### मुख्य बातें

- पार्टी के दबाव में उर्वरक की कीमत 40 से घटाकर 30 फीसदी करने पर दी थी मंजूरी और एलपीजी और पेट्रोल के दाम में वृद्धि को जस का तस रखा था
- 1991 में लाइसेंस राज को खत्म किया समाप्त
- दूरदर्शी फैसलों से देश को आर्थिक संकट उबारा था



## डॉ. मनमोहन सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति : सोनिया गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शुक्रवार शाम जारी अपने शोक संदेश में सोनिया गांधी ने कहा कि डॉ. सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। वे मेरे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। सोनिया गांधी ने कहा कि डॉ. सिंह के निधन से हमने एक ऐसे नेता को खो दिया है जो ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे, जिन्होंने पूरे दिल और दिमाग से हमारे देश की सेवा की। कांग्रेस के लिए एक उज्ज्वल और प्रिय मार्गदर्शक, उनकी करुणा और दूरदर्शिता ने लाखों भारतीयों के जीवन को बदल दिया और उन्हें सशक्त बनाया। उन्हें भारत के लोगों द्वारा उनके शुद्ध हृदय और उत्तम बुद्धि के लिए प्यार किया जाता था। उनकी सलाह, बुद्धिमत्तापूर्ण सलाह और विचारों को हमारे देश के राजनीतिक स्पेक्ट्रम में उत्सुकता से मांगा जाता था और उनका बहुत सम्मान किया जाता था। दुनियाभर के नेताओं और विद्वानों द्वारा सम्मानित और

### ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे पूर्व प्रधानमंत्री

प्रशंसित, उन्हें अत्यधिक ज्ञान और कद के राजनेता के रूप में सम्मानित किया गया। डॉ. सिंह ने अपने द्वारा संभाले गए प्रत्येक उच्च पद पर प्रतिभा और विशिष्टता लाई। उन्होंने भारत को गौरव और सम्मान दिलाया। सोनिया ने कहा कि डॉ. सिंह अपने व्यवहार में बहुत ही सौम्य थे लेकिन अपनी गहरी मान्यताओं के प्रति बहुत दृढ़ थे। सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता गहरी और अटूट थी। उनके साथ कुछ भी समय बिताना, उनके ज्ञान और बुद्धिमत्ता से प्रबुद्ध होना, उनकी ईमानदारी और निष्ठा से प्रभावित होना और उनकी वास्तविक विनम्रता से अभिभूत होना था। वे हमारे राष्ट्रीय जीवन में एक ऐसा शून्य छोड़ गए हैं जिसे कभी नहीं भरा जा सकता। हम कांग्रेस में और भारत के लोग हमेशा गर्व और आभारी रहेंगे कि हमारे पास डॉ. मनमोहन सिंह जैसे नेता थे जिनका भारत की प्रगति और विकास में योगदान अतुलनीय है।

### कांग्रेस कार्य समिति ने पूर्व प्रधानमंत्री के योगदान को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

नयी दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति की शुक्रवार शाम पार्टी मुख्यालय में एक बैठक में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। कार्य समिति ने डॉ. मनमोहन सिंह के स्थायी योगदान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

बैठक में पारित प्रस्ताव के बारे में पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बताया कि उनके आर्थिक सुधार, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का दृष्टिकोण पार्टी को हमेशा प्रेरित करेगा और मार्गदर्शन करेगा। उन्होंने ईमानदारी, परिश्रम और सहानुभूति के जो आदर्श स्थापित किए, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक दीपस्तंभ बने रहेंगे। पार्टी उनके मूल्यों को अक्षुण्ण रखते हुए एक समृद्ध और एकजुट भारत बनाने की दिशा में काम करेगी। डॉ. सिंह का नेतृत्व और अर्थशास्त्र में उनका योगदान हमेशा जीवित रहेगा और हम सभी को प्रेरित करेगा, ताकि हम अपने महान देश की प्रगति और समृद्धि में योगदान दे सकें। कार्य समिति ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक जताया और कहा कि उनके जीवन और कार्यों ने भारत के भविष्य को दिशा दिखायी। डॉ. सिंह , भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक विशाल व्यक्तित्व थे, जिनके योगदान ने देश को रूपांतरित किया और उन्हें विश्वभर में सम्मान प्राप्त हुआ। 1990 के दशक के प्रारंभ में वित्त मंत्री के रूप में डॉ. सिंह भारत के आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार थे। अपनी अद्वितीय दूरदृष्टि के साथ उन्होंने ऐसे सुधारों की शुरूआत की, जिन्होंने न केवल देश को भुगतान संकट से उबारा, बल्कि वैश्विक बाजारों के लिए द्वार खोले। उनके द्वारा किए गए विनियमन, निजीकरण और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने वाले नीतिगत कदमों ने भारत के तेजी से विकास की नींव रखी। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया, जो उनकी प्रतिभा और दृष्टिकोण का प्रमाण है।

# नौसेना ने एमएच 60आर हेलीकॉप्टर को किया ऑपरेशनल

एजेंसी

- नौसेना की आंख और कान बनकर रोमियो हेलिकॉप्टर लंबी दूरी तक दुश्मन को करेगा सफाया
- अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर भारत ने खरीदा था

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना ने अमेरिका से खरीदे जा रहे 24 एमएच 60आर हेलीकॉप्टरों में से पहले नौ को बेड़े के जहाजों पर ऑपरेशनल कर दिया है। इन बहु भूमिका वाले हेलीकॉप्टरों ने भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को काफी हद तक मजबूत किया है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी। भारतीय नौसेना ने इसी साल 06 मार्च को पारंपरिक वॉटर कैनन सलामी के साथ कोच्चि के आईएनएस गरुड़ पर अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर की पहली स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से हवाई बेड़े में शामिल किया था। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है। एमएच 60आर हेलीकॉप्टर दुनिया का शक्तिशाली बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर है, जो देश की समुद्री क्षमताओं को बढ़ाने के साथ ही राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करेगा। अत्याधुनिक सेंसरों और मल्टी-मिशन क्षमताओं के साथ एमएच 60आर हमारी समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाएगा।

नौसेना ने अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर के उस सौदे के तहत खरीदे हैं, जो फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुआ था। इस सौदे के तहत अब तक नौ एमएच-60आर



सीहॉक भारत आ चुके हैं। हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में सीहॉक की तैनाती भारतीय नौसेना की समुद्री उपस्थिति को मजबूत करेगी।

उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स सूट से लैस सीहॉक भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा जरूरतों के लिहाज से बनाया गया है, जो पारंपरिक और असममित दोनों खतरों के लिए उन्नत क्षमताएं प्रदान करते हैं। अमेरिकी नौसेना के साथ हुए अनुबंध के तहत सभी 24 हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति 2025 तक पूरी हो जाएगी। अत्याधुनिक मिशन सक्षम प्लेटफार्मों को शामिल करने से भारतीय नौसेना की विभिन्न एएसडब्ल्यू क्षमता को काफी बढ़ावा मिलेगा।

सभी हेलीकॉप्टर मिलने के बाद भारत को सतह-विरोधी और पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभियानों को अंजाम देने की क्षमता मिलेगी। साथ ही भारतीय नौसेना की त्रि-आयामी क्षमताओं में वृद्धि होगी। भारत अपनी बढ़ी हुई क्षमता का उपयोग क्षेत्रीय खतरों से निपटने और अपनी मातृभूमि की रक्षा को मजबूत करने के लिए करेगा। एमएच 60आर हेलीकॉप्टर भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ावा देने के साथ समुद्री डोमेन में निरंतर नौसैनिक संचालन का समर्थन करेगा। बहुउद्देश्यीय अमेरिकी समुद्री हेलीकॉप्टर एमएच-60आर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह रोधी युद्ध, खोज और बचाव, चिकित्सा निकासी के लिए डिजाइन किया गया है। इस हेलीकॉप्टर में नाइट विजन उपकरण, हेलिफायर मिसाइलें, एमके-54 टॉरपीडो और रॉकेट लगे हैं।

रोमियो हेलीकॉप्टर में लगे राडार और सेंसर न केवल पानी के अंदर, बल्कि पनडुब्बियों की पहचान करके समय रहते उनका शिकार भी कर सकेंगे। इस खूंखार शिकारी से हरेक पनडुब्बी का कैप्टन डरता है। यह हेलीकॉप्टर कई अलग-अलग तरह के हथियारों से लैस हो सकता है, क्योंकि इसमें हथियारों को लगाने के लिए चार प्वाइंट्स दिए गए हैं। सुरक्षा के लिए इसमें 7.62 एमएम की मशीन गन को भी लगाया जा सकता है।

### किसी भी यूपीआइ एप से वॉलेट में रुपये भेजने को मंजूरी

मुंबई। आरबीआई ने शुक्रवार को प्रीपेड कार्डधारकों को तीसरे पक्ष वाले मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई भुगतान करने और भुगतान पाने की अनुमति दे दी। आरबीआई के इस निर्णय से गिफ्ट कार्ड, मेट्रो रेल कार्ड और डिजिटल वॉलेट जैसे पीपीआई (प्रीपेड उत्पाद) धारकों को अधिक सुविधा होगी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि तीसरे पक्ष वाले यूपीआई ऐप के जरिये पूर्ण-केवाईसी वाले प्रीपेड भुगतान उपकरणों से यूपीआई भुगतान को सक्षम करने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह पीपीआई को यूपीआई भुगतान पाने की भी मंजूरी होगी। आरबीआई ने कहा कि एक पीपीआई जारीकर्ता ग्राहक को यूपीआई हैंडल से जोड़कर केवल अपने पूर्ण-केवाईसी वाले पीपीआई धारकों को यूपीआई भुगतान करने में सक्षम करेगा। जारीकर्ता के एप्लिकेशन पर पीपीआई से यूपीआई लेनदेन ग्राहक के मौजूदा पीपीआई पहचान का उपयोग करके प्रमाणित किया जाएगा।

